राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-01
लखनऊ, रविवार 13 अगस्त, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विपक्ष के सहयोग से चला सदनः महाना 02

अभिषेक ने अखिलेश यादव से की मुलाकात 03


सागर जिले के बड़तूमा में 11 एकड़ में 100 करोड़ की लागत से बनेगा संत रविदास का मंदिर

# पीएम ने संत रविदास स्मारक की रखी आधारशिला

## प्रधानमंत्री ने वैदिक मंत्रों के बीच विधि-विधान से संत रविदास भव्य मंदिर और स्मारक का भूमि-पूजन किया




**एजेंसी**

**सागर।** मध्य प्रदेश में सागर जिले के बड़तूमा में 100 करोड़ की लागत से 11 एकड़ भूमि में संत रविदास का भव्य और ऐतिहासिक मंदिर तथा विशाल स्मारक बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बड़तूमा पहुंचकर संत रविदास मंदिर और स्मारक की आधारशिला रखी। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने वैदिक मंत्रों के बीच विधि-विधान से यहां संत रविदास भव्य मंदिर और स्मारक का भूमि-पूजन किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की मौजूदगी में प्रदेश में पांच स्थानों से निकली समरसता यात्राओं का भी समापन हुआ। प्रधानमंत्री ने यहां संत रविदास मंदिर का माडल भी देखा। मुख्यमंत्री चौहान ने उन्हें मंदिर निर्माण के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ढाना में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री को सुनने के लिए सभास्थल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चौहान ने विगत 08 फरवरी को संत रविवाद जयंती के मौके पर यहां मंदिर और स्मारक निर्माण की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद यहां भव्य निर्माण किया जा रहा है। संत रविदास का नागर शैली से पत्थरों का भव्य मंदिर का निर्माण लगभग 10 हजार वर्गफिट क्षेत्रफल में किया जाएगा। साथ ही संस्कृति एवं रचनात्मक विशेषता के साथ संत रविदास के दर्शन को प्रदर्शित करने वाली एक विशेष शैली के इंटरप्रिटेशन म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। म्यूजियम का कुल क्षेत्रफल 14 हजार वर्गफिट होगा, जिसके अंतर्गत चार गैलरी निर्मित की जाएंगी। प्रथम गैलरी में संत रविदास के महान जीवन को प्रदर्शित किया जाएगा। दूसरी गैलरी संत रविदास के भक्ति मार्ग तथा निर्गुण पंथ में योगदान पर आधारित होगी। तृतीय गैलरी संत रविदास के दर्शन का विभिन्न मतों पर प्रभाव तथा रविदासिया पथ पर केंद्रित रहेगी, जबकि चतुर्थ गैलरी में संत रविदास के काव्योचित, साहित्य एवं समकालीन विवरण का समावेश रहेगा। इसके अलावा लाइब्रेरी एवं संगत हाल में संत रविदास के भक्ति मार्ग एवं दार्शनिक विचारों के समस्त साहित्य का संकलन उपलब्ध होगा। सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त लायब्रेरी भी होगी।

कुंड-मंदिर परिसर में संत रविदास मंदिर के समीप जलकुंड का प्रतीकात्मक रूप से निर्माण किया जाएगा। भक्त निवास का निर्माण लगभग 12 हजार वर्गफुट में किया जाएगा, जिसमें आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सर्व सुविधायुक्त वातानुकूलित 15 कक्ष बनाए जाएंगे। साथ ही 50 लोगों के ठहरने के लिए डोरमेट्री निर्मित की जाएगी। मंदिर परिसर में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए 15 हजार वर्गफिट में सर्व सुविधायुक्त वृहद फूड कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। संत रविदास के जीवन वृतांत का चित्रण समस्त परिसर में म्युरल स्कल्प्चर के माध्यम से किया जाएगा। मंदिर परिसर में दो भव्य प्रवेश द्वार, भव्य पार्किंग, सीसीटीवी, फायर फाइटिंग, लाइटिंग इत्यादि की समुचित व्यवस्थाएं निर्मित की जाएगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीतिः पीएम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति है। जी-20 देशों के सामूहिक प्रयास भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कोलकाता में आयोजित जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शहर कोलकाता में गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पहली बार जी-20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक भौतिक रूप से हो रही है। टैगोर के लेखन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने लालच के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि लालच हमें सच्चाई का अहसास करने से रोकता है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीबों और हाशिये पर रहने वाले लोगों पर पड़ता है। यह संसाधनों के उपयोग को प्रभावित करता है। बाजारों को विकृत करता है। सेवा वितरण को प्रभावित करता है और अंततः लोगों के जीवन की गुणवत्ता को कम करता है। अर्थशास्त्र में कौटिल्य का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने लोगों के कल्याण को अधिकतम करने के लिए राज्य के संसाधनों को बढ़ाना सरकार का कर्तव्य है। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भ्रष्टाचार से लड़ने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि यह अपने लोगों के प्रति सरकार का पवित्र कर्तव्य है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत पारदर्शी और जवाबदेह पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और ई-गवर्नेंस का लाभ उठा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं में लीकेज और कमियों को दूर किया जा रहा है।

गोरखपुर में विपक्ष पर बरसे योगी

# मुख्यमंत्री ने किया एथेनाल प्लांट का शिलान्यास




> कांग्रेस और सपा मिलती है तो अनर्थ ही करती हैं

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर में हैं और यहां उत्तर बिहार, नेपाल की तराई और पूर्वी उत्तर प्रदेश का औद्योगिक हब बन रहे गोरखपुर में एथेनाल प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस और सपा, जब भी मिलती हैं तो कुछ न कुछ अनर्थ ही करती हैं। उन्होंने कहा कि धुरियापार में चीनी मिल स्थापित किया जबकि यहां एक भी गन्ना पैदा नहीं होता था।

इसी कारण मिल एक भी दिन नहीं चली और कबाड़ के भाव बिकने को तैयार हो गई। वहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिला। अब वहां करीब आठ हजार एकड़ में औद्योगिक टाउनशिप बनाया जाएगा जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश दुनिया के सामने एक नजरी बन कर पेश किया है।

आज लोग उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था का उदाहरण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र के निवेशकों का उत्साह बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में आएंगे। वह गीडा सेक्टर 26 में मेसर्स केयान डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड की बॉटलिंग यूनिट का शिलान्यास करेंगे। केयान डिस्टलरी के एमडी विनय कुमार सिंह के मुताबिक इस यूनिट में 300 किलो लीटर प्रतिदिन एथेनाल और 200 किलो लीटर प्रतिदिन ईएनए की उत्पादन क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा।

करीब 31 एकड़ में लगने वाली इस यूनिट में 1200 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इसके क्रियाशील होने पर एक हजार लोगों को प्रत्यक्ष और एक हजार लोगों को परोक्ष रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि यह इंडस्ट्री ग्रेन बेस्ड यअनाज आधारितद्ध होगी यानी यहां उत्पादन के लिए चावलए मक्का व अन्य अनाज का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खास बात यह भी है कि यहां धान की भूसी और अन्य फसल अवशेष से चलने वाला बॉयलर व 15 मेगावाट टरबाइन का पावर प्लांट भी स्थापित किया जाएगा। इंडस्ट्री की जरूरत के बाद अवशेष बिजली बेच दी जाएगी। त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022 से प्रेरित होकर यह वेयरहाउस 1.23 लाख वर्गफुट में बनाया गया है। इसका एमओयू ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हस्ताक्षरित किया गया था। वेयरहाउसिंग की इस परियोजना में 30 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इससे करीब एक हजार लोगों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा।

# आत्मनिर्भर अभियान को मजबूती देगा नैनो डीएपीः अमित शाह

## देश के किसानों के जरूरी नैनो डीएपी लिक्विड से धरती को नहीं होगा नुकसान

**एजेंसी**



**गांधीधाम।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को दो दिवसीय प्रवास पर गुजरात पहुंचे। सुबह 11 बजे गांधीधाम के कंडला पोर्ट पर उन्होंने इफको के नैनो डीएपी (लिक्विड) प्लांट का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने नैनो डीएपी के कई फायदे गिनाते हुए कहा कि नैनो डीएपी देश के आत्मनिर्भर अभियान को मजबूती प्रदान करेगा। देश के विख्यात वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए शाह ने कहा कि साराभाई के कारण देश में औद्योगिक क्रांति आई। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समारोह में कहा कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य देशभर के किसानों को समृद्ध बनाना है। इस लक्ष्य में इफको भी हमारे साथ है। शाह ने कहा कि सहकारिता से समृद्धि का नारा दिया गया है। इस नए प्लांट में डीएपी का बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा। देश के किसानों के जरूरी नैनो डीएपी लिक्विड से धरती को भी नुकसान नहीं होगा। इसके साथ ही नैनो डीएपी, नैनो यूरिया लिक्विड का उत्पादन बढ़ेगा। यह लिक्विड जमीन के अंदर नहीं जाता है, पौधों के अंदर जाता है। इससे धरती को नुकसान नहीं होता है। इससे उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ जमीन का संरक्षण होगा। शाह ने कहा कि इसका उपयोग बढ़ने से खाद का आयात कम किया जा सकेगा और खाद उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

**संक्षिप्त**

### फौजी अवंतीपुरा आतंकी हमले में शहीद

**गिरिडीह।** जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के अवंतीपुरा में शनिवार सुबह आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में गिरिडीह (झारखंड) के अजय कुमार राय ने मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया। मूल रूप से देवरी थाना इलाके के ढेंगाडीह निवासी शहीद अजय कुमार राय का परिवार फिलहाल गिरिडीह के सिरसिया के पटेल नगर में किराये के मकान में रहता है। यह दुखद सूचना पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। घर पर लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है । परिवार के एक सदस्य ने बताया कि अजय कुमार राय की 2017 में सीआरपीएफ में पोस्टिंग हुई थी। हाल ही में उनकी ड्यूटी यहां पर लगाई गई थी।

### रविवार को भी खुलेंगे सभी स्कूल, निर्देश जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में 13 अगस्त यानी कल रविवार को भी सभी स्कूल खुलेंगे। राज्य सरकार ने यह निर्णय आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश भर में चल रहे हर घर तिरंगा व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के मद्देनजर लिया है। प्रदेश में सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सभी बच्चों को स्कूल में बुलाया जाएगा और उनके लिए एमडीएम भी बनाया जाएगा। सभी बच्चों और अध्यापकों का स्कूल आना जरूरी है। बता दें कि प्रदेश भर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सभी बेसिक व माध्यमिक के विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। यह कार्यक्रम 9 से 15 अगस्त के बीच चल रहे है। इसलिए 13 अगस्त रविवार को भी स्कूल खुलेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित होगा।

## उत्तराखंड में 14 अगस्त तक छह जिलों में रेड अलर्ट जारी

> 02 राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 164 सड़कें बाधित, गौरीकुंड में अब तक 07 शव बरामद,16 लापता, सर्च जारी

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रही बरसात से गंगा सहित अन्य सहायक नदियां उफान पर हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं लोगों पर आफत बन टूट रही है। इससे यात्रियों और लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में दो राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 164 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं। गौरीकुंड में अब तक 07 शव बरामद किये जा चुके हैं। राज्य में तीन दिनों के लिए कहीं-कहीं भारी से अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट सहित 16 अगस्त तक के लिए ऑरेंज और येलो जारी किया गया है। देहरादून सहित राज्यभर में सुबह से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाला हुआ है। हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश का दौर जारी है। सुबह से ही सूर्यदेव बादलों की ओट में छिपे हुए हैं। दोपहर डेढ़ बजे के करीब देहरादून सहित अन्य स्थानों पर मध्यम से तेज गति की बारिश हो रही है। आज शहर में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार के साथ गरज-चमक के साथ बरसात के तीव्र दौर की संभावना को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। हरिद्वार में गंगा का जल स्तर 292.65 मीटर के खतरे के निशान से नीचे बह रहा है।

## पीएम को हिंसा पर बोलने का अधिकार नहींः ममता

### प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ बोल रहे हैं लेकिन भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ हैं

**एजेंसी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में हुए खून-खराबे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर किए गए तीखे हमले के जवाब में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि उन्हें हिंसा और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री के भाजपा के पूर्वी क्षेत्र पंचायती राज कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करने के बाद जारी वीडियो में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हिंसा के बारे में बात की है। यह वास्तव में भाजपा की राज्य इकाई द्वारा योजनाबद्ध और प्रचारित किया गया था। ग्रामीण निकाय चुनावों के दौरान भाजपा समर्थित गुंडों ने लगभग 17 लोगों की हत्या कर दी।

प्रधानमंत्री को ऐसी बातें कहने से पहले राजनीतिक शिष्टाचार सीखना चाहिए। उन्हें ऐसे समय में पश्चिम बंगाल में हिंसा के बारे में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है जब वह मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने में वह असमर्थ हैं। बनर्जी ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को संबोधित करना ऐसे समय में प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता जब वह खुद भ्रष्टाचार के घेरे में हों। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफबोल रहे हैं लेकिन अपनी ही पार्टी के भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ हैं। पीएम केयर फंड से लेकर राफेल डील तक हर जगह भ्रष्टाचार हुआ है। यहां तक कि देश में नोटबंदी और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के निजीकरण का प्रयास भी सवालों से परे नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री को आम लोगों को हल्के में नहीं लेना चाहिए और उन्हें मूर्ख नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा, नोटबंदी भाजपा के हितों की पूर्ति के लिए की गई थी। नोटबंदी के फैसले के पीछे कोई राष्ट्रीय हित शामिल नहीं था।

## बड़ी कार्रवाईः गैंगस्टर डेविड की एक करोड़ की संपत्ति जब्त

> साथियों से मिलकर बाहर से आने वाली फंडिंग से धर्म परिवर्तन कराने का काम करता था

**सीतापुर । समृद्धि न्यूज**

जिले में पुलिस ने अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के क्रम में बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने गैंगस्टर अपराधी की अपराध से अर्जित तकरीबन 1 करोड़ 4 लाख रुपए की संपत्ति को जब्त किया है। पुलिस ने मुनादी कराकर संपत्ति को जब्त करते हुए नोटिस बोर्ड चस्पा कर संपत्ति को राजस्व में निहित कर दिया है। पुलिस का कहना है कि गैंगस्टर डेविड अपने साथियों से मिलकर बाहर से आने वाली फंडिंग से धर्म परिवर्तन करने का काम करता था। पुलिस का कहना है कि गैंगस्टर डेविड के पास आय का कोई स्रोत नहीं था। मामला सदरपुर थाना इलाके का है। 2022 में लखनऊ निवासी डेविड अस्थाना ने सदरपुर इलाके में जमीन खरीदकर ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करता था।

पुलिस के मुताबिक डेविड अपनी पत्नी और अन्य साथियों के साथ एक संगठित गिरोह बनाकर इलाके के ग्रामीणों को नौकरी और शादी का झांसा देकर हिन्दुओं को ईसाई धर्म मे परिवर्तन करने का काम करता था। पुलिस ने छापेमारी की कार्रवाई करते हुए डेविड अस्थाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि पत्नी उसकी फरार चल रही है।

## निलंबन को लेकर जरूरत पड़ी तो जाएंगे सुप्रीम कोर्टः अधीर रंजन

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनको नियमों को ताक पर रखकर लोकसभा से निलंबित किया गया है, इसलिए अगर जरूरत पड़ी तो वह सुप्रीम कोर्ट का भी रुख करेंगे। चौधरी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम चाहते थे कि सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर पर अपना पक्ष रखें लेकिन उन्होंने हमारी एक न सुनी। मजबूर होकर हमें अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। हम यह सोचकर प्रस्ताव लाए थे कि इसी बहाने प्रधानमंत्री मणिपुर मुद्दे पर अपनी बात रखेंगे लेकिन वह अपने दो घंटे से अधिक के भाषण में दो मिनट ही मणिपुर पर बोल पाए। चौधरी ने कहा कि जब तक अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा खत्म न हो, तब तक किसी अन्य विषय पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। यह हमारे सदन की परंपरा है। इसके बावजूद मोदी सरकार ने सभी परंपरागत तौर-तरीकों की धज्जियां उड़ाते हुए एक के बाद एक बिल पारित कर दिए। इस दौरान विपक्ष को किसी भी विधेयक पर अपनी बात रखने का मौका नहीं मिल पाया।

### राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में दिखा टिड्डियों का प्रकोप

**जैसलमेर।** सीमावर्ती जैसलमेर जिले के नहरी बेल्ट में टिड्डियों का प्रकोप नजर आ रहा है। फसलों पर टिड्डियों के एक बार फिर हमले की आशंका से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। हालांकि दृष्टिगोचर हुआ टिड्डी दल अभी अपने प्रजनन काल की प्रारंभिक अवस्था में है। टिड्डियों के नियंत्रण के लिए संबंधित विभाग अपनी हर संभव कोशिश में लगा हुआ है। टिड्डी प्रभावित इलाकों में किसानों की सूचना मिलते ही सीमित संसाधन व सीमित स्टॉफ के द्वारा टिड्डी नियंत्रण का दावा किया जा रहा है। राज्य टिड्डी नियंत्रण विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती जिले दो साल के अंतराल के बाद टिड्डियों के हमले के खतरे का सामना कर रहे हैं।

## विश्वस्तर पर सबसे बड़ा अभियान है वाटर शेड विकास परियोजना : गिरिराज सिंह

**एजेंसी**



**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटर शेड विकास घटक भूमि प्रबंधन और प्रशासन की नई पहलों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए भूमि संसाधन विभाग का राष्ट्रीय मीडिया अभियान शुरू किया गया है। अभियान के पहले चरण में आउटडोर मीडिया, सोशल मीडिया, बल्क एसएमएस और रेडियो जिंगल घटक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के संबंध में आम जनता को जागरूक करने के लिए एक मीडिया योजना तैयार की गई, जिसे कल लॉन्च किया गया है। मीडिया अभियान में अतिरिक्त घटकों को व्यापक और लक्षित कवरेज के लिए बाद में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में राष्ट्रीय जेनेरिक दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण प्रणाली, डब्ल्यूडीसी - पीएमकेएसवाई और कैक्टस परियोजना को शामिल किया गया है। भूमि विनियमन के तहत भारत सरकार ने उप रजिस्ट्रार कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण के लिए राज्य सरकारों को एक सौ प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 2016 में डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस राष्ट्रीय जेनेरिक दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के तहत राज्य-विशिष्ट अनुकूलन की सुविधा के साथ एक राष्ट्र एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। इस प्रणाली की शुरूआत के साथ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में समय और धन की बचत होती है तथा पूरी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो जाती है। भूमि संसाधन विभाग ने 2009 से वाटर शेड विकास कार्यक्रम लागू किया है। जिसे 2015-16 में पीएमकेएसवाई योजना के साथ मिला दिया गया था।

### केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित हुए 140 पुलिसकर्मी

**नई दिल्ली।** देश के 140 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2023 में जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से नवाजा गया है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मियों में से 15 केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के, 12 राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के, 10 उत्तर प्रदेश पुलिस के, 09 केरल और राजस्थान के, 08 तमिलनाडु के, 07 मध्य प्रदेश के, 06 गुजरात के और शेष अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों/संगठन से हैं। इनमें 22 महिला पुलिस अधिकारी को भी केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस पदक का गठन 2018 में अपराध की जांच के उच्च पेशेवर मानकों को बढ़ावा देने और जांच में ऐसी उत्कृष्टता को मान्यता देने के उद्देश्य से किया गया था।

# नशामुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश अभियान का शुभारंभ

- मेरा बेटा नशा करता था, मैं नहीं बचा पाया
- सांसद कौशल किशोर बोले, रक्षाबंधन पर बहनें भाईयों से नशा न करने का वचन मांगे


अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यहां 'नशा मुक्त प्रदेश अभियान का शुभारम्भ करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

मेरा बेटे नशा करता था। मैं सांसद होने के बाद भी बेटे को नहीं बचा पाया। रक्षा बंधन पर बहनें भाई से नशा न करने का वचन मांगे। ये बात लखनऊ के मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर ने नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश कार्यक्रम में कही।

सीएम योगी ने अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में नशामुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश अभियान का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा प्रदेशवासियों को नशा मुक्त बनने का संकल्प लेना चाहिए। नशा जवानी को समाप्त करता है। जवानी में देश, समाज व अपने सपनों को बुनना चाहिए, नाकि नशे के चक्कर में शरीर को खराब करना चाहिए। वहीं, खेल मंत्री गिरीश चंद यादव ने कहा, नशा मुक्ति से कई परिवारों को आर्थिक और मानसिक रूप से मुक्ति मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में इंसेफ्लाइटिस जैसी बीमारी पूरी तरह से समाप्त हो गई है। युवाओं को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। नशा जवानी को समाप्त करने का कारण है। जवानी में देश, समाज व अपने सपनों को बुनना चाहिए। नशे के चक्कर में शरीर को खराब करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जवानी में युवा नशे का आदी हो जाएगा। तो वह युवा किसी लायक नहीं रहता हैं। युवा साथियों हम सबको समझना होगा। यह नशा नाश का कारण होता है। जवानी ने दांत चमकने चाहिए, वह खत्म हो जाते हैं। काले हो जाते हैं। भारत के अंदर सबसे ज्यादा युवा हैं। 13 साल से 55 साल के लोग युवा कहलाते है। खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। ओलंपिक में जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार प्रोत्साहन राशि प्रदान देती है। केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि नशे के आदी होने वाली बच्चे चोरी और अपराध की घटनाओं को अंजाम देते है। मेरा खुद का बच्चा नशे का आदी था। मैं उसको नहीं बचा पाया। जब एक सांसद होने के बाद भी बच्चे को नहीं बचा पाया। शराब ,गांजा अफीम ,सिगरेट, मसाला बेचने वाला खुद नशा नहीं करता है। सभी बच्चों को दीपावली के दिन अपने परिवार के लोगों को नशा और जुआ खेलने से मना करना होगा। रक्षाबंधन पर बहन अपने भाइयों से नशा न करने की वचन मांगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस को नशा मुक्त बनाने के लिए युवाओं ने संकल्प लिया हैं। भारत आज तेजी के साथ बढ़ रहा है। उसमें युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका हैं।

# विपक्ष के सहयोग से चला सदनः महाना

## 30 घंटा 23 मिनट चला विधानसभा सदन,13 विधेयक हुए पास



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पक्ष और विपक्ष के सहयोग से मानसून सत्र बहुत अच्छे ढंग से चला। सदस्यों ने बेबाकी से अपनी बात रखी और सार्थक चर्चा हुई। यह अच्छा संदेश है। विधानसभा में कुछ न कुछ नया करने की कोशिश की जा रही है। उम्मीद है कि यूपी की विधानसभा मिसाल बनेगी। समय और जरूरत के मुताबिक कुछ बदलाव करने पड़ते हैं जो जरूरी है हम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 18वीं विधान सभा के वर्ष 2023 का द्वितीय सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। पांच उपवेशनों मे सदन की कार्यवाही 30 घण्टे 23 मिनट चली। जिसमें 40 और 20 मिनट यानी दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद 29 घण्टे 23 मिनट चली। कार्यवाही के दौरान प्राप्त प्रश्न 3348, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 361, अतारांकित प्रश्न 2666, इनमें 988 प्रश्न उत्तरित हुए। 2082 प्रश्न यानि 62.20 प्रतिशत आनलाइन प्राप्त हुए। सरकार से वक्तव्य मांगने वाले नियम-51 के अन्तर्गत 608 सूचनाएं प्राप्त हुई। इनमें वक्तव्य के लिए 17, केवल वक्तव्य के लिए 06 एवंध्यानाकर्षण के लिए 311 सूचनाएं तथा 274 सूचनाएं अस्वीकार किए गए। 07 अगस्त से प्रारम्भ हुए 18वीं विधान सभा के वर्ष 2023 के द्वितीय सत्र में नियम 300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं की संख्या 13 स्वीकृत सूचनाएं 04 अस्वीकृत 09 रही। नियम 301 के तहत 450 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें 279 स्वीकृत एवं 171 अस्वीकृत हुई। नियम 311 के अन्तर्गत कुल प्राप्त सूचनाओं की संख्या 05 अस्वीकृत 05, नियम- 56 के अन्तर्गत 85 सूचनाएं प्राप्त हुई, 12 ग्राहयता हेतु सुनी गयी तथा 11 सूचनाओ पर ध्यानाकर्षण किया गया। नियम 103 के अंतर्गत प्राप्त 18 प्रस्तावों में ग्राह्य प्रस्ताव 16 व आग्राह्य 02 रहे। सदन में प्रस्तुत प्रस्तावों की संख्या 07,वापस लिए गए प्रस्तावों की संख्या 03, सदन में प्रस्तुतिकरण के समय प्रस्ताव देने वाले सदस्य के उपस्थिति न रहने के कारण व्यपगत प्रस्तावों की संख्या 04, सदन में प्रस्तुतिकरण हेतु लम्बित प्रस्तावों की संख्या 02, विगत सत्रों के चर्चाधीन प्रस्तावों की संख्या 17 रही।

## खबरें एक नजर में

### ओलंपिक जज मयूर व्यास को कंगना राणावत ने दिया अवार्ड



लखनऊ। भारतीय डाइविंग टीम के वर्तमान कोच व अंतरराष्ट्रीय डाइविंग स्पर्धाओं में जज की भूमिका निभा चुके भूतपूर्व भारतीय डाइविंग व वाटरपोलो खिलाड़ी मयूर व्यास को अभी हाल ही में स्थित नोवाटेल होटल में हुए अंतरराष्ट्रीय ग्लोरी सम्मान समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री कँगना रानाउत के हाथों लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मयूर व्यास को यह सम्मान उनके स्पोर्ट्स के क्षेत्र में अब तक के योगदानों को देखते हुए दिया गया है। यह सम्मान समारोह भारत का एक प्रतिष्ठित कॉरपोरेट सम्मान समारोह है। मयूर व्यास को अवॉर्ड देते समय कँगना रानाउत ने कहा कि श्री व्यास भारत का नाम स्पोर्ट्स के क्षेत्र में दुनिया भर में रौशन कर रहे हैं, और इनके ही सतत प्रयासों से आज युवाओं में डाइविंग के प्रति रुझान बढ़ा है। ओलम्पिक में जज बनकर इन्होंने देश का मान बढ़ाया है।

### लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने ली शपथ



लखनऊ। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों की श्रंखला में राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में दिनांक 11 अगस्त को संकाय सदस्यों, कार्मिकों एवं विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी के लिए पंचप्रण शपथ ली। संस्थान के निर्देशक प्रो. सोनिया नित्यानंद ने संस्थान के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई पंचप्रण शपथ के अंतर्गत विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने, भारत की एकता अखंडता बनाऐ रखना , भारत की विरासत पर गर्व करने, गुलामी की मानसिकता से मुक्त होने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा कराई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के मध्य मेरी माटी मेरा देश विषय पर भाषण , पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई।

### पीजीआई में अल्कोहल एनोनिमस बैठक का हुआ उद्धाटन

लखनऊ। पीजीआई में अल्कोहल एनोनिमस बैठक का उद्घाटन किया। जो लोग शराब का सेवन करते हैं, उन्हें नशा मुक्ति के लिए मदद की जरूरत होती है। अल्कोहलिक्स एनोनिमस (एए), जिसे आमतौर पर एए या स्वयं सहायता समूह के रूप में जाना जाता है, एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो लोगों को नशा मुक्ति दिलाने में मदद करता है। यह संगठन उन लोगों द्वारा चलाया जाता है जो किसी समय शराबी थे, लेकिन अब सफलतापूर्वक शराब पीना छोड़ चुके हैं। एए पूरी तरह से आत्मनिर्भर संगठन है। मदद मांगने वाले लोगों से कोई दान या शुल्क नहीं लेता है। एए कार्यक्रम अपने आध्यात्मिक झुकाव वाले बारह-चरणीय कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को शराब से छुटकारा पाने में मदद करता है। एए गैर-पेशेवर, गैर-सांप्रदायिक, गैर-राजनीतिक और असंबद्ध संगठन है।

### हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में बैरिएट्रिक सर्जरी विभाग की शुरुआत

लखनऊ। हेल्थ सिटी हॉस्पिटल लखनऊ में एक प्रसिद्ध हेल्थकेयर संस्थान खुशी से यह घोषणा करता है कि वह अपने नए बैरिएट्रिक सर्जरी विभाग की शुरुआत कर रहा है। यह विभाग डॉ. संजय पटोलिया द्वारा नेतृत्व किया जाएगा, जो बैरिएट्रिक सर्जरी के क्षेत्र में एक प्रमुख विशेषज्ञ और अग्रणी प्रेरणास्त्रोत हैं। बैरिएट्रिक सर्जरी मोटापे और उसकी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए दीर्घकालिक और महत्वपूर्ण वजन घटाने का एक अत्यंत प्रभावी उपचार है । हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में बैरिएट्रिक सर्जरी विभाग की शुरुआत इसके प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रमाणिक है, जो मोटापे के विशेषज्ञ उपचार की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए है और जो दुनिया भर में बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में 23 करोड़ जनसंख्या में से 5 करोड़ लोग मोटापे या बढ़े हुए वजन से पीड़ित हैं। भारत में बैरिएट्रिक सर्जरी के प्रमुख विशेषज्ञ और प्रवर्तक डॉ. संजय पटोलिया डिपार्टमेंट प्रमुख होंगे।

# 15 अगस्त को मल्टीप्लेक्स में दिखाई जाएंगी देशभक्ति की फिल्में

लखनऊ। समृद्धि न्यूज




उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 15 अगस्त (स्वततंत्रता दिवस) के दिन सिनेमाघरों में मुफ्त फिल्में दिखाई जाएंगी। यह फैसला प्रदेश की योगी सरकार की ओर से लिया गया है। बताया जा रहा है कि फ्री में फिल्म दिखाई जाने वाले लगभग 12 सिनेमाघर हैं। आइए जानते हैं क्या है पूरा आदेश और कितने बजे के शो में कहां-कहां, कौन-कौन सी फिल्में देख सकते हैं आप। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पूरा देश जहां आजादी का जश्न मनाने की तैयारियों में लगा हुआ है, वहीं लखनऊ में फिल्म प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जहां योगी सरकार की तरफ से आदेश जारी किया गया है कि लखनऊ में फ्री में सिनेमाघरों में फिल्में दिखाई जाएंगी। बता दें कि ये सभी फिल्में देश भक्ति पर आधारित होंगीं। प्रशासन की ओर से ये जानकारी मिली है कि शहर के 12 सिनेमाघरों में ये सभी फिल्में फ्री में दिखाई जाएगी। आपको बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लखनऊ के सभी चौराहों को भी सजाया जाएगा। इसके अलावा हर घर तिरंगा का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरा देश हिस्सा लेगा। इससे पहले भी लखनऊ में ऐसा किया जा चुका है जहां सिनेमा घरों में मुफ्त में फिल्में दिखाई गई थीं। जिसके लिए टिकट काउंटर पर जाकर आप फ्री में टिकट ले सकते हैं। साथ ही अपनी मनपसंद देशभक्ति की फिल्म का आनंद एक बार फिर सिनेमाहॉल में ले सकते हैं।

अमृत महोत्सव



आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश की कार्यक्रमों श्रृंखला में राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निर्देशक प्रो. सोनिया नित्यानंद ने संस्थान के सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई समृद्धि न्यूज

### 14 से 19 अगस्त 2023 के बीच होगा प्रयोगशाला कार्यक्रम

लखनऊ। सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा आगामी 14 से 19 अगस्त 2023 के मध्य एक सप्ताह एक प्रयोगशाला कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सीएसआईआर के एक अनूठे अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है जिसके द्वारा सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं की सफलता की कहानियां आम जनता तक पहुंच सके, इस अभियान की शुरुआत वर्ष के प्रारंभ में डॉ. जितेंद्र सिंह, सीएसआईआर, नई दिल्ली के द्वारा की गयी थी द्यइसी अभियान के अंतर्गत सीएसआईआर-एनबीआरआई,

लखनऊ द्वारा एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगे। प्रेस वार्ता में संस्थान के निदेशक डॉ. ए के शासनी ने बताया कि संस्थान के पांच प्रमुख अनुसंधान एवं विकास क्षेत्र सप्ताह भर चलने वाले समारोहों के दौरान अपनी-अपनी अनुसंधान एवं विकास उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे।

### बीबी कौलां जी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा समागम मनाया गया

लखनऊ। बीबी कौलां जी वेलफेयर सोसाइटी लखनऊ की ओर से 14वाँ सलाना गुरमति समागम गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिंडोला,लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रहिरास साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ। जिसमें राजिन्दर सिंह ने अपनी शबद कीर्तन गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। विश्व विख्यात पंथ प्रसिद्ध अमनदीप सिंह बीबी कौलां जी भलाई केन्द श्री अमृतसर वालों एवं उनके साथियों ने बाबुल मेरा वड़ा समरॅथा करण कारण प्रभु हारा, तेरे भरोसे पयारे मै लाड लडाइआ शबद कीर्तन गायन एवं कथा व्याख्यान कर समूह संगत को निहाल किया। बीबी कौला जी भलाई केंद्र द्वारा गरीब और विधवा महिलाओं और अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं बच्चों की शिक्षा का प्रबंध किया जाता है और गरीब और विधवा महिलाओं को उनके भरण पोषण के लिए सिलाई कढ़ाई आदि भी सिखाई जाती हैं।

# ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत 471 अपराधियों को मिली सजा

- पास्को और महिला संबंधित 242 मामले, स्पेशल डीजी ने कहा-15 अगस्त को लेकर रहेगा अलर्ट

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



यूपी पुलिस के द्वारा ऑपरेशन कनविक्शन अभियान चलाया जा रहा है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा अपराध व अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति तथा अपराध होने पर उनकी गिरफ्तारी और न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर उनको कथा कठोर सजा दिलाई जा रही है। इस अभियान के तहत प्रदेश के चार माफियाओं, पास्को और महिला संबंधित 242, गंभीर व सनसनीखेज 193 और अन्य 32 मामले समेत 471 मामलों में बीते 1 जुलाई से अब तक ऑपरेशन कनविक्शन के तहत सजा दिलाई गई। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 15 अगस्त को देखते सभी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट होकर अपना कार्य कर रही है। डीजीपी विजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बीते 40 दिन में 471 में सजा दिलाई गई है। इनमे 3 मामलों में आरोपी को फांसी4 माफिया को सजा हुई। पास्को और महिला संबंधी अपराध के 242 मामले में सजा सुनाई गई है। कुल 471 मामले में सजा कराई जा चुकी है। चार्जशीट लगने के 1 महीने में 4 मामले में सजा दिलाई गई। 4 माफिया जिनको सजा सुनाई गई है उसमे नोएडा के अनिल दुजाना गैंग के मेंबर कृष्ण मूढी, बस्ती के गैंगस्टर नीरज पांडे और राजू उर्फ जरांडे, पीलीभीत के माफिया एजाज अहमद को दो मामलों में सजा सुनाई गई है।

### जश्न आजादी ट्रस्ट ने न्यू एफआई हॉस्पिटल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

लखनऊ। आजादी के महा उत्सव के मौके पर जश्न-ए-आजादी समिति ने कैंट रोड स्थित न्यू एफआई हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।डॉ. मो जाफर की देखरेख में आयोजित शिविर में सैकड़ों लोगो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर अस्पताल की ओर से लोगो को मुफ्त में दवाएं भी उपलब्ध कराया गया। इस शिविर का जश्न आजादी ट्रस्ट के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा ने उद्धघाटन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की रजिया नवाज,मुरलीधर आहूजा, सहित डॉ मोहम्मद जाफर, सीएमडी,डीएम कॉर्डियोलॉजिस्ट) न्यू एफ आई हॉस्पिटल डायरेक्टर,डॉव मुनीर खान एम बी बी एस,एम डी चीफ मेडिकल सलाहकार) डॉ. अब्दुल्ला अफजल ( एमबीबीएस, एमडी )वरिष्ठ सलाहकार एम मोहसिन इकबाल पीएल नर्सिंग कॉलेज निदेशक) मौजूद थे। इस अवसर पर डॉक्टर मो जाफर ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

# अधिवक्ता पर लगा जालसाजी का आरोप, मुकदमा दर्ज

## अधिवक्ता सुहैल अहमद सिद्दीकी ने जालसाजी की शिकायत की थी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

राजधानी के थाना वजीरगंज में पुलिस ने फर्जी अधिवक्ता बन जालसाजी करने वाले आतिफ मिर्जा पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आतिफ मिर्जा के विरुद्ध अधिवक्ता सुहैल अहमद सिद्दीकी ने जालसाजी की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि आतिफ मिर्जा बतौर अधिवक्ता मुकदमों में पैरवी भी करता हैं और वकील का बैड बांधा हुआ है।

सुहैल अहमद ने यह भी आरोप लगाया कि आतिफ मिर्जा वकीलों की साफ-सुथरी छवि को धीमी करण कर रहे हैं साथ ही उन्होंने रजिस्टार ऑफिस के पास ही अपना चैम्बर भी बना रखा है। सुहैल सिद्दीकी ने ये भी आरोप लगाया कि आतिफ मिर्जा अपने साथियों के साथ बैठकर अपराधिक गतिविधियों को भी अंजाम दे रहे हैं और पूरे अधिवक्ता समाज को शर्मसार कर रहे हैं। बता दे कि लोगों के साथ ठगी करने वाले फर्जी अधिवक्ता आतिफ मिर्जा के खिलाफ वजीरगंज थाने में जालसाजी का मुकदमा पंजीकृत हुआ। अधिवक्ता सुहैल अहमद सिद्दीकी ने बताया कि फर्जी वकील बनकर लोगों के साथ ठगी कर एवं वकालत को कलमकार करने वाले फर्जी वकील के खिलाफ मुकदमा लिखा गया। सिद्दीकी ने कहा कि आतिफ मिर्जा काले कारनामों को अंजाम दे रहे हैं और इसमें उन्हें महारत हासिल है। सिद्दीकी ने बताया कि रजिस्टर ऑफिस के पास अपना चौम्बर बनाकर आतिफ मिर्जा अपने साथियों के साथ मिलकर अपराधिक गतिविधियों को भी अंजाम देता है। सुहैल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि वकीलों की साफ-सुथरी छवि को कचहरी में मौजूद कुछ वकील खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल शहर में अधिकांश अवैध निर्माणों पर वकीलों के बोर्ड टंगे हुए हैं।

# राष्ट्रव्यापी आन्दोलन की तैयारी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

## आठवीं वेतन आयोग का गठन पर किया गया मंथन

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

पूरे देश में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर लम्बे अरसे से बंद भर्ती, पुरानी पेंशन बहाली और आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी संघ राष्ट्रव्यापी आन्दोलन की तैयारी कर रहा है।

इस सम्बंध में अखिल भारतीय राज्य सरकारी चतुर्थ श्रेणी महासंघ के राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी सुरेश सिंह यादव ने बताया कि एक राष्ट्रीय बैठक आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा में 3 अगस्त को बैठक हुई थी। जबकि दूसरी राष्ट्रीय बैठक सितम्बर में गुजरात में होगी। इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर पहले सप्ताह राज्यों की राजधनी तथा दूसरे सप्ताह दिल्ली में एकजुट होकर प्रदेश किया जाएगा। अभी तक राष्ट्रीय स्तर की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के गणेशन के अध्यक्षता में हुई थी जिसमें समस्त राज्यों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियमित भर्ती, पुरानी पेंशन बहाली, निजी करण व्यवस्था खत्म कर स्थाई रोजगार और आठवीं वेतन आयोग का गठन पर मंथन किया गया। सुरेश सिंह यादव राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी ने बताया कि गुजरात में 23 और 24 सितंबर को राष्ट्रीय बैठक होगी।उसके बाद जंतर मंतर पर गांधीवादी गांधीवादी तरीके से आंदोलन की घोषणा और की जाएगी।

इससे पूर्व समस्त राज्य के राष्ट्रीय एवं राज्य के पदाधिकारी अपने राज्यों में 14 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री कोदिया जाएगा। इसके साथ ही राज्य स्तर पर प्रधानमंत्री भारत सरकार को भेजा जाएगा।

# सीएम आवास चौराहा समेत तमाम सीसीटीवी सर्विलांस ठप

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

- सपा सरकार में लगे थे 280 हाईटेक कैमरे



डीजीपी के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन दृष्टि के तहत राज्य भर में अब तक 52 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, लेकिन एक तस्वीर राजधानी की ऐसी भी जहां अपराधियों पर नजर रखने के लिए मुख्यमंत्री आवास समेत 70 चौराहों पर लगाए गए 280 कैमरे बीते पांच माह से बंद पड़े हैं। वजह बजट की कमी बताई जा रही है।

रखरखाव करने वाली कंपनी ने अपने हाथ पीछे कर लिए हैं। उत्तर प्रदेश के स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार के मुताबिक राज्य में ऑपरेशन दृष्टि चलाया जा रहा है, इसके तहत अब तक 52000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके है। राजधानी इसके प्रति कितनी गंभीर है उसका अंदाजा इस बात से लगता है कि अपराधियों पर नजर रखने के लिए शहर में लगाए गए 280 कैमरे बजट के अभाव में बंद पड़े है। इसमें वो कैमरे भी शामिल है, जो मुख्यमंत्री चौराहे पर लगाए गए थे। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर ऐसी नौबत आई ही क्यों और जब हाईटेक सर्विलांस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे तो बंद क्यों हुए ? पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार में लखनऊ पुलिस के सर्विलांस सिस्टम को हाईटेक बनाने के लिए वर 2015 में दृष्टि प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। इस योजना के तहत शहर के 70 चौराहों पर 280 सर्विलांस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इन कैमरों को लगाने और रखरखाव करने के लिए महिंद्रा डिफेंस कंपनी हायर किया गया था। यूपी में बीजेपी सरकार बनने के बाद वर्ष 2018 को इन कमरों को ऑपरेट करने और उनका मेंटीनेंस करने की कंपनी के मुताबिक वर्ष 2021 में नवंबर से अब तक उनका भुगतान नहीं किया गया। दृष्टि प्रोजेक्ट के तहत गोल्फ क्लब चौराहे यानि मुख्यमंत्री आवास चौराहा पर हाईटेक कैमरे लगे हैं। यहां भी कैमरे बंद हो गए। अकबरी गेट, आलमबाग, अहिमामऊ, बालागंज, बंगला बाजार, बाराबीरवा, बासमंडी, बुद्धेश्वर , बर्लिंगटन, चंदरनगर, चिक मंडी, चिरैया झील, कन्वेंशन सेंटर, दैनिक जागरण, दयाल पैराडाइज, डालीगंज, एल्डिको मोड़, फन रिपब्लिक, गांधी सेतु, घंटा बैग, गोल मार्केट, पोलितिकनिक चौराहा, हनुमान मंदिर, हजरतगंज, हुसड़िया, आईआईएम, जीवनप्लाजा, कैसरबाग, कपूरथला, लालबाग लाल बत्ती, मेडिकल कॉलेज, मुंशी पुलिया, नाका, नक्खास, नत्था, निशातगंज, पक्का पुल, परिवर्तन चौराहा, पार्क रोड, पीजीआई और समता मूलक समेत 70 चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे जो बंद हैं।

### दो आईपीएस अधिकारियों के हुए तबादले

लखनऊ। सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा में एक फेरबदल करते हुए 2 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए है। जिन अधिकारियों के तबादले किए गए है, उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन की ओर से ट्रांसफर की जानकारी देते हुए लिस्ट जारी की गई है और इन दोनों अधिकारियों को जल्द से जल्द अपना कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए है। बता दें कि जिन आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। उनमें से 2019 बैच के मृगांक शेखर पाठक और आकाश पटेल है। 2019 बैच के मृगांक शेखर अप्पर पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट से अपर पुलिस अधीक्षक नगर जनपद अलीगढ़ बनाया गया है। वहीं, आकाश पटेल सम्बद्ध मुख्यालय पुलिस महानिदेशक से अपर पुलिस उपायुक्त कानपुर कमिश्नरेट बनाया गया है। इससे पहले आकाश पटेल मुख्यालय पुलिस महानिदेशक यूपी पुलिस लखनऊ में तैनात थे।

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी और कार्यशाला आयोजित



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

एसटीआई (सैक्सुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन) क्या होता है...एड्स व एचआईवी में क्या फर्क है...इस तरह के सवाल और उनका फटाफट जवाब नेशनल पीजी कालेज के हौसलामंद छात्र-छात्राओं का जवाब देखकर हाल में मौजूद हर कोई हैरान था। इन छात्रों को अंतरारष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर पहले एचआईवी और एड्स के बारे में बताया गया। फिर उनसे सवालात किए गए। छात्रों ने पूरे सत्र को बड़ी गंभीरता से लिया। उनके जवाब इस बात की गवाही दे रहे थे। कई छात्र-छात्राओं ने रील भी बनाए। मैजिक शो में भी भाग लिया। फेस पेंटिंग भी की।

हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। सैकड़ों छात्र-छात्राएं एकत्रित हुए कालेज के सभागार में। सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक डॉ. हीरा लाल, संयुक्त निदेशक डॉ. गीता अग्रवाल, संयुक्त निदेशक डॉ. ए. के. सिंघल और संयुक्त निदेशक रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने बच्चों को बेहद आकर्षक अंदाज में एचआईवी व एड्स के बारे में बताया।

# कृषि क्षेत्र में ड्रोन की उपयोगिता अत्यन्त महत्वपूर्ण

## सहकारिता मंत्री नये सदस्यों को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलेगा सदस्यता महा-अभियान

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

ड्रोन कृषि क्षेत्र का भविष्य है, इससे कृषि क्षेत्र में नयी क्रांति आयेगी। आज ड्रोन से कई प्रकार के कार्य किये जा सकते हैं। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने सहकारिता भवन के पीसीयू सभागार में इंस्टीट्यूट ऑफको-आपरेटिव एण्ड कार्पोरेट मैनेजमेन्ट रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग आईसीसीएमआरटी एवं विएशन साइंसेज द्वारा ''जय किसान, जय विज्ञान-मिशन कृषि शक्ति'' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन की उपयोगिता अत्यंत महत्पूर्ण है। ड्रोन द्वारा फसलों पर नैनो यूरिया, कीट नाशक का छिड़काव कर सकते है। जिसका डेमो सहकारिता मंत्री ने ड्रोन से गुलाब जल का छिड़काव करके दिया। उन्होंने कहा कि फसलों में कौन-सा रोग लगा है, इसकी जानकारी भी ड्रोन से मिल सकती है। किस क्षेत्र में कौन-सी फसल से तैयार किया जा सकता है। ड्रोन की उपयोगिया तभी सही सिद्ध होगी जब इसको चलाने के लिए प्रशिक्षित ड्रोन पायलट हों। प्रशिक्षित ड्रोन पायलट तैयार करने के लिए आईसीसीएमआरटी में ड्रोन पायलट का पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि सहकारिता क्षेत्र में नये सदस्यों को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक सदस्यता महा-अभियान चलाया जायेगा, इसके लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा सदस्यता अभियान के दौरान प्रति पैक्स कम से कम 200 सदस्य बनाये तथा 1 लाख शेयर कैपिटल इकट्ठा करें, इससे पैक्स की स्थिति तो मजबूत होगी ही साथ ही सहकारी बैंकों की पूंजी में भी वृद्धि होगी। सहकारी समितियों के मजबूत होने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती आयेगी। इससे सहकारिता क्षेत्र में बहुत बड़ा परिवर्तन आयेगा। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री द्वारा उप्र को-आपरेटिव युनियन लि तथा पीसीएफ द्वारा भारतीय बीज सहकारी समिति लि की सदस्यता प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर उक्त संस्थाओं के चेयरमैन तथा प्रबंध निदेशकों को प्रशास्ति-पत्र देकर सम्मानित एवं पीसीएफ के 10 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये गये। संगोष्ठी में प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीणा ने कहा कि 31 मार्च 2024 तक एक लाख सहकारी समितियां बढ़ानी है। उन्होंने कहा कि समितियों के साथ सदस्यता भी बढ़ायी जायेगी। सितम्बर माह में सदस्यता महा-अभियान चलाया जायेगा। श्री मीणा ने कहा कि पैक्स को मजबूत करने तथा परदर्शिता लाने के लिए इसको कम्प्यूटरीकृत किया जायेगा तथा पैक्स को बहुउद्देशीय बनाया जा रहा है।फार्मगेट टैक्नालॉजी के सीईओ दुष्यन्त त्यागी ने कृषि क्षेत्र में ड्रोन के महत्व एवं आधुनिक तकनीक की उपयोगिता के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र अन्य क्षेत्रों के मुकाबले पीछे है। मुक्त बाजार का फायदा कृषि क्षेत्र को बहुत कम हुआ है। आज कृषि क्षेत्र के डिजटलीकरण की आवश्यकता है। श्री त्यागी ने कहा कि किसानों को बाजार का अधिक लाभ तथा सभी सुविधायें व जानकारियां एक जगह पर मिल सके इसके लिए कनेक्टेड एग्रीकल्चर नेटवर्क तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकि का उपयोग करते हुए सहकारी संस्थायें मिलकर कार्य करेंगी तो सहकारिता के उद्देश्य की पूर्ति शीघ्र होगी। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर सलिल गोयल ने कहा कि एक ऐसे प्लेटफार्म की आवश्यकता है, जहां किसानों को सभी जानकारियां एक ही स्थान पर मिल सके। उन्होंने जीआईएस बेस्ट एग्रीकल्चर इन्फार्मेशन सिस्टम के विषय में बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां पर किसानों से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध होंगी।



सहकारिता भवन के पीसीयू सभागार में सहकारिता राज्यमंत्री जीपीएस राठौर प्रतिभाग करते हुए जय किसान जय विज्ञान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया
समृद्धि न्यूज

# अभिषेक ने अखिलेश यादव से की मुलाकात, लिया आशीर्वाद



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज अयोध्या से रामेश्वरम तक लगभग 8 हजार किलोमीटर साइकिल यात्रा करने वाले अभिषेक सावंत श्रीवास्तव ने भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। अखिलेश यादव ने साइकिल यात्री अभिषेक सावंत श्रीवास्तव के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनकी साहसिक यात्रा के लिए बधाई दी। अभिषेक सावंत श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने 6 अप्रैल 2023 से 05 अगस्त 2023 तक अयोध्या से साइकिल यात्रा शुरू की और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक होते हुए तमिलनाडु में रामेश्वरम पर यात्रा पूर्ण की। अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि उन्होंने 115 दिनों में अपनी साइकिल यात्रा से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए समाज के हर वर्ग से जुड़ते हुए सामाजिक सौहार्द कायम किया। इस अवसर पर श्री अभिषेक सावंत श्रीवास्तव के साथ सर्वश्री आशुतोष सिन्हा एमएलसी, दीपू श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा, सुमित श्रीवास्तव, सारिक खान, बृजेन्द्र श्रीवास्तव, मनु लाला, प्रत्यूष, कैय्याजूल हसन, अमन श्रीवास्तव आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेल-खेल में जाना एचआईवी-एड्स की गंभीरता

**लखनऊ।** एसटीआई (सैक्सुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन) क्या होता है...एड्स व एचआईवी में क्या फर्क है...इस तरह के सवाल और उनका फटाफट जवाब। नेशनल पीजी कालेज के हौसलामंद छात्र-छात्राओं का जवाब देखकर हाल में मौजूद हर कोई हैरान था। इन छात्रों को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर पहले एचआईवी और एड्स के बारे में बताया गया। फिर उनसे सवालात किए गए। छात्रों ने पूरे सत्र को बड़ी गंभीरता से लिया। उनके जवाब इस बात की गवाही दे रहे थे। कई छात्र-छात्राओं ने रील भी बनाए। मैजिक शो में भी भाग लिया। फेस पेटिंग भी की। हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। दरअसल, यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी ने युवाओं को एड्स व एचआईवी के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए नायाब तरीका ढूंढा। सोसायटी के संयुक्त निदेशक रमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इस आयोजन में कालेज के प्राचार्य और अन्य कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की।

### शिया महाविद्यालय में बांटे गए स्मार्ट फोन




**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम आज शिया महाविद्यालय के ''के'' हॉल में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा शामिल हुए। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना (फेज-2) के अंतर्गत आयोजित छात्र-छात्राओं को 1948 स्मार्ट फोन वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि काफी समय पहले डारविन ने कहा था कि इस दुनिया में वही जीवित रहेगा, जो समय के साथ अपने आप को परिवर्तित करता रहेगा। आज के समय में तकनीक लगातार बदल रही है, ऐसे में बदलती तकनीक को सीखते रहना चाहिए। आज के समय में भारत विश्व में नम्बर एक के स्थान पर है।

### बृजेश पाठक ने हम निकम्मा बनाते हैं वेब सीरीज और ये मेरे वो हैं वेब सीरीज के पोस्टर को किया लांच

**लखनऊ।** आज लखनऊ के संगीत नाटक अकादमी में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा हम निकम्मा बनाते हैं वेब सीरीज और ये मेरे वो हैं वेब सीरीज के पोस्टर का लांच किया गया. ये दोनों वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफार्म चनाजोर पर रिलीज हो रही है. चनाजोर ओटीटी एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है और वहां इन 2 सीरीज को देखा जा सकता है.हम निकम्मा बनाते हैं वेब सीरीज में हरवीर सिंह (जीजाजी छत पर हैं नामक मशहूर धारावाहिक में पिंटू भाभी के किरदार के रूप में प्रसिद्द), आशुतोष सेमवाल (टीवी शो इश्क शुभानल्लाह से चर्चित), अलीशा प्रवीण (तलवार फिल्म से प्रसिद्द), राकेश श्रीवास्तव (लापतागंज धारावाहिक मसे चर्चित), संजय चौधरी (हप्पूं की उल्टन पल्टन में कमलेश का किरदार निभाया है) कलाकारों ने काम किया है. इस सीरीज का प्रोडक्शन शैफाली प्रोडक्शन हाउस ने किया है. कहानी कानपूर के काकादेव में होस्टल्स में रहने वाले लड़कों की है जो दिन भर सिर्फ टाइम पास करते रहते हैं और जीवन के प्रति उनका कोई लक्ष्य नहीं है। किस तरीके से एक घटना उनके जीवन को परिवर्तित कर देती है और वो अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं. बाकी पुरी कहानी को चनाजोर पर देखा जा सकता है. 9 एपिसोड्स की ये सीरीज हंसाने के साथ साथ आपको अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की सीख भी देती है. ये मेरे वो हैं वेब सीरीज में आशुतोष सेमवाल, हरसिमरन कौर (मशहूर पंजाबी अदाकारा), संतोष मल्होत्रा एवं मुकेश अग्रहोरी ने काम किया है. सीरीज के निर्माता है अजय चौहान। ये एक फॅमिली ड्रामा है जो एक पंजाबी फॅमिली की कहानी है जिसकी बेटी एक यूपी के लड़के से मोहब्बत करती है।

### अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ।** इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया ने अपने कार्यालय एपी सेन रोड चारबाग, लखनऊ में अपने संस्था के युवा लीडरों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में संस्था की वालेंटियर गायत्री ने कहा है इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम युवाओं के लिए हरित कौशल एक सतत विश्व की ओर, हरित संक्रमण की दिशा में यात्रा शुरू करना रखी गई है। इससे युवाओं में सामाजिक भागीदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी जिसके भविष्य में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। संस्था की सदस्य श्यामा ने कहा लड़कियों सहित सभी युवाओं की उपलब्धियों को बढ़ावा देने और समाज में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की जरुररत हैं। संस्था की यूथ लीडर पूजा ने कहा की दुनिया में बदलाव के लिए युवा सबसे शक्तिशाली शक्ति हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किशोरियों ने मनाया युवा महोत्सव

**लखनऊ।** आज विज्ञान फाउंडेशन व अजीम प्रेमजी फिलैंथरोपिक इनिशिएटिव के संयुक्त तत्वाधान में कार्यरत गिविंग विंग्स टू ड्रीमर्स परियोजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लखनऊ के तीन क्षेत्रों युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जानकीपुरम सेक्टर 6 के जे. पी. कान्वेन्ट इन्टर कॉलेज, मड़ियाओं के यूनिवर्सल पब्लिक इन्टर कॉलेज, व आलम नगर स्थित न्यू सरोज जूनियर हाई स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशनरी अधिकारी विकास सिंह, वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी वैशाली व गरिमा जी, डी सी पी यू से शुभांगी सिंह, नागरिक सुरक्षा से मनोज कुमार वर्मा व स्काउट गाइड से अरविन्द श्रीवास्तव भी शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रों के कई स्कूल भी प्रतिभागी रहे।

**कहासुनी**



नगर निगम के त्रिलोकी नाथ हाल में सदन में एक दूसरे पर आरोप लगाते सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के पार्षद
समृद्धि न्यूज

### पीएसी के लिए 36 नये वाहनों को खरीदने को धनराशि स्वीकृत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के जनपदों में तैनात पीएसी कर्मियों के लिये पीएसी के निष्प्रयोज्य वाहनों के प्रतिस्थापन हेतु नये वाहनों के क्रय के सम्बन्ध में 7 करोड़ 49 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव गृह ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस एवं पीएसी आधुनिकीकरण के तहत ट्रक, बस, कार, क्रेन आदि वाहनों के क्रय हेतु 7 करोड़ 49 लाख रूपये से अधिक की धनराशि के आदेश निर्गत कर दिये गये है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से 10 ट्रक, 09 बस, 03 टाटा 207, 10 कारे, 01 मोटरसाइकिल, 01 टाटा 407 एवं 02 क्रेनों कुल 36 वाहनों का क्रय किया जायेगा।

### राजभर और बियार समाज को एससी एसटी आरक्षण का लाभ दिलाने का होगा प्रयासः अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश ने जिस तीव्र गति से विकास किया है, उसकी भूरि-भूरि प्रशन्सा आज पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भारत मां का सम्मान करते हुए देश हित में कार्य करना है और राष्ट्रवीर सुहेलदेव राजभर के बताये हुए मार्ग पर चलते हुए देश की सेवा की करनी है। श्री राजभर आज यहां दारूलशफा सभागार में आयोजित राजभर और बियार समाज के प्रतिनिधियों के सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र में एकजुट होकर विकास के नए आयाम रचने हैं, जिसके लिए यदि कोई त्याग भी करना पड़े तो हमें उसके लिए तैयार रहना होगा।

# बिजली कनेक्शन में देरी पर ऊर्जा मंत्री ने विपक्ष को दिखाया आइना

## कनेक्शन की व्यवस्था ऑनलाइन, पारदर्शिता के साथ हो रहा कार्यः शर्मा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की कार्रवाई में मंत्री एके शर्मा ने बिजली के मामले में विपक्ष को करारा जवाब दिया। विपक्ष ने बिजली कनेक्शन में देरी होने की बात कहते हुए ऊर्जा मंत्री को सदन में घेरने की कोशिश की थी, जिसके जवाब में एके शर्मा ने कहा, आज की तारीख में उत्तर प्रदेश में 3.30 करोड़ बिजली उपभोक्ता के कनेक्शन हैं, जिसमें से 1.58 करोड़ 2017 के बाद भाजपा सरकार में दिये गये हैं। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के साढ़े 06 साल के शासन में जितने कनेक्शन दिए गए हैं वो पिछले 70 वर्ष में सभी सरकारों द्वारा दिये गए कनेक्शन से ज्यादा हैं। 2022-23 में अकेले 17 लाख कनेक्शन दिए गये हैं। वित्तीय वर्ष 2023 के प्रथम चार महीने अप्रैल, मई, जून, जुलाई में ही 4.44 लाख कनेक्शन दिए गये हैं।

बात करें, जनवरी 2023 कि तो एक ही महीने में 1.22 लाख कनेक्शन राज्य में दिए गये हैं। उर्जा मंत्री मंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले पक्षपातपूर्ण कार्य होता था। अब सारी व्यवस्था ऑनलाइन हो चुकी है और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है। उर्जा मंत्री ने ट्रांसफार्मर के जलने और खराब होने के मुद्दे पर भी विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि आपके समय में वर्ष 2017 तक राज्य में सिर्फ12 लाख ट्रांसफार्मर थे, जिसमें से 2.50 लाख से ऊपर यानी कि 20 प्रतिशत खराब रहते थे। अब हमारे पास 26.36 लाख ट्रांसफार्मर हैं और 2022-23 में खराबी का प्रतिशत मात्र 10 प्रतिशत है। उसमें भी पिछले साल की अपेक्षा ट्रांसफार्मर की बेहतर रख-रखाव के कारण जलने-खराब होने की दर में भारी कमी आई है। विपक्ष ने उर्जा मंत्री शर्मा के वक्तव्य में जब यह कह कर व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश की कि नोटिस के विषय पर जवाब नहीं आया तो अध्यक्ष ने विपक्ष को डांट लगा दी और कहा कि एक दम सही जवाब, प्रश्न के मुताबिक दिया है। आपने सुना नहीं... जिसके पश्चात विपक्ष निरुत्तर होकर चरों खाने चित्त हो गया। देश और प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। किसी भी योजना या परियोजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए जाने में पक्षपातपूर्व व्यव्हार नहीं किया जाता है।

# राड व ईंट से कूचकर अधेड़ की हत्या

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

> मृतक की बहन की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की हो रही पड़ताल

जिले के निगोहां थाना क्षेत्र के पुरहिया गांव में देर रात अधेड़ की हत्या कर दी गई। युवक अपने घर के बाहर सो रहा था। मृतक का शव घर से कुछ दूरी पर बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना शनिवार सुबह की है। निगोहां थाना क्षेत्र के पुरहिया गांव में सुंदर (45) अपने घर के बाहर सो रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने ईंटों और रॉड से कूच कर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को घर से करीब सौ मीटर खेत में फेंक कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक मृतक सुंदर अविवाहित थे, और करीब पंद्रह सालों से अपनी बहन के घर पर ही रह रहे थे। परिवार के सभी सदस्य घर की छत पर सोए हुए थे, और सुंदर हमेशा की तरह घर के बाहर सोए थे। देर रात जब घर के बाहर कुछ आवाजें आई तो मृतक की बहन छत से नीचे आई। उस दौरान घर के अंदर से लॉक खुला हुआ था। सुंदर के बिस्तर पर खून की छींटे थे, और वह गायब थे। जिसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गई। कुछ देर बाद परिजनों ने सुंदर को घर से कुछ दूरी पर खेत से घायल अवस्था में बरामद किया। जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डीसीपी साउथ विनीत जायसवाल ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली थी। जिसके बाद निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की बहन की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मौके पर फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा।

# लखनऊ संभाग में सिर्फ 21, जोन में हुए महज 154 चालान

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश में शराब पीने वालों के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं, वहीं शराब पीकर वाहन चलाने पर परिवहन विभाग की कार्रवाई ठंडी पड़ती जा रही है। परिवहन विभाग ने चालकों के खिलाफ ड्रंकन ड्राइव के आंकड़े जारी किए गए हैं वह गवाह हैं। लखनऊ के चार माह के ड्रंकन ड्राइव में एक भी चालान लखनऊ की प्रवर्तन टीम ने नहीं किया है। इसका मतलब है कि लखनऊ में कोई भी शराब का सेवन कर वाहन चला ही नहीं रहा है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री के क्षेत्रों में परिवहन विभाग के आंकड़ों से माना जाए तो लोगों ने पीना छोड़ दिया है और अगर पी रहे हैं तो फिर वाहन नहीं चला रहे हैं, क्योंकि यह क्षेत्र चालान के मामले में फिसड्डी हैं।परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार लखनऊ संभाग की बात करें तो इन चार माह में सिर्फ21 ड्रंकन ड्राइव के चालान हुए हैं। लखनऊ व हरदोई में एक भी नहीं, लखीमपुर में चार, रायबरेली में आठ, सीतापुर में दो और उन्नाव में सिर्फ सात चालान किए गए हैं। यही स्थिति अन्य जिलों की है। अयोध्या संभाग का आंकड़ा सिर्फ 63 चालान का है। गोंडा आरटीओ का 44, बस्ती आरटीओ का आंकड़ा 26 चालान का है।

अगर लखनऊ जोन की बात करें तो चार माह में सिर्फ154 चालान किए गए हैं।चार महीने का पूरे प्रदेश का आंकड़ा सिर्फ 994 है। इतने ही वाहन चालकों के खिलाफ ड्रंकन ड्राइव अपराध के मामले में कार्रवाई हुई है। यह अनुपात एक महीने में 250 भी नहीं पहुंचा है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी संभाग की बात की जाए तो यहां पर भी लखनऊ की ही तरह शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई में दिलचस्पी नहीं दिखाई गई।यहां पर चार माह में सिर्फ 20 चालान किए गए। चंदौली में दो, गाजीपुर में एक भी नहीं, जौनपुर में एक और वाराणसी में 17 चालान हुए । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर की बात की जाए तो इस संभाग में भी सिर्फ 45 शराबियों के खिलाफकार्रवाई हुई है। देवरिया में सात, कुशीनगर में सात, महाराजगंज में 18 और गोरखपुर में 11 पर एक्शन हुआ। आजमगढ़ संभाग में शराब पीने वाले 55 चालकों पर कार्रवाई हुई जिनमें परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के क्षेत्र बलिया में सिर्फछह शराबियों पर एक्शन लिया गया।मऊ में 39 वाहन चालकों पर कार्रवाई हुई, आजमगढ़ में 10 शराबियों को कार्रवाई से गुजारना पड़ा। मिर्जापुर संभाग की बात करें तो तो 56 शराबियों पर कार्रवाई हुई। मिर्जापुर में 30, संत रविदास नगर में नौ, सोनभद्र में 17 शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर चालान की कार्रवाई की गई। वाराणसी परिक्षेत्र में 174 ड्रंकन ड्राइविंग अपराध के चालान हुए। विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, बरेली संभाग की बात की जाए तो यहां पर शराबियों पर भी कम एक्शन हुआ है,सिर्फ 53 वाहन चालकों पर एक्शन लिया गया है। बदायूं में सात, बरेली में 20, पीलीभीत में पांच और शाहजहांपुर में 21 वाहन चालक शामिल है। मुरादाबाद संभाग में कुल 114 चालान हुए हैं जिनमें बिजनौर में 12, जेपी नगर में 32, मुरादाबाद में 38 रामपुर में 10 और संभल में 22 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई हुई। बरेली जोन में 167 चालान हुए हैं परिवहन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले आगरा जोन में 173 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।आगरा संभाग में 85 लोगों पर एक्शन लिया गया।फिरोजाबाद में चार, मैनपुरी में तीन, मथुरा में 10 और आगरा में 68 लोगों पर कार्रवाई हुई।

### अनधिकृत रूप से संचालित 1131 यात्री वाहनों का चालान




**लखनऊ।** परिवहन आयुक्त सीपी सिंह के दिशा निर्देश पर 11अगस्त से 12अगस्त की सायं 4 बजे तक अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा 1131 वाहनों का चालान करते हुए 482 निरूद्ध किया गया है। सड़क सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत व्यक्तियों की संख्या में हो रही वृद्धि के दृष्टिगत अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों पर अंकुश लगाया जाना अत्यंत आवश्यक है। अभियान में प्रदेश के परिवहन विभाग के समस्त प्रवर्तन दलों द्वारा प्रभावी प्रवर्तन की जा रही है। अभियान की परिवहन आयुक्त द्वारा लगातार मानिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही ऐसे अभियान समय-समय पर परिवहन विभाग द्वारा चलाया जाएगा।

# प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार समाजसेवियों ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा के पूज्यनीय पिताजी स्वर्गीय सूर्य प्रकाश मिश्रा की तेरवीं उनके पैतृक गांव माणिकपुरा चांदपुर में बड़े ही विधि विधान से संपन्न हुई। जिसमें 13 ब्राह्मणों को गऊ दान से लेकर सभी जरूरत का सामान दिया गया और पिता की आत्मा शांति के लिए पूजन हवन कराया गया। इस डिजिटल युग में भागम भाग भरी जिंदगी में जहां लोग बहुत कम समय में यह कार्य संपन्न करा देते हैं, वही मनोज मिश्रा की व्यस्ततम जिंदगी होने के बावजूद तेरह दिनों के लिए अपने समस्त कार्यो को रोक कर पैतृक गांव में रहकर बड़ी आस्था और विधि विधान के साथ नगे पैरों घर से बाहर रहते हुए समस्त विधानों को पूर्ण किया। जो पिता के प्रति सच्ची लगन और उनके आचरण का द्योतक है। मनोज मिश्रा जी के सरल व्यवहार, मृदुल स्वभाव के चलते उनके व्यक्तिगत संबंधों का दायरा इतना बड़ा है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा दूसरे राज्यों से भी प्रशासनिक अधिकारियों। यहां पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों, विशिष्ट व्यक्तियों, मित्रों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों का संगम समागम देखने को मिला। लखनऊ से चलकर सूचना आयुक्त नरेंद्र श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकारों में भास्कर दुबे, अनिल अवस्थी, अजय कुमार, सुरेश बहादुर सिंह, पीके तिवारी, अमिताभ नीलम, राजेंद्र गौतम, जेपी शुक्ला, प्रदुम्न तिवारी , विजय शंकर पंकज , अविनाश शुक्ला, नवलकांत सिन्हा, राजवीर सिंह, सहित हजारों की संख्या में लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अपने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### गोंडा में शॉपिंग कॉम्पलेक्स, होटल और बैंक तक का यही हाल, अतिक्रमण हटाओ अभियान फेल

# सिंध बेकर्स की पार्किंग स्थल पर दुकान, सड़कों पर चला रहे पार्किंग

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें सड़कों पर वाहन खड़ा करने वालों पर कार्रवाई के आदेश गोंडा जिले में बेमानी साबित हो रहे हैं।

गुड्डू माल चौराहे पर स्थित सिंध बेकर्स नें व्यावसायिक भवनों में पार्किंग के लिए छोड़ी गई जगह का इस्तेमाल अन्य रूप में किया जा रहा है। उक्त भवनों के सामने फुटपाथ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी बना दी है और सड़कों पर अवैध रूप से पार्किंग चल रही है। इससे यातायात प्रभावित हो रहा है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि गुड्डू मल चौराहे के सामने सिंध बेकर्स का बड़ा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स खुला है। इसकी पार्किंग बेसमेंट में है परंतु भवन स्वामी पार्किंग स्थल को दुकान के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। सिंध बेकर्स की दुकान में आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर खड़ा कर रहे हैं। इससे वाहनों की असुरक्षित हैं। इतना ही नहीं अव्यवस्था भी बनी है। वही गोंडा लखनऊ रोड गुरु नानक चौराहे के समीप निजी बैंक व वी 2 माल संचालित है। लेकिन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है।




मॉल संचालक की पार्किंग गोंडा लखनऊ मुख मार्ग है। ऐसे में ग्राहक अपने वाहन सड़क पर खड़ा करते हैं। जिससे कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लेकिन जिला प्रशासन मौन धारण किए बैठा हुआ है। वहीं जिला महिला अस्पताल के सामने एक शॉपिंग मॉल संचालित है। उसकी पार्किंग का इस्तेमाल अन्य व्यावसायिक गतिविधि के रूप में किया जा रहा है। यहां दिन हो या रात में सैकड़ों ग्राहकों के दुपहिया वाहन और कारें सड़क किनारे पार्क कराई जाती हैं।

इस वजह से सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक आवाजाही में परेशानी रहती है। इतना ही नहीं गोंडा जिले के कई होटलों और बैंक्वेट हॉल ने सड़क किनारे पार्किंग बनाई हुई है। इसके बावजूद अधिकारियों ने अभी तक कार्रवाई करने की जरूरत नहीं समझी है।

#### पास कराए मानचित्र किया उल्लंघन

भवनों के मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा इसी शर्त पर पास किए जाते है, कि वे पार्किंग के लिए जगह रखेंगे। पार्किंग का अन्य रूप में इस्तेमाल मानचित्र का उलंघन है। ऐसे भवन स्वामियों पर प्राधिकरण कार्रवाई क्यो नहीं करते है। वही सिंध बेकर्स के यहां ग्राहकों की गाड़ियां सड़कों पर पार्क कराई जा रही हैं। ऐसे प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही क्यों नहीं होती है।

## होमगार्ड के बेटे की हत्याकाण्ड का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

दिनांक 08.06.2023 को थाना खरगूपुर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बराराय के निवासी राधेश्याम यादव पुत्र स्व0 सुकई ने सूचना दी कि मेरे पुत्र जयराम यादव को बीती रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेल्ट व रुमाल से गला कसकर हत्या कर दी है, इस सूचना पर थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा घटना का सफल अनावरण हेतु उक्त अभियोग का स्थानान्तरण अपराध शाखा करते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश



अपराध शाखा को दिये गये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपराध शाखा निरीक्षक अतीउल्लाह द्वारा दिनांक 10.08.2023 को आरोपी अभियुक्त शिवप्रसाद तिवारी उर्फ ननकू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा आज दिनांक 12.08.2023 को थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा दूसरे आरोपी अभियुक्त विकास तिवारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।



### बाढ़ पीड़ितों को मिला बाढ़ राहत सामग्री

▸ विधायक तरबगंज, एडीएम, एसडीएम ने वितरित किया बाढ़ राहत किट

**तरबगंज /गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** शनिवार को तहसील तरबगंज अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता और उनके जीवन को सामान्य बनाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर स्तर पर तत्पर है, आज विधानसभा क्षेत्र तरबगंज के बाढ़ प्रभावित गांवों में जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत एवं बचाव के अस्थाई कैंप में पहुंचकर निरीक्षण कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री वितरण किया एवं देवतुल्य ग्रामवासियों का कुशल क्षेम की जानकारी ली गई, तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री सुरेश कुमार सोनी, उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव, क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री संजय तलवार, तहसीलदार तरबगंज श्री पुष्कर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री रामधोख मिश्रा, प्रधान ऐली श्री मनीराम यादव व श्री राजू सिंह, श्री अनुज शुक्ला, श्री भानू प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य जन, देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अमृत रथ यात्रा पर हुआ लेजर शो का आयोजन

#### देशभक्ति के गीतों से गूंजा टाउन हॉल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को गोंडा टाउन हॉल में अमृत रथ यात्रा की बस जिले में आने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। देशभक्ति से सम्बन्धित विभिन्न गीतों को गाया गया और लेजर शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तरबगंज विधायक प्रेम नारायन पाण्डेय ने सभी को पंच प्रण की शपथ दिलाकर किया।

इस मौके पर मा. जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक गौरा, बीजेपी जिलाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, डीपीआरओ, डीडी कृषि, परियोजना निदेशक, मनकापुर एसडीएम व अन्य अधिकारीगण व सैकड़ों संख्या में लोग मौजूद रहे।


## पासवर्ड चुरा लगाया नब्बे हजार का चूना

▸ थाना अध्यक्ष को दिया तहरीर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सो रहे युवक के बगल में लेटे दो परिचितों ने चोरी से पासवर्ड लेकर युवक की मोबाइल से उसके बैंक अकाउंट से 90 हजार रूपए फोन पे के जरिए ट्रांसफर कर लिए। इस संबंध में पीड़ित ने प्रभारी साइबर सेल के साथ ही थानाध्यक्ष को तहरीर देकर कार्यवाही एवं रूपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव निवासी सूरजभान तिवारी पुत्र दिनेश कुमार तिवारी ने प्रभारी, साइबर सेल व थानाध्यक्ष मोतीगंज को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा है कि उसका बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मनकापुर में बचत खाता है। उसके अकाउंट में 08.08.2023 तक 91,995 रूपये थे, लेकिन 8 अगस्त को ही रात करीब 9 बजे उसकी मोबाइल पर पहली बार



50,000 तथा दूसरी बार 40,000 रूपये उसके उक्त बैंक खाते से फोन पे के जरिए बगैर उसकी जानकारी के ट्रांसफर कर लिया गया। आरोप है कि जिस समय रूपये स्थानांतरित किए गए, उस समय वह सो रहा था और उसके बगल में दो परिचित लोग थे, जिसमें से एक का नाम गौरव चतुर्वेदी पुत्र राजू चतुर्वेदी निवासी ग्राम बनकटवा, मौजा- खिरई खिरवा, थाना मोतीगंज है व उसके साथ में जो था उसका नाम आदर्श तिवारी है। पीड़ित द्वारा आशंका जताई गई है कि इन्हीं दोनों लोगों द्वारा उसका पासवर्ड चोरी से हासिल कर उक्त रूपयों को जालसाजी, कूटरचना एवं धोखाधड़ी करते हुए स्थानांतरित कर दिया गया है।

## महिलाओं की सुरक्षा को मजबूती देने का प्रयास है मिशन शक्ति अभियान 2.0

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

देवीपाटन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा UPICON कानपुर के तत्वाधान में मिशन शक्ति 2.0 अभियान चलाया जा रहा है ढ्ढ मिशन शक्ति अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की पहल है जो महिलाओं की सुरक्षा और समृद्धि में सुधार करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है ढ्ढ यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करके सशक्त बनाने का प्रयास कर रहा है साथ ही महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सहायता प्रदान कर रहा है ढ्ढ इसके माध्यम से अपराधियों की पहचान और सख्त कार्रवाई से महिलाओं की सुरक्षा को मजबूती देने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं को स्वालंबन के मार्ग पर आगे बढ़ने का और सुरक्षित रहने



का नया मार्ग प्रशस्त हो रहा है ढ्ढ यह अभियान महिलाओं को उनके जीवन में सम्मानपूर्वक और स्वतंत्र रूप से जीने की कला सिखा कर उन्हें समाज में एक मजबूत स्थान प्राप्त करने में मदद करेगा ढ्ढ मिशन शक्ति अभियान के प्रति सरकार और समाज की सक्रिय भागीदारी से एक नई और सुरक्षित समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए जा रहे हैं ढ्ढ देवीपाटन वेलफेयर फाउंडेशन गोंडा द्वारा जनपद के कई इलाकों में मिशन शक्ति जागरूकता शिविर द्वारा महिलाओं को जागरुक कर महिलाओं का पंजीकरण कराया गया इसमें 6 दिवसीय प्रशिक्षण जिसमें आत्मरक्षा और उद्यमिता विकास को शामिल किया गया है दूसरी योजना के तहत बैटरी रिक्शा के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था रखी गई है और उनका पंजीकरण चल रहा है ढ्ढ फाउंडेशन प्रभु सुरेश कुमार ने बताया कि जो महिलाएं सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाती हैं उनको एक बार जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि वह योजना का लाभ उठा सके इसके लिए विभिन्न विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर लगाया जा रहा है और महिलाओं को प्रत्यक्ष रूप से लाभ हो सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### पांच हजार मेडिकल स्टोर पर लहराएगा तिरंगा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले के पांच हजार मेडिकल स्टोरों पर स्वतंत्रता दिवस से पहले ही तिरंगा लगा दिया जाएगा इसके साथ ही हर मेडिकल स्टोर संचालक को आजादी के नायकों के बारे में जानकारी दी जाएगी! जिले के मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित फार्मेसी एंड फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक में पदाधिकारियों ने तिरंगा अभियान की तैयारियों पर चर्चा की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रभाकर नाथ पांडे ने कहा कि जिले में मेडिकल स्टोर पर तिरंगा लगाने के लिए सभी सदस्यों को लक्ष्य दिया गया है मंडल प्रवक्ता सुधांशु मिश्रा को तिरंगा अभियान का प्रभारी बनाया गया है जिनके नेतृत्व में मेडिकल स्टोरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। बैठक में काशीनाथ बर्मा, मनोज सैनी, राहुल सिंह, श्याम बरन, दीपक शुक्ला, राज सोनी राहुल मौर्य, अर्जुन गुप्ता, गोकर्ण यादव आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

गोंडा, समृद्धि न्यूज। आज दिनांक 12.08.2023 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने थाना इटियाथोक में जनसुनवाई की। इटियाथोक में जनसुनवाई के दौरान कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय के निरीक्षण कर रजिस्टरों को चेकिंग की जिसमें रिकॉर्डों को अद्यतन करने, शिकायती प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित रजिस्टर में अंकन करने, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों से कुल 227 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए 35 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### खुद को जिंदा साबित करने के लिए भटक रहा बुजुर्ग

▸ डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आपने पंकज त्रिपाठी की फिल्म कागज देखी होगी, जिसमें उन्हें अधिकारियों की मिलीभगत से कागजों में मृत घोषित कर दिया जाता है. इसके बाद वे खुद को जिंदा साबित करने की लड़ाई लड़ते हैं, मगर उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सभी को चौंका दिया है। गोंडा जिले में बुजुर्गों को कागजों में मृत घोषित कर दिया गया। इस वजह से बुढ़ापे में इन सब को वृद्धावस्था पेंशन भी नहीं मिल पा रही है। ऐसे दो मामले सामने आए, जिसके बाद डीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिए। खुद को जिंदा साबित करने के लिए सभी समाज कल्याण विभाग के चक्कर काट रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सरकार की ओर से 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जाता है. इस योजना में पात्र लोगों को हर महीने एक हजार रुपये दिए जाते हैं। यह पैसा उनके खाते में भेजा जाता है। जिले में ऐसे करीब कई मामले हैं जिसमें लोगों को कागजों में मृत घोषित कर दिया गया, मगर असल में वो जिंदा हैं। लोगों का कहना है कि विभाग के उनका इन सभी लोगों का लेखा जोखा है, मगर अपनी नाकामी छिपाने के अधिकारी इनका सत्यापन नहीं करा रहे हैं.वही करनैलगंज विकास खण्ड के 6 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया था। इस दौरान एक अनोखा मामला सामने आया डीएम के पास दो जिंदा बुजुर्ग बेचन और मजीत पहुंचे, जिन्हें कागजों में मृत घोषित कर दिया गया. इस वजह से दोनों को पेंशन योजना का लाभ नहीं मिला रहा है। दोनों लगातार अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे थे, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। ग्राम चौपाल के दौरान दोनों व्यक्तियों ने डीएम से पूरे मामले की शिकायत की, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।



### संस्कृत विद्यालय में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम की धूम

▸ सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने हाथ में मिट्टी लेकर लिया पंच प्रण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र पयागपुर अंतर्गत संचालित श्रीराम जानकी संस्कृत विद्यालय परसिया आलम में मेरी माटी–मेरा देश कार्यक्रम की धूम रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि पयागपुर के रुप में भाजपा नेता निशंक त्रिपाठी रहे। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने हाथ में मिट्टी लेकर पंच प्रण लिया। वक्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं व संरक्षकों को आजादी के नायकों की वीरगाथा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को पूरा करने का संकल्प लिया । विद्यालय के प्राचार्य पंडित कृष्ण मोहन शुक्ल व निशंक त्रिपाठी ने पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे भी रोपित किए ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा पयागपुर राम गोपाल शुक्ल,यज्ञ राम सिंह,संतोष तिवारी,सुरेश तिवारी,अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरी प्रसाद गौतम,सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस का जायजा लेने थाना जरवल रोड व कैसरगंज पहुँचे डीएम व एसपी

# थाना जरवल रोड में डीएम ने नशामुक्ति की दिलायी शपथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने थाना जरवल रोड व कैसरगंज का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। थाना कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 13 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें 05 का निस्तारण कर दिया गया है। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गयी है। थाना दिवस के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की तथा पूर्व में निस्तारित प्रकरणों की गुणवत्ता को भी परखा।



#### निर्माणाधीन आवासीय ब्लाक का किया निरीक्षण

डीएम व एसपी ने थाना परिसर में आरक्षियों के लिए निर्माणाधीन आवासीय ब्लाक का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि मानक व गुणवत्ता के साथ कार्य को समय से पूर्ण कराया जाय। यहां पर डीएम ने पुलिस कर्मियों व फरियादियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव, बीडीओ जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा, बीडीओ कैसरगंज सर्वेश कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष राजनथ सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसके पश्चात डीएम व एसपी ने थाना जरवल रोड में आयोजित थाना समाधान दिवस का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि 06 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें से 02 का निस्तारण हो गया है। अवशेष के लिए टीमें मौके पर भेजी गईं हैं। डीएम व एसपी ने पूर्व में निस्तारित किये गये सन्दर्भों की गुणवत्ता का फीड बैक भी प्राप्त किया।


## अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

▸ कटी चौराहा के पास बुकिंग पर बाइक से गए थे पिता पुत्र
▸ चालक वाहन लेकर मौके से हो गया फरार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सिविल लाइन में हुजूरपुर तिराहे के पास बाइक सवार पिता पुत्र को देर रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पिता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र ने लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

पुलिस ने पिता पुत्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया है।दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा निवासी ज्योती गुप्ता उर्फ गुड्डू (40) पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता कोतवाली नगर के मोहल्ला ब्राह्मणीपुरा में किराए के मकान में रहते थे। मोहल्ला निवासी निखिल श्रीवास्तव के यहां पांच वर्ष से वह परिवार के साथ रहते थे। ज्योति सांस्कृतिक कार्यक्रम में



फोटोग्राफी का काम करते थे। शुक्रवार को कटी चौराहे के पास बुकिंग पर बाइक से गए थे। साथ में उनका 14 वर्षीय बेटा ऋषभ गुप्ता भी था। कार्यक्रम निपटने के बाद ज्योति अपने बेटे के साथ वापस घर जा रहे थे। पानी टंकी चौराहे के पास पहुंचने पर समान छूटने की जानकारी हुई। जिस पर वह पुनः रात में 10:30 बजे बाइक से कटी चौराहा जाने लगे। कोतवाली देहात के हुजूरपुर चौराहे पर बाइक सवार पहुंचे। तभी अज्ञात भारी वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। मौके पर ही ज्योति गुप्ता की मौत हो गई। जबकि ऋषभ को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया ने बताया कि बेटे की भी कैसरगंज के निकट रात में 12 बजे मौत हो गई। दोनों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया है। दुर्घटना का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दिखा तेंदुआ, डीएफओ ने लोगों को किया सतर्क



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा रेंज के मेवाती पुरवा गांव में तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुआ को देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हुई। ग्रामीणों को देख तेंदुआ पेड़ पर चढ़ गया। ग्रामीणों के वहां से जाने पर तेंदुआ पेड़ से नीचे उतरकर गन्ने के खेत में चला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तेंदुए के पेड़ पर चढ़ते हुए वीडियो बनाया। इसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। डीएफओ संजय शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए की आमद है। सभी लोग सतर्क रहे। वन कर्मियों की टीम को मौके पर भेज कर जांच कराई जा रही है।

## खिलाड़ियों का विभिन्न खेलों से हुआ आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में चयन

▸ प्रशिक्षकों ने स्पोर्टस कॉलेज में चयन होने पर बधाई दी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिला खेल कार्यालय इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों का चयन विभिन्न खेलो के आवासीय क्रीड़ा छात्रावास एवं स्पोर्टस कॉलेज में वर्षा पुत्री अशोक कुमार तीरंदाजी आवासीय तीरन्दाजी छात्रावास विशिष्ट स्पोर्टस स्टेडियम, तिहरा रार्बडगंज सोनभद्र। कु वशुधा गुप्ता पुत्री आलोक कुमार गुप्ता तीरन्दाजी, अर्नव सिंह पुत्र अश्वनी सिंह एथलेटिक्स गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्टस कॉलेज लखनऊ, आराध्या त्रिपाठीपुत्री प्रवीण कुमार त्रिपाठी बैडमिन्टन आवासीय बैडमिन्टन छात्रावास डा भीम राव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम अयोध्या में चयन हुआ है। उपरोक्त खिलाड़ियों का राज्य स्तर से चयन होने पर नीरज मिश्र उच्च क्रीड़ाधिकारी, अभिषेक कुमार उप क्रीड़ाधिकारी, अनुपमा धानुक उप क्रीड़ाधिकारी, रोहित सिंह जीवन रक्षक, राकेश पासवान फुटबाल प्रशिक्षक, मो आरिफ हॉकी प्रशिक्षक, मनोज पाल एथलेटिक्स प्रशिक्षक, जय शंकर गुप्ता ताइक्वाण्डो प्रशिक्षक, विनोद कुमार फुटबाल प्रशिक्षक आदि के द्वारा स्पोर्टस कॉलेज में चयन होने पर बधाई दी गयी।

## तिरंगा झंडा ऊंचा रहे हमारा के नारों से गूंजा रिसिया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

आजादी के 77वी वर्षगाँठ पर आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर गायत्री विद्यापीठ इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। कॉलेज के प्रबंधक कृष्ण लाल श्रीवास्तव ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश व आजादी दिलाने वाले उन वीर सपूतों की यादों के लिए तिरंगा झंडा लेकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। शिक्षक सचिन श्रीवास्तव ने तिरंगा यात्रा की रूप रेखा बताते हुए कहा कि छात्रों के माध्यम से नगर में लोगो को देश की प्रति जागरूक करने के साथ-साथ 15 अगस्त को तिरंगा झण्डा सम्मान पूर्वक फहराने का



▸ तिरंगा यात्रा से लोगों को राष्ट्र भावना से जुड़ने का सकारात्मक संदेश दिया : रीति श्रीवास्तव

संदेश दिया। शिक्षक धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से अच्छा विद्यार्थी बनने और देश से प्रेम करने की बात कही। इस तिरंगा यात्रा के दौरान 200 से अधिक छात्र-छात्राएं जोश से भरे दिखे। सभी विद्यार्थी हाथों में तिरंगा झण्डा ले कर वंदे मारतम् भारत माता की जय के नारे लगाते हुए दिखे। कॉलेज की प्रधानाचार्य रीति श्रीवास्तव ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश पर आधारित स्लोगन एवं प्रतियोगिता के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया तथा बताया कि इस तिरंगा यात्रा के जरिए विद्यार्थियों ने लोगों को राष्ट्र भावना से जुड़ने का सकारात्मक संदेश दिया। विद्यालय के शिक्षक अखण्ड प्रताप सिंह, सरिता मौर्या, ललित मौर्या, कुमार वैभव, विजय कश्यप आदि लोगो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।



### पुलिस बैण्ड ने शहीद स्मारक स्थलों पर किया देशभक्ति गीतों का वादन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व में प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने तथा देश की आज़ादी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में 09 से 15 अगस्त तक मनाये जाने वाले ''मेरी माटी मेरा देश'' व ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में सेनानी भवन परिसर स्थित त्रिमूर्ति स्थल, शहीद पार्क तथा महाराजा सुहेल देव जी स्मारक स्थलों पर पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर, प्रतिसार निरीक्षक सुरेश पाल सिंह, एस.आई. विष्णु प्रताप सिंह व रमा शंकर यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जिले में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नशे का त्याग करने के हेतु युवाओं को प्रेरित किये जाने के उद्देश्य ''नशा मुक्ति'' की थीम पर आयोजित हुए अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट व विकास भवन सभागार सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में मौजूद लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलायी गई।अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर ने कलेक्टेट सभागार में शपथ दिलाई कि ''देश की चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशा मुक्त प्रदेश अभियान के अन्तर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल स्वयं को बल्कि समुदाय, परिवार, मित्र को भी नशा मुक्त कराएंगे।हम अपने प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता



▸ एडीएम ने दिलायी नशा मुक्ति की शपथ, कलेक्ट्रेट व विकास भवन में हुआ आयोजन

के अनुसार हर सम्भव प्रयास करेंगे''। जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने विकास भवन सभागार तथा क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्र ने इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में नशामुक्ति की शपथ दिलायी।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा, पीडी डीआरडीए राज कुमार, डीपीओ राजकपूर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस सिद्दीकी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी, बड़ी संख्या में खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे। नशामुक्ति शपथ के उपरान्त विभिन्न स्थलों पर स्थान की उपलब्धता के अनुसार पौधरोपण भी किया गया।

# उद्यान मंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद रायबरेली के विकास खण्ड राही की न्याय पंचायत भावं में संपर्क मार्ग पलिया के मरम्मत कार्य एवं कृषि उत्पादन मंडी समिति रायबरेली क्षेत्रान्तर्गत संपर्क मार्ग-जगतपुर रोड से माखा तक मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया। इसी प्रकार मंत्री ने न्याय पंचायत भदोखर में कृषि उत्पादन मंडी समिति रायबरेली क्षेत्रान्तर्गत संपर्क मार्ग-रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग पर गदियानी चौराहे से मतौली का पुरवा तक मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया इसके साथ ही पूर्व विधायक स्वर्गीय रतिपाल स्मृति द्वार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने वृक्षों का रोपण भी किया।

इसी प्रकार उद्यान मंत्री ने न्याय पंचायत कनौली में कृषि उत्पादन मंडी समिति रायबरेली क्षेत्रान्तर्गत संपर्क मार्ग-रायबरेली सलोन मार्ग पर बालेपुर से अहिरन का पुरवा तक का लोकार्पण किया एवं ग्राम गोपालपुर से पूरे भुवनशाह तक लेपन मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। इसी दौरान मंत्री ने वृक्षों का रोपण भी किया।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगो को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की लाभ परक योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर वर्ग की चिंता करती है और उनके हितों का ध्यान रख रही है। किसानों को उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औद्योनिक खेती करके किसान अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते है।

उद्यान विभाग द्वारा कृषि व लघु उद्योग की स्थापना हेतु विभिन्न प्रकार की सब्सिडी दी जा रही है, जिसका लाभ किसान ले सकते हैं।

# फरारी काट रहे सभासद की प्रशासन करे जल्द गिरफ्तारी : पूर्व भाजपा विधायक

- राष्ट्र के प्रति ओछी मानसिकता रखने वाले करते हैं अभद्र भाषा का प्रयोग : त्यागी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सभासद नूरुल हसन कीगिरफ्तारी न होने से वरिष्ठ जनों और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में जबरदस्त नाराजगी देखी जा रही है।

प्रशासन की हीला हवाली और लापरवाही के कारण अभी तक सभासद पुलिस की गिरफ्त से कोसों दूर है। इस विषय में जब पूर्व विधायक भारतीय जनता पार्टी राजाराम त्यागी से बात की गई तो उन्होंने कहा सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पूरे प्रदेश में बहुत ही जोर-शोर से चलाया जा रहा है लेकिन ओक्षी मानसिकता वाले इस तरह के लोगों पर अति शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए जबकि मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रीय कार्यक्रम है और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने सभी को मनाने के लिए कहा है इस तरह के लोग जो देश के प्रति ओछी मानसिकता रखते हैं वही अभद्र टिप्पणी करते हैं प्रशासन को चाहिए की शक्ति करते हुए इस पर तुरंत कार्रवाई करें और अभी तक उसकी गिरफ्तारी न होना कहीं ना कहीं प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।

सभासद नूरुल हसन ने महिला सभासद प्रतिनिधि और चेयरमैन प्रतिनिधि को जूते से मारने की बात कही थी और साथ-साथ भारत के प्रधानमंत्री का भी अपमान किया था वही सभासद प्रतिनिधि की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हरिजन एक्ट का मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन अभी तक सभा शक्ति गिरफ्तारी न होने से लोगों में आक्रोश साफ देखा जा रहा है। विषय में जब क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह के सरकारी नंबर पर फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं विधानसभा ड्यूटी में हूं आज लौटा हूं।

## चोरों ने विद्यालय को फिर बनाया निशाना



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात चोरों ने विद्यालय को फिर बिना बनाया निशाना आखिर क्यों चोरों की पसंदीदा जगह बन चुके हैं सरकारी विद्यालय। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मऊगर्वी विकासखंड महराजगंज की प्रधानाध्यापिका ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देते हुए बताया कि 11 /8 /2023 की रात को अज्ञात चोरों ने विद्यालय व कार्यालय सहित समस्त कमरों के ताले तोड़ डाले खिड़की दरवाजा अलमारी आदि को क्षतिग्रस्त किया वह एमडीएम राशन व बर्तनों से छेड़छाड़ की कोतवाली प्रभारी से अनुरोध करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्या ने आवश्यक विधिक करवाई करने की गुहार लगाई।

# थाना प्रभारी निरीक्षक के गैर जनपद तबादला होने पर दी विदाई




**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात रहे थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणेश कुमार गुप्ता का गैर जनपद तबादला होने पर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी बिदाई दी गौरतलब हो कि शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक के पद तैनात रहे अरुणेश कुमार गुप्ता का शनिवार को गैर जनपद लखनऊ तबादला हो जाने पर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उनका माल्यार्पण कर उन्हें भाव भीनी विदाई दी इस मौके पर एसएसआई संतोष कुमार, एसआई पंचम लाल, राकेश मिश्रा, मुख्य आरक्षी ज्ञान सिंह यादव,भारत सिंह, कवेंद्र सिंह, आलोक तिवारी, आरक्षी जेपी शरण, निकिल ढाका, अंकित कुमार,विनय यादव, राम दर्शन यादव, भारत कुमार सहित थाने का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्रीय लोगों में रणविजय सिंह, शालू गुप्ता, बलबीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पत्रकारों ने पूर्व विधायक से की मुलाकात

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह से इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने गेंगासो मंदिर में फैली गंदगी के संबंध में की वार्ता। पत्रकारों ने बताया कि गेगासो मंदिर में भगवान शिव के कई मंदिर हैं जिनमें साफ सफाई न होने के कारण मंदिर के अंदर शिवलिंग पर चढ़ाई जाने वाली सामग्री सड़ रही है जिसके कारण दुर्गंध आ रही है। सामग्री सड़ने के कारण पत्थर भी कटने लगा है। दुर्गंध के कारण मंदिर में बैठकर पूजा करना भी मुश्किल हो गया है। पूर्व विधायक ने सभी पत्रकारों की बात को बड़े ध्यान से सुना और पत्रकारों की प्रशंशा की और कहा कि इस तरह की जानकारी पत्रकार ही खोज कर ला सकते हैं। पूर्व विधायक ने न सिर्फ सफाई करवाने का आश्वासन दिया बल्कि स्वयं चल कर खुद भी सफाई करने का वादा किया। पूर्व विधायक श्री सिंह ने आगामी सोमवार को खुद पूरी टीम सहित पहुंचकर सफाई करने का एलान किया। विधायक के आश्वासन से पत्रकार में खुश नजर आए और मुक्त कंठ से श्री सिंह की प्रशंशा की। इस मौके पर प्रसिद्ध युवा कवि व मंच संचालक वाई.पी.सिंह,जिलाध्यक्ष राम मिलन शर्मा,मनीष गोस्वामी,धर्मेंद्र प्रजापति,गब्बर सभासद,राज कुमार शर्मा,अनिल गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरपुर आंव के मजरे बैजनाथखेड़ा में गर्भवती महिला की इलाज के दौरान ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतका के देवर की सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम भेजा है वही मृतका के परिवारीजन ससुराल पक्ष के ऊपर उंगलियां उठा रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के बैजनाथखेड़ा निवासी सागर की 25 वर्षीय पत्नी सरोज अपने पति के साथ दिल्ली में रहती थी। गर्भवती होने के चलते डिलीवरी होने में परिवार के साथ रहने के लिए 2 अगस्त को पति पत्नी बैजनाथखेड़ा वापस आ गए। 5 अगस्त से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार इलाज चल रहा था। 11 तारीख को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से गर्भवती महिला को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां खून की कमी देख महिला को कानपुर भेजा गया। शुक्रवार को कानपुर ले जाते समय रास्ते में शाम 7 बजे महिला की मौत हो गई। मृतका का मायका बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की निबई चौकी अंतर्गत देवपुर अदनखेड़ा गांव है। मृतका का विवाह 9 मई 2022 को विवाह हुआ था। देवर श्रीकृष्ण की सूचना पर उपनिरीक्षक हसमत अली ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। मृतका का भाई दीपक व पिता सालिकराम ने मृतका बिटिया के ससुराल पक्ष वालों से असंतुष्ट दिखे। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि मायके पक्ष से अभी कोई तहरीर नहीं मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### अधेड़ की सड़क हादसे में मौत, पत्नी घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की इंदेमऊ चौकी के अंतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अकवाबाद गांव के पास जन्मदिन की पार्टी से शुक्रवार की देर रात घर लौट रहे दंपत्ति की बाइक रोड पर खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई जिससे पति की घटनास्थल पर मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दबारासगवर थाना क्षेत्र के गांव टेढ़ा के रहने वाले 50 वर्षीय उजागरलाल पुत्र हीरालाल अपनी पत्नी अंजनी देवी के साथ बाइक से बिहार थाना क्षेत्र के गांव दुबई में अपने रिश्तेदार संतोष निर्मल के घर शुक्रवार दोपहर बाद जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद देररात दंपत्ति बाइक से घर वापस जा रहे थे उन्नाव लालगंज हाईवे पर अकवाबाद गांव के पास खड़े ट्रैक्टर से बाइक टकरा गई जिससे उजागरलाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरो की सूचना पर चौकी इंचार्ज अनिल त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल पत्नी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल पत्नी का इलाज कानपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक विदेश में कुवैत में रहकर व्यापार कर रहा था। इधर उन्नाव में मकान बनवाने के लिए कई महीने पहले गांव आया था। मृतक के तीन बेटे हैं। बड़े बेटे 25 वर्षीय अनिल विवाहित है जबकि अनुज व आयुष अविवाहित हैं। रात में ही दुर्घटना की खबर पहुंचते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### पीडब्ल्यूडी मंत्री ने भोलेनाथ के किए दर्शन

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तीन जनपदों की सीमा पर स्थित बाबा भवरेश्वर मंदिर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने जलाभिषेक कर दर्शन किए। जिस समय मंत्री जी मंदिर में पहुंचे उस समय हजारों की संख्या में वहां श्रद्धालु उपस्थित थे। मंत्री जितिन प्रसाद ने पुष्प माला, धूपबत्ती, बेलपत्र, चंदन आदि से विधिवत वैदिक प्रक्रिया के अनुसार भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इस मौके पर मौजूद समाजसेवी व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दिलीप तिवारी, भवरेश्वर महिला समिति के अध्यक्ष सुनील बाबा, निगोहा के युवा प्रधान अभय दीक्षित मंत्री जितिन प्रसाद से मंदिर के मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जिस पर मंत्री जितिन प्रसाद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही भवरेश्वर मंदिर मार्ग की तीनों जनपदों से आने वाली सभी रोड चौड़ी कर दी जायेगी। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं शिवभक्त मौजूद रहे।

### सिपाहियों पर रुपये छीनने का आरोप

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** गेंगासो जेनेवा कटरा निवासी अमरनाथ लालगंज कोतवाली में तैनात दो सिपाहियों पर 12 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया है। बताया कि 25 जुलाई की शाम वह रानीखेड़ा मजरे खजूरगांव में चिलवल के पेड़ कटवा रहे थे तभी हल्का के दोनों सिपाही शुभम और दल सिंह वहां आ गए।उन्होंने 25 हजार रुपये की मांग की। मना करने पर उन्होंने मारापीटा और जेब से रुपये निकाल लिए। इतना ही नहीं आरोपित सिपाहियों ने शिकायत करने पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी। इसी डर से वह कई दिनों तक बाहर नहीं निकले। शुक्रवार को उन्होंने पुलिस अधीक्षक, मानवाधिकार आयोग और मुख्यमंत्री कार्यालय को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

# व्यापार मंडल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालकर क्षेत्रीय लोगों के दोनों में राष्ट्र प्रेम का जोश भर दिया है। व्यापार मंडल की यह तिरंगा यात्रा कस्बे के रफी अहमद किदवई पार्क से प्रारंभ होकर क्षेत्र में प्रमुख स्थानों का भ्रमण करते हुए यथा स्थान पर समाप्त हुई।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उपजिलाअधिकारी महाराजगंज रामरजित गुप्ता, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रमेश सिंह, बछरावां थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार राय एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं अन्य राष्ट्रीय नारों का उद्घोष किया गया।

तिरंगा यात्रा को लेकर थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार राय के निर्देश पर जगह-जगह पर स्थानीय पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा और वह स्वयं ट्रैफिक इंस्पेक्टर रमेश सिंह के साथ तिरंगा यात्रा को बिना किसी विवाद के सकुशल संपन्न कराने में प्रतिबद्ध दिखे।

इस मौके पर व्यापार मंडल से चंद्रप्रकाश गुप्ता, मनोज मिश्रा, डॉक्टर विजयपाल यादव, विजय मिश्रा, ओमिक सोनी, अमित वर्मा, राकेश सोनी, विकास सोनी, पारूल शुक्ला, गगनदीप गुप्ता सहित हजारों की संख्या में व्यापार मंडल के सदस्य गण एवं क्षेत्रीय युवा जन पूरे जोश के साथ उपस्थित रहे।

# इनरव्हील क्लब ने जिलापुस्तकालय को बुकशेल्फ और पाँच सौ से अधिक पुस्तकें प्रदान की

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




12 अगस्त हमारे देश में पुस्तकालय विज्ञान खे जनक एस.रंगनाथन का जन्मदिवस पुस्तकालय दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के डिजिटल युग में भी निम्न व मध्यम वर्ग के छात्रों के ज्ञानार्जन के लिए पुस्तकें ही सबसे बड़ा सहारा हैं पर पुस्तकें खरीदना भी बहुत सस्ता नहीं है और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तो ढेर सारी पुस्तकों से पढ़ना पड़ता है।ऐसे में सरकारी पुस्तकालय बहुत ही मामूली सदस्यता शुल्क के साथ ऐसे छात्रों को ज्ञान का भंडार उपलब्ध कराते है।अत॰ इनरव्हील क्लब रायबरेली ने 12अगस्त राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस हम *एक दिन की पूर्व संध्या पर जिला पुस्तकालय में पुस्तकें रखने की अल्मारी व पाँच सौ से अधिक ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें प्रदान की।अध्यक्ष अलका द्विवेदी व सचिव वैशाली चंद्रा ने जिला पुस्तकालाध्यक्ष उत्कर्ष सिंह के हाथों फीता कटवाकर नई अल्मारी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष सुजाता भाटिया, ममता कपूर,प्रियंका अग्रवाल, आशा सिंह ,सम्पादक स्मृति सिंह व षिनीता राजपाल उपस्थित थीं।

### विशेष लोक अदालत में 14 वादों का सफल निस्तारण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में आज शनिवार को प्रातः 10 बजे से एनआई एक्ट के वादों से सम्बन्धित मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निपटाने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर रायबरेली में किया गया। विशेष लोक अदालत में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेगण द्वारा लम्बित एनआइ एक्ट के वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। उक्त आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 14 वादों का सफल निस्तारण कर मु0- 3,80,400 रुपये का समझौता कराया गया।

# ग्राम पंचायत बघेल में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत बघेल के मोहब्बतपुर गांव मे स्थित अमृत सरोवर तालाब पर आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत अमृत सरोवर तालाब पर ग्राम प्रधान ब्रज देवी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दशरथ सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष गुप्ता द्वारा लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलाई गई वहीं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें वृक्षारोपण प्रभात रैली सहित तमाम प्रकार कार्यक्रमों का आयोजन हुआ ।वहीं महिलाओं ने राष्ट्रीय लोकगीत गाकर मौजूद लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत कर दी सभी मौजूद ग्रामीणों ने भारत माता की जय जयकार के नारे लगाए। इस मौके पर भानु प्रताप जगदेव मिस्त्री रामपाल ज्ञान सिंह रामनरेश गोविंद बृजमोहन भारती रामसागर मालती देवी मनीष कुमार जगदीश राम मनोहर सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खनन माफियाओं पर प्रशासन ने कसा शिंकजा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की इंदामऊ चौकी के 500 मीटर दूर खनन माफिआओं द्वारा मानपुर में दर्जनों ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी मशीन के माध्यम से चल रहे चोरी छुपे खनन को एसडीएम बीघापुर में रात में 11 बजे छापा मारकर 12 ट्रैक्टर-ट्राली व एक जेसीबी मशीन तथा 5 ट्रैक्टर चालक भी पकड़े गए तथा सात ट्रैक्टर चालक व मजदूर मौके से भाग जाने में सफल रहे।

कोतवाली क्षेत्र की इंदामऊ चौकी से 500 मीटर दूर स्थित मानपुर गांव में चोरी छुपे कई दिनों से मिट्टी खनन का कार्य खनन माफिआओं द्वारा बड़े स्तर पर चलाए जा रहा था। खनन की सूचना पर एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला ने रात में 11.30 बजे लगभग भारी फोर्स के साथ मानपुर में छापेमारी की जिसमें मौके पर 12 ट्रैक्टर, 1 जेसीबी तथा पांच ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में लिया। कई ट्रैक्टर चालक व काम करने वाले लोग मौके से भाग निकले। एसडीएम ने पकड़े गए ट्रैक्टरों व चालको को बीघापुर कोतवाली को सौंपा। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि खनन अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है उसके बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। वाहनों को सीज कर दिया गया है।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व युवा दिवस

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में ÷विश्व युवा दिवस ÷ कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम ÷युवाओं के लिए हरित कौशल॰ एक सतत् विश्व की ओर ÷ थीम पर आधारित था। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पोस्टर, स्लोगन,फोटो आदि के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया गया। कार्यक्रम का सुभारंभ प्रार्थना सभा के पश्चात प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी के सम्बोधन से हुआ।अपने अभिभाषण में उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व के युवाओं को प्रभावित करने वाली विभिन्न चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ 12 अगस्त को प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित किया जाता है। यह दिन उन सिद्धांतों और सुझावों को आगे बढ़ाने का प्रयास भी करता है जो दुनिया भर के युवाओं की प्रगति में बाधक समस्याओं को दूर करने में सक्षम हैं। एक बेहतर भविष्य के लिए युवाओं के मार्ग में आने वाली समस्याओं का समाधान आवश्यक है। क्योंकि आज का युवा वर्ग ही कल के देश और दुनिया का भविष्य हैं । युवा वर्ग देश, दुनिया और समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतर सके इसके लिए युवाओं को बेहतर और अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समस्त विश्व को मिलजुल कर काम करना चाहिए। अंत में प्रधानाचार्य ने समस्त विद्यालय परिवार को विश्व युवा दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की।

# बहन भाई से छूटा, प्रियांशी से प्रियंम का वादा टूटा

- 9 साल पहले जिस बाइक ने ली चाचा की जान उसी से हुई भतीजे की मौत

**बछरावां कोतवाली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र अंतर्गत साँपो (राजामऊ) में उस समय कोहराम मच गया जब बीते 9 दिनों से जिंदगी और मौत के बीच में जूझ रहे प्रियम त्रिवेदी का उनके पैतृक आवास पर लाया गया।

जानकारी के मुताबिक प्रियम पुत्र देवी प्रसाद लखनऊ में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करते थे,और पढ़ाई भी करते थे बीते 3 अगस्त को कंपनी के किसी काम उन्नाव गए थे वापस आते समय नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक के सामने अचानक आवारा मवेशी से टकराने के कारण मृतक प्रियम बुरी तरह घायल हो गयाद्य राहगीरों की मदद से घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

9 दिनों तक जिंदगी और मौत से लड़ते-लड़ते प्रियम ने जिंदगी का दामन छोड़ दिया और बीती रात उनकी मौत हो गई।

परिवार का रो रो कर बुरा हाल है, बहन प्रियांशी रोते-रोते भाई को याद कर रही है और कह रही है कि रक्षाबंधन का वादा भूल गए भैया। प्रियम के पार्थिव शरीर काअंतिम डलमऊ के गंगा घाट पर किया गया।

### मधुमक्खियों के हमले में अधेड़ गंभीर

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार की देर शाम पान कुंवर खेड़ा मजरे मजरे कुंभी निवासी अहरवा प्रसाद पुत्र बुधई उम्र लगभग 58 वर्ष घर से सब्जी लेने बैंती बाजार जा रहे थे तभी गांव के बाहर नहर के पास अचानक उन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे वह अचेत होकर रास्ते में ही गिर पड़े तभी रास्ते से गुजर रहे उनके गांव के ही जितेंद्र कुमार की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को भी सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा अधेड़ को आनन -फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हे घर भेज दिया।

# भव्य झांकियों के साथ निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा : विमल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




अखण्ड भारत के संकल्प के उपलक्ष्य में गत वर्षों की भांति 14 अगस्त को नर सेवा-नारायण सेवा व हिन्दू जागरण मंच की प्रस्तावित तृतीय विशाल एवम भव्य तिरंगा यात्रा की तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है।

ये जानकारी तिरंगा यात्रा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने मीडिया की आयोजित पत्रकार वार्ता में दी तथा बताया कि 151 मीटर तिरंगा, भव्य झांकियां, आर्मी बैंड आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे। यात्रा का शुभारम्भ वीर नारिया करेंगी व प्रशासनिक अधिकारी व समाजसेवी संगठनों के साथ जिले के जनप्रतिनिथि होंगे। विमल द्विवेदी ने कहा तैयारियों के क्रम में कचेहरी के पास तिरंगा यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर एक सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा किया गया था। साथ स्कूलों से नगर के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों से मिलकर यात्रा में शामिल होने की अपील की गई हैं। उन्होने बताया 151 मीटर तिरंगे के साथ निकलने वाली यात्रा को भव्यता, दिव्यता मिल सके इसलिए अधिक से अधिक नगरवासी/ जनपदवासी इसमें जरूर शामिल हो। उन्होंने मीडिया के माध्यम से पुनः गतवर्षों की भांति सभी सम्मानित नगरवासियों, जनपदवासियों सहित सभी धर्मो के धर्म गुरुवो व सभी धर्मो के लोगो से 14 अगस्त को दोपहर 11 बजे रामलीला मैदान से यात्रा में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह, राघवेंद्र, मनीष, परिमल, शिवसेवक, अभिषेक, मनीष अवस्थी, अखिल मिश्रा, अधिवक्ता विकास तिवारी, विकास सिंह सेंगर आदि लोग मौजूद रहे।

# मजबूत सैन्य शक्ति का महत्व

बीते दिनों नूंह की घटना का पूरा देश साक्षी रहा। एक संसद सदस्य सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय बोलने को लेकर लगभग हाथापाई पर उतर आए। कुछ महीनों पहले कन्हैयालाल और उमेश कोल्हे जैसे लोगों की गर्दनें मजहबी कट्टरपंथियों द्वारा उतार दी गईं। खालिस्तानी समर्थकों के प्रदर्शन दिख रहे हैं। पूर्वोत्तर में विदेशी शक्तियों की मदद से माहौल बिगाड़ा जा रहा है। देश में चौड़ी होती ये भ्रंश रेखाएं युद्धकाल का संकेत नहीं दे रहीं तो यह और क्या है। स्पष्ट रूप से हमें अपनी पुख्ता तैयारी करनी होगी।
वस्तुत: शांति का काल राष्ट्र के लिए स्थिरता, विकास, शक्ति अर्जन एवं भविष्य की तैयारियों का समय होता है। शांतिकाल के दायित्वों को विस्मृत करने के दुष्परिणाम हमने देखे हैं। हम अतीत से ही आसन्न संकटों के प्रति जाग्रत नहीं रहे। कश्मीर 1947 से ही पाकिस्तान के लिए नाक का सवाल बना रहा है। एक तिहाई कश्मीर उसके अवैध कब्जे में पहले से है। बाकी कब्जाने का कुत्सित अभियान उसने छेड़ रखा है। कश्मीर पर कब्जा एवं भारत का इस्लामीकरण ही उसका लक्ष्य है। इसके लिए हम कौनसी काट तैयार कर रहे हैं? पारंपरिक रूप से हम रक्षात्मक देश रहे हैं। संकटों के बावजूद आक्रामक सैन्य सशक्तीकरण हमारी नीति ही नहीं रही। हमने तो युद्ध भी हमेशा रक्षात्मक किया है। 1947-48 के पाकिस्तानी आक्रमण के फलस्वरूप कश्मीर युद्ध में पंडित नेहरू ने सुरक्षा परिषद से युद्धविराम करा लिया। 1965 में हम लाहौर के करीब थे, लेकिन हमने स्वयं युद्धविराम घोषित कर दिया। 1971 का युद्ध हम अपने नहीं, बांग्लादेश के हित में लड़े। फिर शिमला समझौते में सामरिक विजय को कूटनीति के स्तर पर गंवा दिया गया। परिणामस्वरूप समस्याएं जस की तस बनी रहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि जल्द ही देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि आर्थिक शक्ति की रक्षा बाहरी एवं आंतरिक सामरिक शक्ति के अभाव में कैसे संभव होगी? शत्रु तो अंदर भी हैं। चीन हमारे समक्ष आंतरिक शत्रुओं के नियंत्रण का एक बड़ा उदाहरण है। रूस-यूक्रेन युद्ध में हमने देखा है कि आर्थिक एवं सैन्यशक्ति का सहयोग एक दूसरे के लिए कितना आवश्यक है। पुतिन यदि सामरिक दृष्टि से जागरूक न रहते तो वह यूक्रेन के रूप में अपनी सीमाओं पर एक पाकिस्तान जैसा सिरदर्द बन जाने देते। नाटो संगठन उनकी घेराबंदी कर यूरोप में उन्हें सीमित कर देता। हालांकि, पुतिन ने ऐसा नहीं होने दिया और युद्ध का चुनाव किया। आर्थिक समृद्धि के साथ यदि सामरिक शक्ति-सामर्थ्य नहीं होता तो इसके बड़े भयानक परिणाम सामने आते हैं। हम इसके भुक्तभोगी रहे हैं। हमारी इस्लामिक गुलामी का दौर दसवीं शताब्दी से प्रारंभ होता है। इस्लामिक आक्रमण से पूर्व हम विश्व के सबसे समृद्ध देश थे। विश्वप्रसिद्ध आर्थिक इतिहासकार एंगस मैडिसन ने अपने विशद अध्ययन में सिद्ध किया है कि प्राचीन विश्व की अर्थव्यवस्था का 55 से 57 प्रतिशत भारत और चीन के नियंत्रण में था। उसमें भारत तो चीन से भी आगे रहा। वहीं भारत कालांतर में सैन्यशक्ति के अभाव में विश्व का सबसे समृद्ध देश होने के बावजूद जुनूनी मजहबी लुटेरों से पराजित होकर गुलामी के लंबे दौर में दाखिल हो गया। स्मरण रहे कि अमेरिका अपनी आर्थिक शक्ति की रक्षा सामरिक शक्ति से करता है। हमारे राजनीतिक नेतृत्व में भू-राजनीतिक समझ का अभाव हमारी पराजयों का प्रमुख कारण रहा है। यदि हमें एक सक्षम-समृद्ध अर्थव्यवस्था बनना है तो हमें स्वयं को एक प्रभावी सामरिक शक्ति भी बनाना होगा। इसके लिए हम किसी साझेदारी पर निर्भर न होकर अपने दम पर आगे बढ़ें तभी हित सुरक्षित हो पाएंगे।

# वैश्विक प्रतिबंधों का जबरदस्त प्रहार - ड्रैगन की दरबार में हाहाकार

एडवोकेट किशन भावनानी

**साथियों बात अगर हम भारत द्वारा 1 नवंबर 2023 से लागू लैपटॉप टेबलेट आयात पर प्रतिबंधों की करें तो, भारत सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है, गुरुवार को सरकार की ओर से एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशक की अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी आयातों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे किसी भी आयात के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होगी अपवाद के रूप में प्रति खेप केवल एक ऐसे उत्पाद के आयात के लिए छूट दी जाएगी। सरकार के इस कदम से एपल, डेल और सैमसंग जैसी कंपनियों को झटका लगेगा और उन्हें भारत में अपना विनिर्माण बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भारत में मौजूदा नियम कंपनियों को स्वतंत्र रूप से लैपटॉप आयात करने की अनुमति देते हैं, लेकिन नया नियम इन उत्पादों के लिए एक विशेष लाइसेंस को अनिवार्य करेगा जैसा की 2020 में देश में टीवी के शिपमेंट के निर्यात पर लगाया गया था। सरकार के इस कदम से देश में विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा। इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग निकाय एमएआईटी के पूर्व महानिदेशक अली अख्तर जाफरी के अनुसार सरकार का यह कदम झटका नहीं बल्कि देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद है। जानकारों ने कहा, इस कदम का मकसद भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार इस कदम से डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसे कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को फायदा होने की उम्मीद है। कंपनी के शेयरों में सरकार के इस फैसले के बाद 7 फीसदी से अधिक की तेजी दिखी। सरकार के फैसले का एक कारण डेटा चोरी से बढ़ी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करना भी, सरकार से जुड़े एक सूत्र के अनुसार स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के अलावा इस कदम का उद्देश्य चीन से आपूर्ति को रोकना है, क्योंकि उसे ऐसे उत्पादों के जरिए हो रही डेटा चोरी से सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं।**

भारत में 18 मई 1984 को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शराबी का गीतकार अनजान द्वारा लिखा गया गीत, जहां चार यार मिल जाए वही रात हो गुलजार, महफिल रंगीन सजे, दौर चले धूम मचे, मस्त मस्त नजर देखें नए चमत्कार जहां चार यार, इस 40 साल पहले लिखे गए गीत का संज्ञान अगर हम आज उन चार यारों भारत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया फ्रॉस जापान सहित सभी समान विचारधारा वाले देशों को दोस्तों के रूप में लें तो, नजर देखें नए चमत्कार के साथ जहां वैश्विक मानव कल्याण के लिए विकास गाथाओं के नए-नए आयाम मिलजुल कर लिखे जा रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में एक दूसरे को साथ दे रहे हैं तो वहीं, आतंकवाद वित्तपोषण विस्तारवादी सोच वाले देशों पर वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार कर उन्हें अकेला सकेला करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। जहां एक ओर भारत विस्तारवादी देश पर कई समय पहले से डिजिटल स्ट्राइक कर सैकड़ों चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया है वहीं फिर अभी 1 नवंबर 2023 से लैपटॉप टेबलेट जैसे कई वस्तुओं के आयात पर बैन लगा दिया है, तो वहीं अमेरिका ने जून 2023 में विस्तारवादी देश ड्रैगन को डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का दर्जा छीना है और अब 9 अगस्त 2023 को अमेरिकी वेंचर कैपिटल और प्राइवेट एक्टिविटीज फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंध करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं जो करीब करीब 2 वर्षों के गहन विचार विमर्श के बाद हस्ताक्षर हुए हैं। ठीक उसी तरह यूरोपियन संघ के देश यूक्रेन-रूस युद्ध में एक पक्ष के समर्थन में चीन के होने से ईयू संगठन उनके खिलाफ हो गए हैं और अपने-अपने स्तरपर अनेक प्रतिबंध या तो लगाए गए हैं या फिर लगाने की योजनाएं चल रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि अभी पिछले हफ्ते में चीन पर वैश्विक प्रतिबंधों में भारत और अमेरिका द्वारा प्रतिबंध की कड़ी में डेवलपमेंट किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।



साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा 9 अगस्त 2023 को चीन पर लगाए निवेश प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने चीन में अमेरिकी निवेश पर सीमा लगा दी है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नेक्स्ट जेनरेशन मिलिट्री और सर्विलांस टेक्नोलॉजी को विकसित करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के प्रयासों के बीच उन्होंने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को उन्होंने ये आदेश जारी किया है,जो कुछ चीनी सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फर्मों में अमेरिकी निवेश को रेगुलेट करेगा। यानें अमेरिकी वेंचर केपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा। करीब दो वर्ष के विचार-विमर्श के बाद इस आदेश पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिका के इस निर्णय से चीन के साथ दूरी थोड़ी और बढ़ जाएगी। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, सेमिकंडक्टर और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने के चीनी प्रयासों में नए आदेश के बाद से वेंचर कैपिटल और निजी इक्विटी फर्म अपना पैसा निवेश नहीं कर सकती। सरकार का कहना है कि यह फैसला राष्ट्रहित में लिए गए हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक था। हालांकि, अमेरिका के फैसले को चीन अपने विकास में व्यवधान भी मान सकता है। अमेरिका ट्रेजरी विभाग का कहना है कि सरकार का फैसला अमेरिका को सुरक्षित रखने और अगली पीढ़ी के लिए महत्तवपूर्ण है। सरकार अमेरिका की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

साथियों अगर हम प्रतिबंध की सीमाएं देखें तो, ये आदेश (जो अगले वर्ष तक प्रभावी नहीं होगा) पूर्वव्यापी नहीं होगा और इसमें बायोटेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे इससे अप्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ सार्वजनिक ट्रेड सिक्योरिटीज, इंडेक्स फंड और अन्य एसेट्स में भी छूट मिल सकती है। अटलांटिक कार्उसिल की वरिष्ठ फेलो और इंडियाना यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल स्टडी की एसोसिएट प्रोफेसर ने इस फैसले को व्यावसायिक समुदाय के लिए अच्छी खबर बताया है। इक्विटी को टारगेटवेंचर-कैपिटल फर्मों और टेक इंडस्ट्री ने आदेश के दायरे को कम करने के लिए बाइडेन प्रशासन की पैरवी की थी, क्योंकि निवेशकों को डर था कि व्हाइट हाउस अमेरिकी निवेश पर व्यापक सीमाएं लगाएगा, वहीं यूरोपीय संघ समेत मित्र राष्ट्रों ने भी विरोध करते हुए कहा था कि गंभीर प्रतिबंध उनकी इकोनॉमीज को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अमेरिका के फैसले को चीन ने निराशाजनक बताया है।

साथियों बात अगर हम भारत द्वारा 1 नवंबर 2023 से लागू लैपटॉप टेबलेट आयात पर प्रतिबंधों की करें तो, भारत सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है, गुरुवार को सरकार की ओर से एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशक की अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी आयातों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे किसी भी आयात के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होगी अपवाद के रूप में प्रति खेप केवल एक ऐसे उत्पाद के आयात के लिए छूट दी जाएगी। सरकार के इस कदम से एपल, डेल और सैमसंग जैसी कंपनियों को झटका लगेगा और उन्हें भारत में अपना विनिर्माण बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भारत में मौजूदा नियम कंपनियों को स्वतंत्र रूप से लैपटॉप आयात करने की अनुमति देते हैं, लेकिन नया नियम इन उत्पादों के लिए एक विशेष लाइसेंस को अनिवार्य करेगा जैसा की 2020 में देश में टीवी के शिपमेंट के निर्यात पर लगाया गया था। सरकार के इस कदम से देश में विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा। इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग निकाय एमएआईटी के पूर्व महानिदेशक अली अख्तर जाफरी के अनुसार सरकार का यह कदम झटका नहीं बल्कि देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद है। जानकारों ने कहा, इस कदम का मकसद भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार इस कदम से डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसे कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को फायदा होने की उम्मीद है। कंपनी के शेयरों में सरकार के इस फैसले के बाद 7 फीसदी से अधिक की तेजी दिखी।

सरकार के फैसले का एक कारण डेटा चोरी से बढ़ी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करना भी, सरकार से जुड़े एक सूत्र के अनुसार स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के अलावा इस कदम का उद्देश्य चीन से आपूर्ति को रोकना है, क्योंकि उसे ऐसे उत्पादों के जरिए हो रही डेटा चोरी से सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। एक सूत्र के अनुसार प्रतिबंध से भारत को केवल विश्वसनीय भागीदारों से ऐसे हार्डवेयर आयात करने में मदद मिलेगी। भारत की ओर से प्रतिबंधित उत्पादों में से आधे चीन से आते हैं, जिसके साथ दिल्ली के संबंधों में 2020 में सीमा संघर्ष के बाद से खटास आ गई है। उसके बाद भारत ने ड्रैगन (चीन) से निवेश और व्यापार को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ाईभारत सरकार ने आईटी हार्डवेयर विनिर्माण में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए कंपनियों के लिए दो अरब डॉलर के प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ा दी है जिसमें लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर जैसे उत्पाद शामिल हैं। यह योजना वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति शृंखला में एक पावरहाउस बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 2026 तक 300 अरब डॉलर के वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य रखा है। सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल फोन जैसे उत्पादों पर पहले भी उच्च कर लगाने जैसे कदम उठाए हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा चीन पर डेवलपिंग कंट्री स्टेटस पर प्रतिबंध लगाने की करें तो, अमेरिकी संसद ने चीन को इकोनॉमिक फ्रंट पर तगड़ा झटका दिया है। हाल ही में यूएस सीनेट ने एक नए कानून को मंजूरी दी। इसके मुताबिक चीन को अब अमेरिका किसी भी सूरत में विकासशील देश (डेवलपिंग कंट्री) का दर्जा नहीं देगा अमेरिका के इस कदम का चीन की इकोनॉमी पर जबरदस्त असर पड़ेगा।

वर्ल्ड बैंक और दूसरे फाइनेंशियलइंस्टीट्यूशंस से उसे अब आसानी से और कम ब्याज पर लोन नहीं मिल सकेगा। चीन डेवलपिंग कंट्री स्टेटस की वजह से खुद तो आसान और सस्ता कर्ज लेता था, लेकिन गरीब देशों को कठोर शर्तों पर लोन देकर उन्हें कर्ज के जाल में फंसा लेता था। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे झटके पे झटका ! भारत ने ड्रैगन पर लैपटॉप टेबलेट तो अमेरिका ने डेवलपिंग कंट्री स्टेटस व निवेश पर प्रतिबंध लगाया।वैश्विक प्रतिबंधों का ज़बरदस्त प्रहार - ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।

## विचार

# पाकिस्तान की सियासी फिजा

*आदित्य नारायण*

पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री शहबाज शरीफके अपने पद से इस्तीफा देने के बाद इस देश में कार्यवाहक प्रधानमन्त्री की खोज अभी चालू है मगर पूरी दुनिया जानती है कि यह काम इस देश की सेना की मर्जी के बगैर नहीं हो सकता क्योंकि पूरी दुनिया में पाकिस्तान अकेला ऐसा मुल्क है जहां देश की सेना नहीं होती बल्कि 'सेना का देश' होता है। शहबाज शरीफने इस्तीफा पाकिस्तान के संविधान के तहत इस वजह से दिया है क्योंकि इसकी राष्ट्रीय एसेम्बली का कार्यकाल खत्म हो रहा है और अगले चुनाव होने तक मुल्क में निष्पक्ष चुनावों के लिए कार्यवाहक सरकार इस दौरान गठित की जाती है। पाकिस्तान में यह व्यवस्था 1985 से चली आ रही है। हालांकि इसका लोकतन्त्र आधा-अधूरा और सेना की तानाशाही के जेरे साया ही माना जाता है।

अब सूरतेहाल हाल यह है कि ऐसा हो सकता है कि मुल्क में चुनाव बजाय अक्तूबर महीने में होने के अगले साल फरवरी- मार्च महीने में हो सकें। यदि ऐसा होता है तो उस दौरान भारत में भी लोकसभा चुनावों का समां बन्ध चुका होगा और उस सूरत में नई दिल्ली व इस्लामाबाद के बीच किस तरह का राब्ता बनेगा जिससे दोनों मुल्क एक-दूसरे की राजनीति को प्रभावित करने वाले कोई काम न कर सकें। हालांकि पिछले वक्तों में दोनों मुल्कों के बीच यह अलिखित समझौता रहता था कि एक-दूसरे देश की चुनावी प्रक्रिया शुरू होने पर कोई ऐसी हरकत न की जाये जिससे उनकी सियासत पर असर पड़ सके।

मगर 2014 के बाद पाकिस्तान ने यह शालीनता दिखानी बन्द कर दी और ऐसी हरकतें एकाधिक बार कीं जिससे हिन्दोस्तान की सियासत मुत्तासिर हो। इसके कई उदाहरण दिये जा सकते हैं। लेकिन पाकिस्तान में पिछले साल मुस्लिम लीग (नून) पार्टी की जो शहबाज शरीफ सरकार बनी थी वह राष्ट्रीय एसेम्बली में तत्कालीन इमरान खान की सरकार को अविश्वास प्रस्ताव की मार्फत गिरा कर बामुश्किल बनी थी क्योंकि तब के वजीरेआजम इमरान खान ने पूरी एसेम्बली को ही अपनी खानदानी जायदाद समझ लिया था और इसके अध्यक्ष को अपना नौकर जैसा समझ कर सारे लोकतान्त्रिक नियमों को जेब में रख लिया था जिसकी वजह से यहां के सुप्रीम कोर्ट ने आधी रात को अपने दरवाजे खोलकर इमरान खान सरकार को बेदखल किया था। तब इमरान खान को पूरे पाकिस्तान में 'आइन शिकन' अर्थात कानून तोड़ने वाला कहा गया था।

इन्तेहा तो यह हो गई थी कि नये वजीरे आजम शहबाज शरीफ को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाने से किसी और ने नहीं बल्कि राष्ट्रपति ने ही इन्कार कर दिया था क्योंकि वह इमरान खान की पार्टी तहरीके इंसाफ की मदद से इस पद पर पहुंचे थे। खैर ये पाकिस्तान की अधकचरी जमहूरियत के अन्दरूनी मसले हैं मगर अब हकीकत यह है कि पाकिस्तान में चुनाव होने हैं जो शहबाज शरीफ के इस्तीफे के बाद 90 दिनों के भीतर हो जाने चाहिएं मगर इसमे एक पेंच यह फंस गया है कि यहां की सरकार ने नई डिजिटल रायशुमारी करने का हुक्म दे दिया। पिछली रायशुमारी 2017 में हुई थी जिसमें पाकिस्तान की जनसंख्या 21 करोड़ थी। नई रायशुमारी में यह जनसंख्या 24 करोड़ आयी है। कानून यह है कि चुनाव नई रायशुमारी के आंकड़ों के साथ होने चाहिए। यह काम चुनाव क्षेत्रों का नया परिसीमन हुए बिना नहीं हो सकता। यह काम पाकिस्तान का चुनाव आयोग करेगा और इसने कह दिया है कि इस काम में कम से कम 120 दिन लगेंगे। इसलिए चुनावों के अगले साल फरवरी-मार्च में होने का अन्दाजा लगाया जा रहा है। मगर इन चुनावों में साबिक या पूर्व वजीरेआजम इमरान खान भाग नहीं ले सकते हैं क्योंकि अदालत ने उन्हें बहुचर्चित तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पांच साल की सजा सुना दी है और वह आजकल जेल में हैं। हालांकि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय जाने का रास्ता उनके लिए खुला हुआ है। पाकिस्तान में हुकूमत में पाकिस्तानी सेना का दखल इस तरह रहता है कि वह अपने वफादार नेताओं को न केवल प्रधानमन्त्री बनवाती है बल्कि उनकी सियासी जमातों के हक में चुनावों में भी धांधली करा देती है। 2018 में इमरान खान हुकूमत में आये थे तो उन्होंने नारा लगाया था कि 'बल्ला घुमाओ- भारत हराओ'। तब भी आरोप लगे थे कि इमरान खान की पार्टी तहरीके इंसाफ के पक्ष में बैलेट पेपरों में हेराफेरी सेना ने कराई है। मगर इमरान खान की सरकार ने ही यह कानून बनाने की कोशिश की थी कि चुनाव ईवीएम मशीनों की मार्फत कराये जाये जिसका बहुत प्रबल विरोध पाकिस्तान की अवाम ने ही किया था। इसी से ईवीएम मशीनों की विश्वसनीयता के बारे में अन्दाजा लगाया जा सकता है। मगर शहबाज शरीफ की सरकार ने एक और कानूनी संशोधन यह किया है कि चुनावी दौर के लिए गठित कार्यवाहक सरकार को पूरे अख्तियार होंगे और वह पाकिस्तान की विदेश नीति से लेकर सभी प्रकार के अहम मामलों में दूरगामी फैसले ले सकेगी। इस वजह से पूरे पाकिस्तान में इस बात को लेकर गहमागहमी बढ़ती जा रही है कि कार्यवाहक प्रधानमन्त्री कौन होगा। इसी वजह से यह मुद्दा भी उठ रहा है कि यदि भारत व पाकिस्तान के राष्ट्रीय चुनाव लगभग साथ- साथ होते हैं तो इसका क्या प्रभाव होगा?

## साहित्य



# भ्रष्टाचार की कमाई का असर...

एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी

भ्रष्टाचार की कमाई का असर है

अब स्थिति जानवर से बदतर है
अब खामोशियां ही बेहतर है
पाप की कमाई का असर है
अब जिंदगी दुखदाई बसर है


अनुभव कहता है उस समय ठस्का था
पद पर बैठकर रुतबा मस्का था
पद कारण भ्रष्टाचार का चस्का था
भ्रष्टाचार में जीवन खोया पैसों का चस्का था


भ्रष्टाचार करके परिवार को पढ़ाया
टेबल के नीचे पैसे लेकर परिवार बढ़ाया
कितना भी समेट लो साहब
यह वक्त है बदलता जरूर है

सरकारी पद था उसकी यादें बहुत है
जिंदगी गुजर गई सबको खुश करने में
परिवार कहता है तुमने कुछ नहीं किया
सुनकर कहता हूं समय है बदलता जरूर है

खामोशियां ही बेहतर हैं
शब्दों से लोग रूठते बहुत हैं
बात बात पर लोग चिढ़ते बहुत हैं
गुस्से में रिश्ते टूटते बहुत हैं

## झरोखा





# राशिफल

**मेष:-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**बृषभ:-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

**मिथुन:-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है। पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने दें।

**कर्क:-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंह:-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या:-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुला:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ वर्तमान में जियें।

**वृश्चिक:-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कल्पनाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी।

**धनु:-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकर:-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभ:-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा।

**मीन:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता के लिए आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला पर महान सेनानी को नमन

हम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं पर इसकी पूर्व बेला में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल विजयलक्ष्मी पंडित, लोकमान्य तिलक, शहीद भगत सिंह, खुदीराम बोस जैसे महान सपूतों को सच्चे दिल से याद करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के अदम्य साहसी और शौर्य के अप्रतिम योद्धा सुभाष चंद्र बोस को भी पुलिस श्रद्धा तथा सम्मान के साथ याद करते हुए अपनी कृतज्ञता समर्पित करते हैं। सुभाष चंद्र बोस भारतीय इतिहास में एक महान सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी, अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान पुरुष जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेताओं के समकक्ष अधिकार के साथ बैठने तथा कूटनीति चर्चा का अधिकार रखते थे।

ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए भारत के बच्चे बच्चे को स्वतंत्रता की बलिवेदी पर हंस-हंस कर अपनी जान न्योछावर करने को तैयार करने के लिए तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले जिस महान योद्धा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के खून में शक्ति का संचार किया एवं संपूर्ण देश को एक सफल नेतृत्व दिया ऐसे महान सेनानी सुभाष चंद्र बोस को कृतज्ञ भारत राष्ट्र की श्रद्धांजलि एवं नमन। सुभाष चंद्र बोस एक ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जुझारू योद्धा थे, जिनके कदम लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे, और उन्होंने जो सपना देखा था उसे प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास किया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा प्रांत के कटक शहर में हुआ था। उनके पिता श्री जानकी दास बोस एक प्रसिद्ध सरकारी वकील थे। उनके पूर्वज पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के केदलिया गांव के निवासी थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कटक में हुई आगे की शिक्षा के लिए उन्होंने कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज में प्रवेश किया था। उनके पिता की इच्छा के अनुसार उन्होंने आई.सी.एस. की परीक्षा मेरिट में उत्तीर्ण की थी। यह अलग बात है कि उन्होंने स्वतंत्र संग्राम में कूदने के कारण उस सेवा मैं अपनी उपस्थिति नहीं दी।

अंग्रेजो के खिलाफ अपने संघर्ष की शुरुआत करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देशबंधु चितरंजन दास के सहयोगी बनकर की। प्रिंस ऑफ वेल्स के भारत आगमन पर उन्होंने जमकर विरोध किया एवं उनका बहिष्कार किया और फलस्वरूप उन्हें 6 माह की जेल दे दी गई। 1924 में जब देशबंधु कोलकाता के मेयर बने तब सुभाष चंद्र को उनका चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर बनाया गया। उनके स्वतंत्रता संग्राम के प्रति लगाव तथा उनकी लगातार अंग्रेज सरकार के विरोध में गतिविधि के कारण गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, किंतु उन्हें अधिक समय तक जेल में नहीं रखा जा सका, 1927 में फिर रिहा कर दिए गए। इस समय तक वे देश के प्रखर नेता बन चुके थे। उनकी ख्याति भारत की सीमा के पार जर्मनी, जापान अमेरिका, सोवियत रूस जैसे देशों तक पहुंच चुकी थी। 26 जनवरी 1930 को कोलकाता का मेयर रहते हुए उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का अलख जगा कर अंग्रेजों को भयभीत कर दिया था। एक विशाल रैली निकालकर अंग्रेजों का विरोध किया जिससे अंग्रेज शासन ने भयभीत होकर उन्हें फिर जेल में डाल दिया गया था इस बार उन्हें यातनाएं भी दी गई थी। इसके बाद सरकार ने सोची समझी साजिश के तहत उन्हें सीधा यूरोप के स्विजरलैंड भेज दिया गया था। नेताजी को रिहा नहीं किया गया था बल्कि निर्वासन दिया गया था, और यह बात सिद्ध हो गई जब अपने पिता की मृत्यु पर स्वदेश लौटते ही उन्हें गिरफ्तार कर उनके घर में ही नजरबंद कर दिया गया। वर्ष 1938 में वे कांग्रेस के हरिपुर अधिवेशन में गांधी जी द्वारा नामजद उम्मीदवार पट्टाभी सीतारामय्या के विरुद्ध अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर कामयाब हो गए थे। गांधी जी ने इस पराजय को अपनी पराजय माना था। सुभाष चंद्र बोस गांधी जी का बहुत सम्मान करते थे अतः दक्षिणपंथी कांग्रेसियों के असहयोग को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया और फॉरवर्ड ब्लॉक नामक एक नई पार्टी की स्थापना की थी। 1941 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया गया था, किंतु वे भेष बदलकर भागने में सफल हो गए। भारत से भागकर वे सीधे रंगून पहुंचे। उस समय जर्मनी के हिटलर तानाशाह ने उन्हें यथा योग्य सम्मान दिया एवं उनकी योजना को समर्थन तथा सहयोग भी दिया था। 1943 में सुभाष चंद्र बोस जापान चले गए वहां से सिंगापुर पहुंचे। जहां सेनानी रासबिहारी बोस ने उन्हें आजाद हिंद फौज का सेनापति नियुक्त किया। 1940 में सुभाष चंद्र बोस में सिंगापुर में ही आजाद भारत की स्थाई सरकार की घोषणा कर दी थी। उन्हें जापान, इटली, चीन, जर्मनी, फिलीपींस ,कोरिया, आयारलैंड देशों की सरकारों का समर्थन एवं मान्यता प्राप्त हो गई थी। बाद में उन्होंने रंगून को अपनी अस्थाई राजधानी बनाई थी। वर्ष 1945 को अंग्रेजी सैनिकों ने रंगून पर पुनः कब्जा कर लिया, आजाद हिंद फौज को इस युद्ध में भले ही हार का सामना करना पड़ा हो पर ब्रिटिश सरकार के सैनिकों के दांत खट्टे सुभाष चंद्र बोस के सैनिकों ने कर दिया था। वहां तैनात झांसी रेजीमेंट की वीरांगनाओं के अदम्य साहस शौर्य वीरता को कभी भुलाया नहीं जा सकता। द्वितीय युद्ध में जापान की हार के बाद सुभाष चंद्र बोस को नया रास्ता ढूंढना बहुत आवश्यक हो गया था।

उन्होंने रूस से सहायता मांगने का निश्चय किया। 18 अगस्त 1945 को हवाई जहाज से मांचूरिया की ओर जा रहे थे, इस सफर के दौरान वह लापता हो गए। 23 अगस्त 1945 को वायुयान दुर्घटना में उनकी मृत्यु के समाचार पर किसी को विश्वास नहीं हुआ। देश के प्रति दुर्लभ प्रेम की भावना का परिणाम था कि बीसवीं सदी के अंत तक भारतवासी यही मानते रहे कि उनके प्रिय नेता जी की मृत्यु नहीं हुई है और आवश्यकता पड़ने पर पुनः देश की बागडोर संभालने कभी भी आ सकते हैं। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण एवं अहम भूमिकाओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें 1992 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। नेताजी आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं है पर देशभक्ति का उनका अमर संदेश आज भी हमे देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को हम सब की तरफ से पुनः नमन प्रणाम।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# टोल टैक्स बचाने के चक्कर मे बड़े वाहन दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



नेशनल हाईवे 731 पर हैदरगढ़ के नजदीक बारा टोल से लगभग 1 किलोमीटर पहले बारा होते हुए, ग्रामीण सड़क पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के सर्विस लाइन से जुड़ी हुई है। जिस पर टोल बचाने के लिए आजकल बड़ी गाड़ियों का लंबा जाम रेलवे क्रॉसिंग बारा के समीत बड़ी आसानी से देखा जा सकता है। इस ग्रामीण रोड पर बाबा औघानेस्वर महादेव का मंदिर गोमती तट पर स्थित है। जिस पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है एक तरफ जहां भारी वाहन सरकार को चूना लगाते हुए इस ग्रामीण रोड का इस्तेमाल करके बारा टोल को क्रश कर सीधा हैदर गढ़ निकल जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं और स्कूली बच्चों की जान जोखिम में भी डालते हैं। इस समस्या से परेशान आकर ग्राम सभाबारा के प्रधान प्रतिनिधि आशाराम वर्मा ने जिला अधिकारी बाराबंकी को ज्ञापन देकर इस समस्या के निराकरण की मांग की है।

प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि एनएच 731से भारी वाहन टोल बचाने के चक्कर में बलिया एक्सप्रेस वे के सर्विस लेन तक जाने के लिए हमारी ग्राम सभा की ग्रामीण सड़क का इस्तेमाल करते हैं। जिससे कम समय में संपूर्ण रोड क्षतिग्रस्त हो गई है और मंदिर जाने वाले श्रद्धालु एवं स्कूल जाने वाले बच्चों पर निरंतर खतरा बना रहता है।

अगर तत्काल संज्ञान लेकर इस पर कोई कठोर कार्रवाई ना हुई तो यह उदासीनता बड़ी दुर्घटना का कारण बनेगी।

# बीएलओ ड्यूटी से हटाने के लिए महिला शिक्षकों ने बीईओ को दिया ज्ञापन



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष संगीता यादव ने अपनी कार्यकारिणी के साथ मिलकर खंड शिक्षा अधिकारी त्रिवेदीगंज जैनेंद्र कुमार को महिला शिक्षिकाओं को बीएलओ से मुक्त करने के लिए ज्ञापन दिया कहा कि शासन की मंशानुरूप माह दिसंबर तक कक्षा एक से तीन तक के बच्चो को निपुण लक्ष्य हासिल करना है तो ऐसे में जब महिला शिक्षिकाएं बी एल ओ का कार्य कैसे करेंगी और जब शिक्षिकाएं डोर टू डोर सर्वे के लिए गांव की ओर जाती हैं तब वहां गांव में लोग सही से बात करने के लिए नही उल्टे सीधे अमर्यादित जवाब देते हैं जोकि महिला शिक्षकों के हित में नहीं है और और अगर स्कूल समय के बाद सर्वे में जायेगी तो कहीं उनके साथ कोई अप्रिय घटना घट जाती है इसके जिम्मेदार कौन होगा खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया है की जल्द ही उपजिला अधिकारी हैदरगढ़ से मिलकर महिला शिक्षिकाओं को बी एल ओ कार्य से मुक्त किया जाए इस मौके पर महिला शिक्षक संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्चना यादव ऊषा सिंह नेहा पाल नेहा यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# महिला ने जेठ पर लगाया जबरिया धर्मांतरण का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत भिखरा गांव निवासी एक महिला ने अपने जेठ पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और मना करने पर जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजय हिंदुस्तानी के साथ कोतवाली पहुंची महिला ने तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

गांव निवासी मीनू पत्नी स्वर्गीय जय नारायण रावत ने बताया कि वह अपने पति जय नारायण के साथ पंजाब में रहती थी वहीं पर उसके जेठ सत्यनारायण अपनी क्रिश्चियन पत्नी के साथ रहा करते थे लॉकडाउन के दौरान जब खाने के लाले पड़े तो उसके पति ने तीन नाबालिक बच्चों के साथ उसे अपने घर भिखरा भेज दिया कोरोना काल के दौरान ही उसके पति की ढाई साल पहले मौत हो गई। इसी बीच उसके जेठ भी अपनी क्रिश्चियन पत्नी के साथ गांव आकर रहने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि उसके जेठ द्वारा लगातार 7 महीने तक घर के अंदर बंधक बनाकर रखा गया इस दौरान उस पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए लगातार दबाव बनाया जाता रहा जब उसने धर्म परिवर्तन से इंकार कर दिया तो उसके जेठ ने घर के बाहर कर दिया वही नहीं जान से मारने की धमकी दी। महिला ने यह भी बताया उसके जेठ ने उसे तमाम शारीरिक यातनाएं दी और शोषण किया धर्म परिवर्तन की जानकारी होने पर अपने साथियों के साथ गांव पहुंचे विजय हिंदुस्तानी महिला को लेकर कोतवाली पहुंचे और प्रार्थना पत्र दिलाकर कार्यवाही की मांग की। जिसके बाद पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर छानबीन कर रही है। वही विजय हिंदुस्तानी ने मामले की जानकारी ट्वीट कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



▸ देश की माटी देश की शान लाखों वीरों की है पहचान,
▸ इतिहास के पन्नों से आवाज है आती, बहुत ही अनमोल है मेरे देश की माटी जैसे नारों से गूंजी गांव की गलियां

बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फेंडली स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा स्वाधीनता आंदोलन के अमर सपूतों की झांकी सजाकर क्षेत्र के ग्राम छंदवल, बड़ी छंदवल, ककरहा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने देश के बलिदानियों को नमन किया और पंच प्रण का संकल्प दिलाया। शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं ने माटी गीत का सामूहिक गायन किया जिससे देशभक्ति का संचार हुआ। तिरंगा यात्रा में कक्षा 5 के छात्र आदर्श कुमार गांधी जी की भूमिका, दुर्गेश सरदार भगत सिंह, सुधीर यादव सुखदेव, कक्षा 3 के छात्र शिवनारायण चंद्रशेखर आजाद, कक्षा दो की छात्रा आराध्या महारानी लक्ष्मीबाई की भूमिका में नजर आईं।जिससे रैली में देशभक्ति का भाव व उत्साह बच्चों में जागृत हुआ, साथ ही साथ रैली में देश की माटी देश की शान लाखों वीरों की है जान, इतिहास के पन्नों से आवाज है आती, बहुत ही अनमोल है मेरे देश की माटी , भारत माता की जय आदि नारों से गांव की गलियां गूंज उठी। गांव में रैली के आगमन पर ग्रामीण उत्सुक होकर अपने अपने दरवाजे पर आ गए वह नन्हे-मुन्ने बच्चों की वेशभूषा में स्वतंत्रता सेनानियों की छवि देख कर प्रफुल्लित हो गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने बच्चों को देश की आजादी के लिए, अपनी जान गवाने वाले वीरों के बारे में जानकारी दी तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापक उमेश कुमार, वंदना वर्मा, पूनम रस्तोगी, शारदा रावत, सरिता यादव व अनीता, जियालाल, सरोज सरस्वती आदि ने योगदान किया। इस अवसर पर स्कूल के डेढ़ सौ छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

## सर्पदंश का शिकार हुई महिला, लोहिया में भर्ती



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** घर के बाहर सो रही एक 30 वर्षीय महिला को जहरीले सांप ने डस लिया जानकारी होने जिला अस्पताल ले गये हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेरिया मजरे गदवापुर निवासी लालजी कनौजिया की 30 वर्षीय रूबी देवी बीती रात्रि घर के बाहर सो रही थी कि रात्रि करीब एक बजे उंगली में विषैले सांप ने डस लिया परिवार के सदस्यों को जानकारी होते ही जिला अस्पताल मे भर्ती कराया हालात गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# पशुपालक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



बाएफ इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल लाइवलीहुड्स एण्ड डेवलपमेन्ट (बी. आई एस एल डी) उ0 प्र. द्वारा ग्राम सीठूमऊ में बाएफ पशु विकास केंद्र शालपुर के माध्यम से एक दिवसीय पशुपालक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. शुचि शुक्ला, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हैदरगढ़, डॉ. परितोष मिश्र पशु चिकित्सक लखनऊ, ज्ञानेश तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाराबंकी, पंकज शुक्ल, शालपुर, श्रीमती अनुराधा सिंह, ग्राम प्रधान शालपुर के साथ सभी चयनित पशुपालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन बाएफ संस्था द्वारा चलायी जा रही हरा चारा उत्पादन योजना के अन्तर्गत किया गया। यह योजना एच.डी.एफ.सी. बैंक के वित्तीय सहयोग से चलायी जा रही है। इसमें वर्ष भर हरे चारे की विभिन्न फसलों के बीज पशुपालकों को रियायती दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे।इस अवसर पर विपिन सिंह रतीपाल, अभिषेक दुबे,बाबा दीन जयसवाल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी हनोमान दुबे पूर्व प्रधान गंगाराम दुबे, विकास दुबे, अमन दुबे सुरेन्द्र तिवारी साहब शरण, राजेश कुमार शुक्ला, आशीष तिवारी, जय सिंह यादव, अजय तिवारी, राम रतन अर्जुनलाल प्रजापति पूर्व प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अतिक्रमण हटाने को लेकर शिवभक्त करेंगे उपवास

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लोधेश्वर महादेवा मे पहाडी बाबा की कुटिया पर व शिर्वाचन तालाब के अतिक्रमण और पावन दरबार मे शिवभक्तो की हुई असमय मृत्यु को लेकर वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी महंत बीपी दास की अगुवाई मे रविवार को एक दिवसीय उपवास एवं हवन पूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है ।जिसमे क्षेत्रीय सम्भ्रान्त जन भी शामिल रहेगे ।यह जानकारी देते हुये महंत बीपी दास ने बताया कि यह हवन पूजन महादेवा मंदिर मे शिवार्चन तालाब के अतिक्रमण कारी रियाज़ की ओर से व्यावसायिक भवन निर्माण के विरोध एवं अतिक्रमण हटाये जाने की मांग सहित वर्ष 2013 से 2023 के दौरान महादेवा में कांवड़ यात्रा एवं सावन मेला में आये शिवभक्तों की असमय एवं अस्वाभाविक मौत पर उनकी आत्मा की शांति के लिये आयोजित है ।इस बारे में एसडीएम रामनगर को पूर्व में ही सूचित किया जा चुका है।

### हत्या की घटना का पुलिस ने किया अनावरण

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 10 अगस्त 2023 को थाना स्थानीय के ग्राम पुरैना में पिता द्वारा अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में घटित हत्या की घटना का अनावरण करते हुए आज थाना हाजा पर पंजीकृत मुकदमें में नामजद वाछिंत अभियुक्त रमेश चंद्र पुत्र श्रीराम यादव ग्राम पुरैना मजरा नैनेपारा थाना फरधान जिला खीरी को थाना फरधान की पुलिस द्वारा गौरिया तिराहे से गौरिया गांव की ओर करीब 20 कदम की दूरी पर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसकी पुत्री का चाल चलन ठीक न होने का अभियुक्त को शक था तथा उसकी पुत्री का व्यवहार परिवार आदि खासकर उसके पिता से ठीक नहीं था। वह अक्सर घर से बिना बताये बाहर आती जाती थी तथा घण्टों बाहर रहती थी। जिस पर अभियुक्त द्वारा एतराज किया जाता था तो उसकी पुत्री द्वारा अभियुक्त के साथ काफी बुरा व्यवहार किया जाता था। जिससे अभियुक्त गांव वालों के समक्ष काफी लज्जित महसूस करता था। घटना वाले दिन भी अभियुक्त की पुत्री बिना बताये अपनी मर्जी से बाहर गयी थी। जिस पर बाहर जाने से पहले पिता व पुत्री के मध्य विवाद हुआ था तथा वापस आने पर पुनः विवाद हुआ था तथा विवाद को लेकर अपनी पुत्री को सबक सिखाने के उद्देश्य से अभियुक्त द्वारा अपनी पुत्री को अवैध तमंचे से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गयी थी। घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर को अभियुक्त की निशानदेही पर बरामद किया गया है। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। उपरोक्त अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस मौके गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सैनी,उ0नि0 संजीव कुमार तोमर , हे0का0 विमल रावत, का0 मनोज कुमार थाना फरधान मौजूद रहे।

### 16 परिवारों के विवाद को समाप्त कराया गया

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** पुलिस कार्यालय खीरी परिसर मे स्थित फ्परिवार परामर्श केन्द्र मे परिवारिक विवादों में पति पत्नी व परिवार के अन्य नातेदारी के रिस्तों मे हो रहे लड़ाई झगड़ा व कलह को परामर्श के द्वारा प्रभारी निरीक्षक असलम अली, काउन्शलर कुसुम गुप्ता, किरन अग्रवाल, कय्यूम ज़रवानी, नीति गुप्ता के द्वारा परामर्श से विवादो का निपटारा कराया जाता हैं। इसी क्रम मे आज दिनांक 12 अगस्त को 21 प्रकरण जो पति पत्नी व सास बहु के बीच विवाद के थे, जिसमे सुलह का प्रयास किया गया था जिसमे 16 मामलो मे सुलह करके आपसी कलह को समाप्त कर लिया व साथ साथ रहने के लिए तैयार हो गये हैं, 02 मामले न्यायालय मे लम्बित होने के कारण व 03 मामले मे अत्याधिक मन मुटाव होने के कारण सुलह नही हो पाया है एक ऐसा मामला भी आया जिसमे बहु ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पति प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है और अपनी कमाई के रुपये अपनी माता को देता है बहु ने अपनी दवाई लाने के लिए जब रुपये मांगे तो सास ने देने को मना कर दिया था बहु ने अपनी सास के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें सास को बुलाकर बहु से सुलह समझौते से आपसी कलह को समाप्त कराने का कार्य किया गया है , उन्हे अगले शनिवार को पुन- सुलह के लिऐ बुलाया गया है। पक्षकारो में परामर्श कराने प्रभारी निरीक्षक असलम अली, उपनिरीक्षक सुमन बाला, मुख्य महिला आरक्षी भावना तिवारी, महिला आरक्षी रश्मि मिश्रा, मुद्रिका चौहान, मेहा सिंह का सराहनीय सहयोग रहा है।

### डीएम ने समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना फरधान, थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस थाना फरधान में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत हैं।

# युवा देखें बड़ा सपना, यह उज्ज्वल भविष्य की बड़ी उपलब्धि : अंगद

**सौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



युवाओं को बड़ा सपना देखना उज्ज्वल भविष्य की बड़ी उपलब्धि है युवाओ को व्यवसायिक शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देना चाहिए तभी जीवन को साकार किया जा सकता हैं।

उक्त विचार शनिवार को वीणा सुधाकर महाविद्यालय मे नेहरू युवा केंद्र एव आँखे फाउंडेशन के तत्वाधान मे आयोजित युवा संवाद 2047 के पंच प्रण को कार्यक्रम को सम्बोधित करते सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह ने कही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के पंचप्रण को आत्मसात कर हर युवा देश को अपना सर्वोत्तम देते हुए 2047 तक भारत को दुनियाँ के विकसित राष्ट्रों के पंक्ति में लाकर सबसे अधिक मजबूत बनाना है।

प्रधानमंत्री द्वारा घोषित पंच प्रण आधारित युवा संवाद 2047 की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विनय दास ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत बहुत महान है इसके संरक्षण से ही देश की महानता बरकरार रखी जा सकती है। डॉ दास ने यह भी कहा कि हमको गर्व है कि अयोध्या काशी की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित संवर्धित कर महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दिया गया है। डॉ. सुजीत चतुर्वेदी प्रबंधक टी आर सी लॉ कॉलेज ने राजा परीक्षित की पौराणिक कथा के माध्यम से स्वागती भाव और विनम्र गुण के महत्व को उल्लेखित किया। डॉ चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि एक मन होकर कार्य करने से खुशहाली रहती है। युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नमामि गंगे अंतर्गत जिला गंगा संरक्षण समिति के सदस्य प्रदीप सारंग ने पंच प्रण के पांचवे बिंदु नागरिकों कर्तव्य विषय पर चर्चा करते हुए संविधान उल्लिखित 11 कर्तव्यों पर विस्तार से आख्यान प्रस्तुत किया। आँखें फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानन्द वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा महाविद्यालय के शैक्षिक समन्वयक दिनेश सिंह ने आभार प्रकट किया। युवा संवाद कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ बलराम वर्मा, एड रजत बहादुर वर्मा, गुलजार बानो, वीरेंद्र तिवारी, रमेशचन्द्र रावत, कुलदीप वर्मा, अब्दुल खालिक डॉ राम सुरेश वर्मा, अर्चना यादव, सुष्मिता शुक्ला, ज्योति सिंह, की विशेष उपस्थित रही।

# जैविक खेती व पराली प्रबंधन की दी जानकारी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को ग्राम पंचायत नसीरनगर में द मिलियन फार्मर्स स्कूल किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विविधिकरण, जैविक खेती, मूल्य संवर्द्धन व पराली प्रबंधन विषयों पर किसानो को प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किसान पाठशाला में उपस्थित किसानों को उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने फसल बीमा व जैविक खेती, किसान सम्मान निधि योजना, बीज ग्राम योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने धान में उर्वरक एवं जल प्रबंधन के बारे में बताया। उद्यान विभाग व पशुपालन विभाग की एकीकृत बागवानी मिशन योजना, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, संरक्षित खेती, ड्राप मोर क्राप, कुक्कुट पालन, खुरपका तथा मुंहपका रोग नियंत्रण कार्यक्रम निश्शुल्क वितरण योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जैविक खेती के महत्व के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों को फसल बोआई से लेकर फसल के विपणन तक सभी जानकारियों से प्रशिक्षित किया। आयोजित पाठशाला में किसानों को पराली न जलाने व कृषि यंत्रों को अनुदान पर प्राप्त करने के लिए टोकन प्रक्रिया, बीज ग्राम योजना, मिनीकिट वितरण व पीएम किसान योजना के बारे में जानकारी दी।

# बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद मुहैया करा रहा प्रशासन

**लखीमपुर, खीरी समृद्धि न्यूज।**

▸ प्रशासन दे रहा बाढ़ पीड़ितों के घर दस्तक, बांट रहा डोर टू डोर लंच पैकेट



डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह के नेतृत्व, मार्गदर्शन में तहसील प्रशासन की पूरी टीम बाढ़ क्षेत्र इलाकों में दस्तक देकर बाढ़ पीड़ित को लंच पैकेट वितरित कर रहा। जहां एक ओर तहसील प्रशासन बाढ़ में फंसे लोगों को ऊंचे स्थानों पर पहुंचा रहा, वहीं दूसरी ओर जो बाढ़ में फसे बीमारो को पलिया सीएससी पहुंचाया रहा है। जहां पर उनका इलाज सही ढंग से हो सके।

उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह ने बताया कि तहसील प्रशासन से तहसीलदार आरती व नायब तहसीलदार ताहिर परवेज अहमद के संग लेखपालों को लगाया गया है। जहां पर लेखपाल अधिकारी नहीं पहुंच पा रहे हैं। अधिक बाढ़ का पानी आ गया। वहां पर नाव का सहारा लेकर बाढ़ पीड़ित लोगों के घर राहत सामग्री तहसील प्रशासन द्वारा लगातार बांटने का कार्य किया जा रहा है।

तहसीलदार आरती ने शनिवार को बसंतापुर कला में लंच पैकेट सहित बाढ़ राहत सामग्री बांटने का कार्य किया है। वही नायब तहसीलदार ताहिर परवेज अहमद ने लेखपालों की मौजूदगी में देवीपुर व गजरौरा में राहत सामग्री का घर-घर जाकर वितरण किया जा रहा है। एसडीएम कार्तिकेय सिंह व तहसीलदार आरती नायब तहसीलदार ताहिर परवेज अहमद, भानु प्रताप सिंह सहित लेखपाल के द्वारा प्रधानों को बुलाकर तहसील प्रशासन द्वारा राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

तहसील निघासन में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व, मार्गदर्शन में बाढ़ प्रभावित ग्राम सूरत नगर के मजरा चोगुर्जी, ग्रट नंबर 12 के मजरा परसपुरवा में राजस्व टीमों के जरिए लंच पैकेट का वितरण कराया जा रहा। उक्त दोनों गांव के अलावा नया पिंड गांव में राजस्व विभाग की ओर से नाव लगाई गई है। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र की सभी बाढ़ चौकिया को अलर्ट करते हुए सतर्कता और सचेत रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए। तहसीलदार भीमसेन भी भ्रमणशील रहकर प्रभावित परिवारों से संपर्क एवं समन्वय बनाए हुए है।

### 65 विस्थापित परिवारों को दी राहत किट

**गोला गोकरणनाथ।** एसडीएम रत्नाकर मिश्रा के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने का सिलसिला जारी है। ग्राम करसौर के मजरा नयापुरवा, चकपुरवा में कटान जारी है, जहा प्रशासन की ओर 04 तारीख से लगातार प्रभावित परिवारों को लंच पैकेट वितरित किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित गांव जौहरा,गुजारा, रूरा सुल्तानपुर, करसौर, मुड़िया में लंच पैकेट का वितरण चल रहा है। ग्राम रूरा सुल्तानपुर के मजरा कोरियाना में 65 विस्थापित परिवारों को जनप्रतिनिधियों एवं अफसर की मौजूदगी में राशन किट (आटा 10 किग्रा, चावल 10 किग्रा, अरहर दाल 02 किग्रा, हल्दी, सब्जी मसाला 200-200 ग्राम, मिर्च 100 ग्राम, सरसों का तेल/ रिफाइन्ड तेल - 1 लीटर, नमक 01 किग्रा, जेरीकेन: 01 (20ली), तिरपाल- 01, लाई 5 किग्रा, भुना चना 02 किग्रा, गुड़ 01 किग्रा, बिस्कुट 10 पैकेट, माचिस 01 पैकेट, मोमबत्ती 01 पैकेट, नहाने का साबुन 02 आदि सभी अनुमन्य सामग्री प्रदान की गई है।

### डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा

शनिवार कोअपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह ने तहसील सदर, विकासखंड फूलबेहड़ अंतर्गत मिलपुरवा बंधे सहित प्रभावित गांव का स्थलीय निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। एडीएम ने एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के साथ तहसील सदर के बाढ़ प्रभावित गाँव गोपालपुर, खगईपुर,छोटी कन्धी, नरहर, गूम का निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों का दुख दर्द जाना। उन्होंने प्रभावितों से संवाद कर प्रशासन की ओर से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। एडीएम ने न केवल बाढ़ चौकिया को अलर्ट किया बल्कि उन्हें सक्रियता से संचालित कर प्रभावित गांवों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए मुस्तैद रहने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी राजस्व कर्मी प्रभावित गांव में सतर्क दृष्टि रखकर हर प्रभावित परिवार को अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराएं। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। तहसील सदर के बाढ़ प्रभावित गांवों में एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के निर्देश सन एवं मार्गदर्शन में राजस्व टीमों द्वारा खगई पुवा, बालूगज, नरहर, मंगलीपुरवा, बवशीपुरवा, इच्छारामपुरवा, जदीदपुवा, रमपुरवा, कुचलिहा, जगन्नाथपुरवा, खमरिया, सिंधिया, मेहंदी, बड़ागाव, बसंहाभूड़ में लंच पैकेट का वितरण अपनी देखरेख में कराया जा रहा है।

# पालिकाध्यक्ष के प्रयास से जगमगा उठा नगर

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर शहर में साफ सफाई व्यवस्था एवं पार्कों का सुंदरीकरण तथा काशीराम कॉलोनी से वैदेही वाटिका तक लगे डिवाइडर पर खंभे में जगमगाती हुई लाइट लगवाई गई । वही प्रमुख चौराहे को तिरंगे रंग से सजाया गया लालबाग चौराहे को प्रमुख रूप देते हुए विशेष तरीके से सजावट की गई । आंख अस्पताल मार्ग पर सरोजिनी वाटिका के निकट रात्रि में जगमगाती हुई झालर दिखाई दी बहुगुणा चौराहे को आकर्षक तरीके से सजाया गया वहीं वैदेही वाटिका एवं रोडवेज चौराहा पर भी तिरंगा रंग से कपड़े लगाकर आकर्षक बनाया गया। नगर पालिका में भी जगमगाती हुई लाइट दिखाई दी नेहा अवस्थी नगर अध्यक्ष ने बताया की अमृत रथ यात्रा सीतापुर के शहीद पार्क लालबाग में पहुंचने के बाद से शहर को प्रमुख रूप से सजाने का कार्य किया गया है जैसा अभी तक प्रमुख रूप से चौराहे नहीं सजाए गए इस बार विशेष रूप से शहर में सजावट एवं सफाई पर ध्यान दिया गया है स्वतंत्रता दिवस भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा उन्होंने बताया की प्रातः कालीन विद्यालय की प्रभात फेरी एवं दोपहर में परेड तथा प्रमुख विभागों की झांकियां एवं कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है।

## शारदा-घाघरा में जलस्तर बढ़ने की अलर्ट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उत्तराखंड में अगले पांच दिन भारी बारिश का अनुमान है। इसके मद्देनजर जिले की शारदा और घाघरा नदी में 14 से 18 अगस्त के बीच तेजी से जलस्तर बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून से जारी मौसम पूर्वानुमान/ चेतावनी के जरिए उत्तराखंड प्रदेश में अगले पांच दिन भारी बारिश का अनुमान बताया है। डीएम ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। सभी एसडीएम/ तहसीलदार अपने क्षेत्र अंतर्गत स्थापित सभी बाढ़ चौकी को अलर्ट मोड में रखे। छोटी नावों का कदापि प्रयोग ना करें। बड़ी नाव का सुरक्षित तरीके से आवश्यकता अनुसार प्रयोग करें, जिसमें क्षमता से अधिक व्यक्ति सवार न हो।

# जनमानस को स्वच्छता के प्रति किया जागरूकता

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत चलाए जा रहे आई ई सी गतिविधियों का आयोजन आई ई सी गतिविधियो के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति की बैठक, पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, सोशल मैपिंग, प्रत्येक विद्यालयों पर स्वच्छता क्लब का गठन एवं ड्राइंग व निबंध प्रतियोगिता ,आंगनवाड़ी केंद्रों पर पेयजल स्वच्छता संबंधित बैठक , प्रदर्शनी, इत्यादि कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व ग्राम पंचायत स्तर पर होनी है विकासखंड रेउसा ग्राम पंचायत में किया गया कार्यक्रम का कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक शाहनवाज अहमद ने कहा कि किस प्रकार से हमारे पूर्वजों कुओं से पानी पिया करते थे आज स्थिति यह है कि हमें 55 लीटर पानी के दायरे में लाकर रख दिया गया है इसी प्रकार से दोहन करते रहे वह दिन दूर नहीं जब हमें एक एक बूंद पानी के लिए जूझना पड़ सकता है, कार्यदाई संस्था की तरफ से बेहद सराहनीय कार्य किया जा रहा है जिससे आम जनमानस को स्वच्छता वा पेयजल के प्रति जागरूकता होगी जिससे पेयजल स्त्रोतों का ख्याल भी रखा जाएगा कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक बदरुद्दीन खान,नौशाद आलम, खुर्शीद अली ,मनीष सिंह, यदि उपस्थित रहे।

# योग गुरु आचार्य अजय पाठक महाराज को मिले 'पद्म विभूषण' अवॉर्ड: अनामिका अग्निहोत्री

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**धनवंतरी** पतंजलि संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक महाराज जी योग, आयुर्वेद,प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जनहित और राष्ट्रहित में समाज के प्रति अनेक कार्य किए हैं और कोरोना काल मे कई हजार मरीजो को 45 दिन कोरोना हॉस्पिटल में रहकर योग-आयुर्वेद एवमं आयुर्वेद काढ़े बनाकर उत्तर प्रदेश के कई जिलो के मुख्यालयों हॉस्पिटल में लोगो की कोरोना मरीजो की जान बचाई, संस्थान की छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी यशस्वी पाण्डेय एवमं सन्स्थान के एवमं महाराज जी के योग संघर्षो के सहयोगी आयुष बंसल ने कहा कि आचार्य अजय कुमार पाठक महाराज जी पिछले 14 वर्षो से नंगे पैर कई सरकारी नौकरी छोड़कर राष्ट्र निर्माण में ब्रह्मचारी बनकर सेवा कर रहे है । धनवंतरी पतंजलि समिति संस्थान उत्तर प्रदेश प्रभारी दरोगा देव यादव एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी एवमं संस्थापक सदस्य संदीप मद्धेशिया ने बताया कि आचार्य अजय पाठक महाराज जी ने इससे पूर्व में भी योग में दो बार विश्व कीर्तिमान हासिल कर जनपद सोनभद्र का नाम ओर उत्तर प्रदेश में रोशन किया था,संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पश्चिम बंगाल की प्रदेश प्रभारी ओलंपिया मुखर्जी जी ने कहा की इस बार आचार्य जी द्वारा 28 सितम्बर की वर्ल्ड रिकॉर्ड के कार्यक्रम में पुनः सम्मिलित होकर तीसरे वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर पुनः विश्व कीर्तिमान हासिल कर संस्थान के साथ-साथ प्रदेश में गौरव हासिल करेंगे,संस्थान की संस्थापक सदस्य एवमं राष्ट्रीय प्रभारी फ़िजी आयरलैंड की वर्तमान निवासी अनामिका अग्निहोत्री ने बताया कि संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय पाठक महाराज जी ने धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान के माध्यम से पूरे देश ही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग-आयुर्वेद के माध्यम कई हजार योग साधको को रोग मुक्त कर स्वास्थ लाभ दिया है और साथ संस्थान की की विन्नता जगह शाखाओं के माध्यम से योग प्रशिक्षको के माध्यम से भी संस्थान के उद्देश्य को पूरा कर रहे है । जल्दी धनवंतरी पतंजलि समिति संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश में सबसे बड़े गुरुकुल के निर्माण के लिए आधारशिला रखी जाएगी जिसमें योग ,आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ शास्त्रों एवं उपनिषदों की अध्ययन का पठन-पाठन किया जाएगा।

# बच्चों ने किया प्रतिभाग मेरी माटी मेरा देश निकला तिरंगा यात्रा

- रावटसगंज नगर स्थित प्रकाश जीनियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**रावटसगंज** नगर स्थित प्रकाश जीनियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के द्वारा शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान में तिरंगा यात्रा विद्यालय में निकाला गया बच्चों को दिया गया एक देश के नाम सन्देश। इस दौरान बच्चे भारत माता की जय, मेरी माटी मेरा देश जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाते हुए विद्यालय परिसर का ब्राह्मण किया वही विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र यादव प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जैन ने इस अवसर पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा देशभक्ति राष्ट्रीय गौरव और अपनेपन की भावना पैदा करने के लिए निकल गया है मेरी माटी मेरा देश की अवधारणा देश की स्वतंत्रता और प्रगति यात्रा की याद दिलाते हुए भारत की मिट्टी के लिए जन जन के हृदय में चिंतन रूप से स्थित प्रेम को और भी सुपुषित करने और हमारी माटी में बसे वीरता के स्थाई भाव का उद्दीपन करने की भाव भूमि के समावेश की एकीकृत परिकल्पना है यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलाया जाना सुनिश्चित है इस मेरी माटी मेरा देश तिरंगा यात्रा में विद्यालय के सीईओ संतोष पांडेय समस्त अध्यापक तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### रामपथ पर मौत मामले में सपा ने जताया दुख,उठाई मुआवजे की मांग

**अयोध्या।** शनिवार को मजदूरी कर लौट रहे बेगमपुरा निवासी संतोष कुमार उर्फ चप्पू की रामपथ स्थित टेढ़ी बाजार चौराहे पर खुदे गड्ढे मे गिरने से हुई मौत की घटना पर समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने गहरा दुख जताया है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है जो इस तरह की दुर्घटनाएं आए दिन हो रही हैं।उन्होंने कहा कि आज मृतक के परिवार मे शोक व्याप्त है।उन्होंने सवाल उठाया कि उसके पीछे छूट गई तीन जिन्दगीयों का पालन पोषण कैसे होगा?उन्होंने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए,घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जो भी दोषी हो उस पर कड़ी कारवाई की जाए।महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी जेसीबी से एक युवक की तथा करेंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।इसके बाद भी लापरवाही लगातार बढती जा रही है।उन्होंने कहा कि बड़े बड़े होल खुले छोड़ देने से आए दिन लोगों को इस तरह की दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है।रामपथ से जो रास्ते जुड़े हुए हैं,अब वो भी खोद दिए गए हैं जिससे आमजनमानस को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,लेकिन प्रशासन हांथ पर हाथ धरे बैठे हैं।पूरा नगर निगम क्षेत्र अस्तव्यस्त है और जनता की कोई सुनने वाला नहीं है।

### संयुक्त विपक्षी मोर्चा इंडिया के जीतने पर होगा देश का समग्र विकास: विजय

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह सिंह के विचारों वाली पार्टी है जो जनतंत्र,किसानों और मजदूरों के हित और समता मूलक समाज में विश्वास रखती है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि देश के विकास के लिए लोकतंत्र और भारतीय संविधान की हिफाजत के लिए राष्ट्रीय लोक दल संयुक्त विपाछी मोर्चा इंडिया के साथ है।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल पूरे देश में एनडीए को हराने मे इंडिया गठबंधन में प्रभावी भूमिका अदा करेगा।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश में बेहतशा महंगाई बेरोजगारी व कुपोषण बढ़ा है और किसानों की फसल का उचित दाम नही मिल पा रहा है।देश का सिर्फ कागजी विकास हो रहा है। उन्होंने मांग उठाई कि मणिपुर में शांति और अमन चैन स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार सख्त कदम उठाए। संयुक्त विपक्षी मोर्चा इंडिया 2024 में जीतेगा और तब देश का समग्र विकास होगा।

### साहब! दबंग नाबालिग के नाम जमीन अपने नाम दर्ज कराने का रच रहे कुचक्र

**जालौन (उरई)।** गांव के दबंग नाबालिग के नाम जमीन पर जबरन करना चाहते हैं। संरक्षक को धमका रहे हैं। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाऊदपुर निवासी दंगल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पिता के नाम गांव में कुछ जमीन थी। जिसे वर्ष 2021 में उन्होंने नाती प्रिंस के नाम रजिस्ट्री कर दी है। प्रिंस अभी नाबालिग है ऐसे में उन्हें संरक्षक बनाया गया है। लेकिन गांव के ही कुछ लोग उक्त जमीन को हड़पना चाहते हैं और उस पर कब्जा करना चाहते हैं। जिसके चलते वह उसे धमकाते रहते हैं। सिहारी में रहने पर उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। जिसके चलते वह गांव से जालौन आ गया है। लेकिन अब फोन पर भी उसे धमका रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लघुशंका के दौरान युवक को पत्थर मारने की पुलिस कर रही जांच

**जालौन (उरई)।** लगभग तीन माह पूर्व लघुशंका के दौरान गांव के ही दो लोगों ने युवक पर पत्थर से हमला कर उसे घायल कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी रमेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि बीती सात मई को उनका पुत्र बृजमोहन गांव में ही आयोजन शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। घर के ऊपर शादी समारोह के कार्यक्रम संपन्न हो रहे थे। रात करीब साढ़े 10 बजे उनका पुत्र लघुशंका के लिए नीचे आया और गली में लघुशंका करने लगा। तभी वहां गांव के ही हरिओम व सुनीत आए और पुत्र के साथ गाली, गलौज करने लगे। पुत्र ने जब उन्हें गाली देने से मना किया तो दोनों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिसमें पुत्र को सिर व नाक में चोटें आईं और वह बेहोश होकर गिर गया। पुत्र को पिटता देख जब आसपास के लोग वहां पहुंचे तो उक्त दोनों जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। मौजूद लोगों ने उन्हें जानकारी दी। जिसके बाद वह उसे तत्काल सीएचसी जालौन और मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसका चल रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### खेत में बकरी चराने के दौरान हाईटेंशन करेंट से जले हाथ

**जालौन (उरई)।** खेत में बकरी चरा रहा पशुपालक बिजली की हाईटेंशन तार के चपेट में आ गया। करंट लगने से उसके हाथ झुलस गए। घायल अवस्था में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली कुठौंद के ग्राम हदरूख से अतरछला को जाने वाली हाईटेंशन लाइन जमीन के करीब झूल रही है। शनिवार को ग्राम हदरूख निवासी मगनलाल पुत्र राजाराम उसी रोड पर स्थित खेत में बकरी चराने गए थे। दोपहर में धूप से बचने के लिए वह छाता लगाए हुए थे। जैसे ही बकरी चराते हुए वह हाईटेंशन लाइन से नीचे से निकले तो उनका छाता हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। छाता में करंट आने के कारण उनके दोनों हाथ झुलस गए। साथ ही छाती में छाता की राड संपर्क में आने के कारण वहां भी घाव हो गया। गनीमत रही कि करंट लगते ही वह जमीन पर गिर गए जिससे उनकी जान बच गई। साथी पशुपालकों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

### तमंचा, कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**कुठौंद (जालौन)।** सिरसा कलार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीती रात्रि भदेख संपर्क मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में खड़े एक वांछित को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद किये। मिली जानकारी के अनुसार थाना पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान थाना प्रभारी दिनेश कुरील को सूचना मिली कि गांव लहर कनार के पास एक संदिग्ध व्यक्ति तमंचा के साथ मौजूद हुए किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम टिकरी निवासी पंकज कुमार को एक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया बाद में पुलिस में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया थाना प्रभारी ने बताया पकड़ा गया युवक गांव की एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में वांछित चल रहा था।

# सहजनवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसूता के ऑपरेशन के नाम पर धन उगाही का आरोप मामले में अभी नहीं हुई कोई कार्रवाई

- सीएससी के जिम्मेदार द्वारा कराया जाता है मरीजो से धन वसूली-जिले के जिम्मेदार बेखबर

सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज़




**सहजनवा** सीएससी में दिनांक 7/8/23दिन सोमवार की सुबह तहसीलदार ने अपनी पुत्री को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था ऑपरेशन व ब्लड जांच के नाम पर हॉस्पिटल कर्मियों द्वारा धन उगाही के मामला प्रकाश में आया था। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर गुहार लगाई थी सी एस सी के जिम्मेदार मामले को लीपा पोती करने में लगे आप को बतादे की गीडा थाना क्षेत्र के भपसा निवासी तहसीलदार की पुत्री शबनम टांडा अंबेडकर नगर की निवासी है। वर्तमान समय में वह मायके आई हुई थी। पुत्री को दूसरी बार प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को सीएससी सहजनवा में भर्ती कराया गया था पीड़िता के पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुत्री की दूसरी डिलीवरी थी। प्रसव पीड़ा होने पर गांव में ही तैनात आशा कर्मी कालिंदी द्वारा सोमवार सुबह 10-00 बजे सीएससी सहजनवा में भर्ती कराया गया। पिता का आरोप है कि सीएससी के ओटी में तैनात टेक्नीशियन द्वारा ब्लड जांच के नाम 1500 तथा ऑपरेशन के नाम पर 5 हजार रुपए की धन वसूली की गई थी वही डॉक्टरों द्वारा इलाज में लापरवाही के चलते मासूम की मौत भी हो गई। पीड़िता द्वारा अस्पताल कर्मियों द्वारा की जा रही धन उगाही की शिकायत की गई है।वही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजो से स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर मरीजों से धन की वसूली किया जाता है वही सूत्रों से पता चला है कि सी एस सी के जिम्मेदार द्वारा वसूली कराई जाती है हॉस्पिटल परिसर में दलालो का जमावड़ा भी लगा रहता है सरकारी सुविधा के जगह मरीजो को बाहर की दवा लिखी जाती है वही इस मामले में अधिछक ब्यास कुशवाहा से पूछा गया तो उनका कहना था कि टेक्नीशियन द्वारा मरीज से धन उगाही किया गया था उस पैसे को परिजन को वापस कराया गया था और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जल्द कार्यवाही की जायेगी लेकिन सोचने वाली बात यह है कि वही जब डिप्टी सीएमओ एके सिंह से बात किया गया तो उनका कहना है कि अभी यह मामला हमारे संज्ञान में नही आया है जब इस विषय में सीएमओ गोरखपुर से बात किया गया तो उन्हों ने बताया कि अधिछक द्वारा हमे कोई लिखित शिकायत नही किया गया है, फिर हाल मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के ऊपर कार्यवाही की जायेगी।इतना कुछ होने के बाद अधिछक द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को भी गुमराह किया जा रहा है और मनमानी तरीके से हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है और मरीजो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।अब देखना है कि इस पूरे प्रकरण मे क्या कार्यवाही होती है।

# दो पशु तस्कर गिरफ्तार

कोन। समृद्धि न्यूज़



**पुलिस** अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल नेतृत्व में अपराध निरीक्षक एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार की रात में मुखबीर द्वारा उपनिरीक्षक को सूचना मिला कि खेमपुर की तरफ से गोवंश तस्कर भारी संख्या में गोवंश तस्करी के लिए ले जा रहे हैं इस सूचना पर कोन थाना प्रभारी को सूचना देते हुएउपनिरीक्षक हमराह पुलिस बल के साथ रात्रि में घात लगाकर तैयार हो गए सुबह लगभग 3-40 पर खेमपुर पहाड़ी के बगल से जंगल के रास्ते 16 गोवंश को तस्करी हेतु ले जाया जा रहा था जिस क्रम में दो पशु तस्कर को खेमपुर पहाड़ी के पास गिरफ्तार कर लिया गया रात्रि अंधेरे का फायदा उठाकर तीन पशु तस्कर फरार हो गए गिरफ्तार पशु तस्कर से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि कई दिनों से इन गोवंशों को एकत्रित कर रहे थे आज इन गोवंशो को बध हेतु झारखंड होते हुए पण्डुआ पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था ग्रामीणों की मदद से गोवंशों के चारा पानी की व्यवस्था की गई इस संदर्भ में कस्बा निवासी पर गोवंश की विभिन्न धाराओं में पंजीकृत कर लिया गया गिरफ्तारअभियुक्त गण राजनाथ पासवान पुत्र संपत दिनेश कुमार यादव पुत्र राम भजन यादव समस्त निवासी खेमपुरके रहने वाले हैं ।गिरफ्तारी करने वाली टीम मेंमुख्य रूप सेउप निरीक्षक अशोक राय उप निरीक्षक उमेश राय उपनिरीक्षक हरिकृष्ण यादव हेड कांस्टेबल संजय चौहान कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह कांस्टेबल रूपेश कुमार कांस्टेबल चंदन सरोज कांस्टेबल राजेंद्र प्रसादएवं कांस्टेबल पन्नालाल मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स का आयोजन 19 को

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**जिला** क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन ने बताया कि जनपद के समस्त राजकीय अधिकारी, कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023-24 में सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स होने हैं जिनका निर्धारित कार्यक्रम के अनुक्रम में जिला खेल कार्यालय, उरई के तत्वाधान में 19 अगस्त 2023 को प्रातः 11 बजे से राज्य कर्मचारी, अधिकारियों के विभिन्न खेलों टेनिस, बालीवाल, तैराकी, बास्केटबाल बैडमिन्टन टेबुल-टेनिस, कबड्डी, शतरंज भारोत्तोलन एण्ड बेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटवाल कैरम बिज, कुस्ती, पावरलिफ्टिंग, क्रिकेट एवं हॉकी में जनपद स्तरीय चयन, ट्रायल्स में चयन, दायल्स फिजीकल टेस्ट के आधार पर सम्पन्न होंगे। उक्त संबंध में प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राजकीय अधिकारी, कर्मचारी आटोनोमनस बाडी पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग को छोड़कर उक्त खेलों की जिला स्तरीय चयन, ट्रायल्स में भाग लेना चाहते है वह अपने कार्यालय के सक्षम अधिकारी के अनुमति पत्र के साथ इन्दिरा स्टेडियम, उरई पर 19 अगस्त 2023 को समय से उपस्थित होकर प्रतिभाग करने का कष्ट करे। सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स में पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी ही भाग लेंगे। जिला, मण्डल, प्रदेश स्तरीय ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सरकारी खिलाडी अधिकारी, कर्मचारी को ड्यूटी पर माना जायेगा तथा इनके यात्रा भत्ता आदि का भुगतान उनके विभाग द्वारा किया जायेगा। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी की उक्त खेलों में या खेल के ट्रायल में ऑटोनॉमस बॉडी के कर्मचारी जिसमें पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को शामिल नहीं किया जाएगा। यह एक अवसर है जब राजकीय कर्मचारी अपनी प्रतिभा दिखाकर आगे खेलों में नाम रोशन कर सकते हैं वार्ता के दौरान उन्होंने यह भी बताया की इंदिरा स्टेडियम में तरणताल अभी भी शुरू है बच्चे महिलाएं पुरुष इसमें पंजीकरण कराकर तैराकी सीख सकते हैं।

# ग्रोथ ड्रीम इंडिया मार्केटिंग की नई ब्रांच का उद्घाटन



सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**ग्रोथ ड्रीम** इंडिया मार्केटिंग प्राईवेट लिमिटेड लोगो को डिजिटल मार्केटिंग करने तथा अन्तर प्रेन्योर बनाने के लिए कंपनी ने एक और नया ब्राच ओपेन किया है। कंपनी के फाउण्डर अमित कुमार के संरक्षण में मुख्य अतिथि एमडी मुख्तार आलम द्वारा फीता काटकर नये ब्रांच का उद्धाटन किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कंपनी के फाउण्डर अमित कुमार ने कहा कि आज जिस तरह भारत के युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे रहे हैं उसी बीच युवाओं को रोजगार देने का काम कंपनी लगातार कर रही है। यह एक डिजिटल प्लेटफार्म है। यहां से स्मार्ट फोन के सही तरीके से उपयोग करके पैसा कमाने की जानकारी कंपनी द्वारा दिया गया। आगे श्री कुमार ने कहा कि युवा इस डिजिटल कान्सेप्ट के माध्यम से घर बैठे अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं और यहां से अपना कैरियर बना सकते है। राबर्टसगंज सोनभद्र स्थित हेडआफिस के डायरेक्टर पूजा दुबे ने बताया कि कंपनी कई लोगों को रोजगार दे चुकी है और कंपनी का विजन है हर घर तक रोजगार पहुचाना। आने वाले समय में कंपनी लोगों को स्वस्थ रखने के लिए जीडीआई आर्गेनिक फार्मा को लेकर आने की तैयारी कर रही है। जिससे लोगों को आर्गेनिक प्रोडक्ट मिलने में सुविधा होगी। इस मौके पर संरक्षक अमित कुमार, इजराइल अंसारी, वकिल खा, सुभाष पंडित, पूजा वर्मा, प्रतिभा पटेल, रेशमा का ल्खो, समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## थाना दिवस में सत्रह फरियादियों ने दर्ज करायीं शिकायतें

**जालौन (उरई)।** एसडीएम की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में 17 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसडीएम सुरेश कुमार की अध्यक्षता एवं सीओ रविंद्र गौतम की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान में 17 फरियादी पहुंचे। जिन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिनमें राजस्व संबंधी पांच शिकायतों को तत्काल राजस्व विभाग की टीम बनाकर निस्तारित किया गया। शेष 12 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही एसडीएम ने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली न की जाए। निस्तारण आख्या फरियादी के साथ ही उनके कार्यालय को भी उपलब्ध कराएं।

# युवा हिम्मत न हारे उपलब्ध संसाधनों से आगे बढ़े: एडीएम

- छात्र-छात्राएं अपनी क्षमता पहचान कर मनपसंद प्रोफेशन के लिए तैयारी करें:एसपी

जगम्मनपुर (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**मेरी** माटी, मेरा देश अभियान के तहत वृक्षदान कार्यक्रम एवं प्रतिभा संपन्न छात्र-छात्राओं के सम्मान में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक जालौन ने छात्र छात्राओं को अपनी क्षमता पहचान कर आगे बढ़कर मनपसंद प्रोफेशन चुनने का आवाह्न किया। पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय जगम्मनपुर में आयोजित मेरी माटी, मेरा देश के तहत वृक्षदान कार्यक्रम एवं प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा ने पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं अनुराग, राघवेंद्र, छात्रा रक्षा, छात्रा रागिनी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा ने कहा कि हमारा इस क्षेत्र से बचपन का नाता है। यहां की भौगोलिक परिस्थितियों एवं शिक्षा के क्षेत्र की कठिनाइयों को में भली भांति जानता हूं। पुलिस प्रोफेशन में आने से पहले एमबीबीएस डॉक्टर के रूप में बिजनौर में सेवा कर चुका हूं लेकिन समाज के लिए कुछ अच्छा करने के जज्बे को लेकर मुझे पुलिस सर्विस ठीक लगी और इसे मैने चुना तथा यथासंभव लोगों की मदद के लिए प्रयास करता हूं। ग्रामीण क्षेत्र से 60-70 किलोमीटर दूर की यात्रा तय करके पुलिस अधीक्षक कार्यालय उरई तक पहुंचने वाले ग्रामीण की समस्या का निस्तारण हो इसके लिए मेरे कार्यालय पर जनसुनवाई की जाती है एवं प्रत्येक प्रतीक्षारत आवेदक की सुविधा हेतु पीने के लिए ठंडा पानी तथा एसी व टीवी युक्त कमरे में बैठाया जाता है। जनसुनवाई के दौरान समस्त थाना प्रभारियों को कांटेक्ट में रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि समस्या का निराकरण हो सके। उन्होने कहा कि यदि कुछ अच्छा करने का संकल्प हो तो कुछ भी संभव नहीं है अतः छात्र-छात्राएं अपनी क्षमता को पहचान कर तैयारी करके मनवांछित प्रोफेशन को चुने। पुलिस अधीक्षक ने कहा शिक्षार्थी को सुविधा भोगी नहीं होना चाहिए, शिक्षा प्राप्ति के दौरान कष्ट सहना पड़ता है। अपने माता-पिता से अपनी सुविधाओं हेतु अनावश्यक डिमांड ना करें, सीमित संसाधनों में अपने भविष्य के निर्माण की तैयारी करें। डा. राजा ने कहा कि जनपद के प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमारे दरवाजे सदैव खुले हैं हमारे सीयूजी नंबर पर किसी भी समय कॉल करके अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। अपर जिलाधिकारी संजय सिंह ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अच्छे महाविद्यालय एवं बहुत अच्छे पुस्तकालय की स्थापना करने के लिए डिग्री कॉलेज के प्रबंधक पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज से 20 वर्ष पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की व्यवस्था शून्य थी लेकिन अब अच्छी सड़कें अच्छे विद्यालय एवं शिक्षा के क्षेत्र में उचित प्रबंध हुए हैं अतः छात्र-छात्राएं शिक्षा से जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करें व अपने घर, परिवार, गांव, जिला का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियां भी आ जाएं तब भी हिम्मत ना हारे एवं उपलब्ध संसाधनों से आगे बढ़ने का हौसला रखें। शिक्षण के दौरान प्राप्त कष्टों से ही सुनहरे भविष्य का सूर्य उदय होता है अतः राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर शिक्षा ग्रहण करो।

# गिधौसा में अतिक्रमण हटाने गयी टीम बगैर अतिक्रमण हटाये ही लौटी

**जालौन (उरई)।** गिधौसा में चार दशक से मकान बनाकर रह रही वृद्धा पर ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगा। जिलाधिकारी के न्यायालय से अतिक्रमण हटाने के आदेश के बाद शनिवार को पुलिस व राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची थी लेकिन अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम बिना अतिक्रमण हटाए ही वापस लौटी। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गिधौसा में वृद्ध विधवा महिला रामश्री बेवा रामसेवक लगभग चार दशक से मकान बनाकर रह रही हैं। उस पर आरोप है कि ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना रखा है। ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा करने का मामला जिलाधिकारी के न्यायालय में पहुंचा। जिसका निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी ने 31 जुलाई के आदेश में अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। जिलाधिकारी के आदेश के खिलाफपीड़िता ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय से आदेश होने से पूर्व ही शनिवार को नायब तहसीलदार कुठौंद मुकेश कुमार, लेखपाल विश्वजीत सिंह के साथ पुलिस की टीम विधवा वृद्ध महिला का मकान गिरवाने पहुंच गई। टीम के पहुंचते ही महिला मकान का दरवाजा बंद कर मकान में बंद हो गई। टीम ने दरवाजा खुलवाकर उसे निकालने का हरसंभव प्रयास किया लेकिन जब वह महिला को निकालने में असफल रही तो टीम को अतिक्रमण हटाए बिना ही वापस लौटना पड़ा। वृद्ध महिला रामश्री का आरोप है कि जिलाधिकारी के न्यायालय से हारने के बाद उसे उच्च न्यायालय में अपील करने का प्रशासन ने समय नहीं दिया और जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के 11 दिन बाद ही जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने टीम आ गई। उसने उच्च न्यायालय में अपना वाद दायर कर दिया है और मामला विचाराधीन है।

# ‘विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा’ के नारों के साथ निकली भव्य तिरंगा यात्रा

▸ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं नगरपालिका अध्यक्ष की अगुआई में हुआ आयोजन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



शासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अन्तर्गत प्रदेश भर में ÷हर घर तिरंगा÷ कार्यक्रम जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में प्रातः 09.00 बजे अशोक चौक से ÷ हर घर तिरंगा ÷ की जागरूकता सम्बन्धी रैली निकाली गयी। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया नें अशोक चौक जिलाधिकारी आवास से किया यह यात्रा परमानंद चौराहा, जिला अस्पताल, रोडवेज बस स्टैंड, आल्हा चौक, सराफा बाजार होते हुए तहसील महोबा में रैली का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा के समापन पर जिलाधिकारी नें सभी जनपदवासिओं से अपने कार्यालय, प्रतिष्ठान एवं आवासों में तिरंगा लगाने तथा तिरंगे का सम्मान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रीय भावना के प्रति जागरूक करना है। रैली में ÷विजई विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा÷ गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया, जिससे पूरी रैली एवं वातावरण झंडा ऊंचा रहे हमारा के गीत से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबैर बेग, एसडीएम सदर, शहर काजी आफाक हुसैन, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी, समाजसेवी व स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## देश के शहीदो की याद में कबरई कस्बे में निकाली गई तिंरगा यात्रा



**कबरई महोबा।** मेरी माटी मेरा देश के तहत देश के लिए बलिदान देने वाले वीरो को नमन किया गया साथ ही पूरे कस्बे में नगर पंचायत के द्वारा तिंरगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगर पंचायत कबरई से निकली जो शहीद बालेंद्र सिंह तिराहा बांदा चौराहा होते हुए पूरे कस्बे में निकली तिंरगा यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरन कुशवाहा, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, सभासद सुमित वर्मा, नीरज सोनी, सान मोहम्मद, बुधप्रकाश गुप्ता, प्रेमचंद्र चौरसिया, प्रेमशंकर कुशवाहा, पुस्पेंद तिवारी, रमेश श्रीवास, हेमराज शिवहरे, बारातीलाल कुशवाहा, धीरेंद्र शुक्ला, सहित नगर पंचायत के लिपिक सीएल शेख, बाबू शहीद, भरोसी, राजाराम एवम् कर्मचारी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# सदर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनपद के चहुंमुखी विकास के लिए सौंपा ज्ञापन

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**जनपद** महोबा के सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने 11 अगस्त शाम उत्तर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास 5, कालिदास मार्ग पर भेंटकर बुन्देलखण्ड व अपनी सदर विधानसभा क्षेत्र व जनपद में कराये जा सकने वाले विकास कार्यो एवं जनपद की मूलभूत समस्याओ को लेकर चर्चा की तथा एक ज्ञापन सोपा। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र महोबा के प्रमुख मार्गो कबरई - कुन्हेटा मार्ग 34 किलो मी0, राष्ट्रीय राज्य मार्ग ग्राम बरबई से घण्डुआ 14 किलो मी0, रिवई - कबरई मार्ग 10 किलो मी0, बीजानगर - दमौरा पसवारा मार्ग 14 किलो मी 0 , कबरई से ऐचाना खरेला मार्ग 14 किलो मी0, मामना सलारपुरा भंडरा मार्ग 10 किलो मी0 के चौड़ीकरण व सुदढ़ीकरण के अतिरिक्त बुंदेलखंड विकास निधि राज्यांश से विभिन्न मार्गो के नवनिर्माण लम्बाई लगभग 20 किलो मी0 जिनमें से प्रमुख बघारी से कनेरी मार्ग , न्यूरिया से सुनैचा मार्ग, बारी से गढ़हरी मार्ग, मकरबई से पहरा मार्ग, पलका से सिजहरी मार्ग, करपहाडिया से उदयपुरा मार्ग, तमौरा से छानीकलां मार्ग, सुकोरा से रैवारा मार्ग, अतरार से टपरन मार्ग, इसके अतिरिक्त एक्सप्रेस-वे बसौठ के पास कट का निर्माण, गोरखागिरि पर्वत में रोपवे का निर्माण, ग्राम पहरा के निकट 72 एकड़ उपलब्ध सरकारी भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण, ग्राम बन्नी नदी से आबादी क्षेत्र में हो रहे कटाव को रोके जाने का प्रस्ताव, इसके अतिरिक्त खनिज क्षेत्र में पर्यावरण के अनुकूल व खनन उद्योग के सुचारु रूप से संचालन रूप से प्रस्ताव एवं जनपद के स्वास्थ सम्बंधी शिक्षा स्वास्थ किसानो की समस्याओ से सम्बंधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया।इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा बुंदेलखंड प्रथम नीति के अंतर्गत समयबद्ध तरीके से सभी प्रस्तावों को पूर्ण कराये जाने हेतु अस्वासन दिया । जिस पर सदर विधायक ने मुख्यमंत्री का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।इस दौरान सदर विधायक राकेश गोस्वामी से हुई दूरभाष पर बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए जल्द जनपद में विकास की गंगा बहाने की बात कही।सदर विधायक ने बताया कि जनपद के लोगो की समस्याएं हमारी समस्याएं है जिन्हे पूर्ण करने के लिए हर दम प्रयासरत रहेंगे।

# हर घर तिरंगा और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रशासनिक विभागों सहित शिक्षण संस्थाओं ने निकाली तिरंगा रैली



**चरखारी (महोबा)।** चरखारी में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व हर घर तिरंगा एवं आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रशासनिक अधिकारियों सहित नगर की शिक्षण संस्थानों से तिरंगा रैलियां निकाली गई, जिसमें शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों ने उत्साह के साथ सहभगिता दी गई,तहसील चरखारी से निकाली गई तिरंगा रैली में नगर पालिका चरखारी चेयरमैन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, एसडीएम चरखारी डॉक्टर प्रदीप कुमार क्षेत्राधिकारी उमेश चंद्र, तहसीलदार कृष्ण राज, नायब तहसीलदार पंकज गौतम, ए बी एस ए प्रीति राजपूत, चरखारी थाना अध्यक्ष गणेश कुमार सहित बड़ी संख्या में राजस्व कर्मचारियों की उपस्थिति रही, रैली में सभी ने अपने अपने हाथों में तिरंगा लिया हुआ था साथ ही झंडा ऊंचा रहे हमारा विजई विश्व तिरंगा प्यारा जैसे देश भक्ति के गीतों को भी रैली मार्ग में बजाया गया जिससे रैली में चल रहे छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ तिरंगा को लहराया और पूरे नगर का माहौल देशभक्ति में डूब गया,, संत जेम्स इंटर कॉलेज, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के साथ अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा भी तिरंगा रैली में सहभागिता की गई, सेंट जेम्स इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित स्कूल प्रबंधक फादर नींबू थॉमस अपने समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ रैली में उपस्थित रहे इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ सरोज गोस्वामी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ रैली में मौजूद रहा, सभी तिरंगा रेलियौ का समापन नगर पालिका परिषद कार्यालय के बाहर ड्योढ़ी गेट में किया गया।

## समाजवादी पार्टी महिला सभा की बैठक सम्पन्न

**इटावा।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की बैठक सीमा यादव जिला अध्यक्ष व मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रितु श्रीवास्तव का इटावा सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष सीमा यादव और उनकी नवनियुक्त सपा महिला सभा की सम्पूर्ण कार्यकारिणी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिला सभा की पदाधिकारी ने संकल्प लिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का परचम लहराएंगे। इस अवसर पर सीमा यादव, रामबेटी गोयल, मीरा गुप्ता, फरहा नाज, मंजू गुप्ता, सुमन गुप्ता, ज्ञानवती राठौर, ऊषा प्रजापति, डीपी सिंह राष्ट्रीय खिलाडी, गौरी यादव, नीता यादव आदि महिलाओं ने भागीदारी की।

# डाकघर कर्मियों ने निकाली हर घर तिरंगा के लिए बाइक रैली

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**आजादी** के अमृत महोत्सव समारोह के क्रम में प्रधान डाकघर उरई के कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत शनिवार को मोटर साइकिल की रैली निकाली।

इस रैली में स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ साथ डाकघर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। लगभग आधा सैकड़ा मोटर साइकिल के साथ डाक कर्मचारी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। इस रैली का नेतृत्व सहायक डाक अधीक्षक अमिताभ पांडेय ने किया इस अवसर पर पोस्टमास्टर प्रभात मिश्रा, संजीव अग्निहोत्री, आरबी अवस्थी, अर्पित पाठक, अक्षय शुक्ला, नवनीत, मिथलेश, अशोक, अजय, लक्ष्मी गुप्ता, अंकित, प्रियंका वर्मा, पुष्पा सोनी, अर्चना वर्मा, आदि डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के पनही गांव में एक महिला घर के अंदर पंखे में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। परिजनों ने किसी तरह महिला को करंट से अलग कर एंबुलेंस के जरिये इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पनही गांव निवासी राजन की 24 वर्षीय पत्नी सोनम घर में स्टैंड फैन में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत करंट से उसको अलग कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस सोनम को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## जमीनी विवाद में महिला को पीटा

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के सुजावलपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिसकी लिखित शिकायत परिजनों ने स्थानीय पुलिस से की तो घायल महिला को इलाज व मेडिकल के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के सुजावलपुर गांव निवासी श्रीकांत की 28 वर्षीय पत्नी को जमीनी विवाद के चलते उसको मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। जिसकी शिकायत परिजनों ने स्थानीय पुलिस से किया। पुलिस घायल महिला को इलाज व मेडिकल के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल महिला को भर्ती कर उसका इलाज व मेडिकल कर रहे हैं। घायल महिला के साथ पहुंचे उसके परिजनों ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते निर्मला को उसके ससुर शिवराम मास्टर पुत्र भिखारी लाल व निर्मला के देवर मंजेश, शिवाकांत और उमाकांत ने मिलकर घर में अकेली पाकर लाठी-डंडो से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब हम लोग घर पहुंचे तो देखा निर्माला खून से लथपथ पड़ी थी। जिसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाने में की है। शिकायत करने के बाद पुलिस केस दर्ज कर घायल निर्माला को इलाज व मेडिकल के लिए जिला अस्पताल लेकर आई।

## संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के अजमतपुर गांव में शराब ठेके के पीछे एक चाय की दुकान के समीप युवक का शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप भी लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अजमतपुर गांव निवासी सुरेश तिवारी का 35 वर्षीय पुत्र मुकेश तिवारी का संदिग्ध अवस्था में शव शराब ठेके के पीछे मिलने की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पिता सुरेश तिवारी ने गाँव निवासी चंद्र शेखर, शोभित व शोभित का भाई अंकित और शोभित के पिता रमेश पर पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए बताया कि मृतक मुकेश तिवारी जोनिहा में निर्माण धीन पानी की टंकी में काम करता था। जब वह काम पर जाने लगा तो चंद्रशेखर आ गया और उसको अपने साथ लेकर चला गया। फिर वह घर लौटकर नही आया उसके बाद उसके शव मिलने सूचना आई। चंद्रशेखर, शोभित उसका भाई अंकित और उसके पिता सभी ने मिलकर उसकी हत्या कर उसके शव को शोभित ने अपनी दुकान के पीछे फेक दिया था। मृतक मुकेश के शरीर पर कई जगह चोट और ज्वलनशील पदार्थ डालने के निशान हैं जिससे साफ दिखाई दे रहा है कि उसकी हत्या की गई है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो गंभीर

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बे के समीप एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से बाइक चालक व सवार दो लोग घायल हो गए। एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के कुकरी गांव निवासी रामलखन का 35 वर्षीय पुत्र सुबीर व गाँव निवासी नत्थू का 25 वर्षीय पुत्र मल्लू दोनों बाइक पर सवार होकर किसी काम से गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बे गए थे। तभी कस्बे के समीप एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। ट्रक की टक्कर से बाइक चालक सुबीर व सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायलों को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं।

## राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी आयोजन हुआ

**इटावा।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय काँधनी इटावा में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. निर्मल चन्द्र वाजपेयी ने कहा कि आप सभी विद्यालय परिवार के सदस्य हैं। आपकी जिम्मेदारी बनती है कि संस्था के विकास में अपना योगदान दें। श्री बाजपेई ने कहा अगर कोई कमी परिलक्षित होती है तो उसकों इंगित करें, जिससे उसको दूर करते हुए संस्था के विकास के साथ आपके पाल्यों का चहुँमुखी विकास हो सके। प्रत्येक छात्र एक अच्छे नागरिक के रूप में समाज में स्थापित होने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसे प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत की आवश्यकता है, जिससे समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सके इसमें अभिभावक अपना योगदान दें। प्रधानाचार्य डॉ. निर्मल चन्द्र वाजपेयी ने आए हुए समस्त अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम कृपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रतिपाल, अभिषेक भास्कर, शिखा, पुष्पराज, राकेश, अर्चना, मेघा, संगीता, आरती, कुमकुम, सुधा, नीलम, पूजा, आदित्य गौरव व संस्था के वरिष्ठ लिपिक संतोष कुमार व दीप सिंह, सलमान, सर्वेश, अभिभावक ज्ञान बाबू, सुमित कुमार, साधना, सियाराम, राजेश कुमार, विनोद कुमार, नीलम, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## बाजार जाने की कहकर निकली युवती लापता

**जालौन (उरई)।** बाजार जाने की कहकर घर से निकली युवती तभी से लापता है। पीड़ित पिता कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी चरण सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री करिश्मा (28) की तबियत कुछ खराब थी। वह दवा लेने के लिए बीती चार अगस्त को सुबह घर से मेडिकल कॉलेज उरई जाने की बात कहकर निकली थी। शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। सभी संभावित स्थानों और सहेलियों और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफआ रहा है। पीड़ित पिता ने पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है। पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भारत विकास परिषद इटावा तुलसी के कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ




**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**भारत** विकास परिषद इटावा तुलसी के द्वारा आज से एक माह तक चलने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत शहीदों को नमन करते हुए मेरी माटी मेरा देश नामक विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक, तुलसी शाखा के अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य डॉ कैलाश यादव ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में घर-आँगन बुहारकर लीपने के बाद रंगोली बनाने का रिवाज आज भी विद्यमान है। माटी हमारे जीवन दर्शन की प्रतीक है। इस प्रतियोगिता का परिणाम वरिष्ठ सदस्य प्रीतम खन्ना एवं संस्कृति मास प्रभारी शमीम बेगम द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज की बनाई गयी सुंदर रंगोलियों में जीवंतता है। विद्यार्थियों की विजेता टोलियों को विद्यालय परिवार एवं तुलसी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी जिसमें प्रमुख रूप से डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, संगठन सचिव अंजू चौधरी, पंकज कुमार सिंह चौहान, एवं मंजू सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देश पर जनपद में लगाये गये 500 सीसीटीवी कैमरे

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0पुलिस द्वारा प्रदेश में अपराध पर जीरो टालरेंस नीति के तहत अपराध नियंत्रण, अपराध के अनावरण, अराजक /आपराधिक तत्वों पर निगरानी रखने आदि के सम्बन्ध में विभिन्न संवेदनशील स्थलों में सीसीटीवी कैमरों को अधिष्ठापित/व्यवस्थापित किये जाने हेतु एक स्पेशल अभियान ऑपरेशन दृष्टि चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता जनपद महोबा के निर्देशन में जनपद महोबा में अभियान *ऑपरेशन दृष्टि* के तहत सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौराहों, महत्वपूर्ण स्थलों व अपराध की दृष्टि से अनूय संवेदनशील/सार्वजनिक स्थानों में सीसीटीवी कैमरों को अधिष्ठापित / व्यवस्थापित कराकर कवर किया जा रहा है, जिस हेतु चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर अच्छी गुणवत्ता के




सीसीटीवी कैमरे लगवाये जा रहे हैं, जो जनपद में होने वाले अपराध को नियंत्रण, अपराध के अनावरण, अराजक/आपराधिक तत्वों पर नियंत्रण इत्यादि में उपयोगी साबित होंगे। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के अन्तर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में वृहद स्तर पर क्रमशः कोतवाली नगर महोबा-97, कबरई-59, खन्ना-20, चरखारी-41, खरेला-58, श्रीनगर-44, कुलपहाड़-54, पनवाड़ी-51, महोबकंठ-36, अजनर-40, कुल 500 सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं। इसके अतिरिक्त अन्य संवेदनशील स्थानों का



चिन्हीकरण किया जा रहा है जिनमें शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। ऑपरेशन दृष्टि के तहत प्रत्येक चिन्हित सीसीटीवी कैमरा स्थल (तिराहा/ चौराहा / संवेदनशील स्थल इत्यादि) पर ÷कम्युनिटी पुलिसिंग की तर्ज पर सफलतापूर्वक काम कर आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच आपसी समन्वय, संवाद एवं विश्वास को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करेगा। ऑपरेशन दृष्टि के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद के प्रत्येक थाने में एक ÷सीसीटीवी रजिस्टर÷ बनाया जायेगा, जिसमें सभी सीसीटीवी स्थलों की सूची अंकित की जायेगी एवं इस रजिस्टर के माध्यम से समय-समय पर यह चेक किया जायेगा कि सीसीटीवी स्थल पर व्यवस्थापित सीसीटीवी क्रियाशील दशा में है या नहीं। सीसीटीवी में किसी प्रकार की खराबी दिखने पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल सीसीटीवी को क्रियाशील दशा में लाया जायेगा। जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों का अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों की स्द्ध1द्ग स्न्ठ्ठद्वह्लश्चह्वह्ल (आउटपुट) सीधे थाने पर एल0ई0डी0 स्क्रीन / वीडियो बॉल पर देखा जायेगा व इन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी की जायेगी तथा कोई महत्वपूर्ण गतिविधि दृश्यमान होने पर फोन एवं वायरलेस सेट के माध्यम से सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को तत्काल सूचित कर अपराधियों पर कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# विशेष लोक अदालत में 55 एन आई एक्ट के मुकदमे निस्तारित

▸ जनपद न्यायाधीश ने लोक अदालत का शुभारंभ कर न्यायिक अधिकारियों को वितरित किए झंडे

**फतेहपुर। समृद्धि न्यूज**



**विशेष** लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय, में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर कमलो द्वारा एन0आई0एक्ट की धारा-138 के अन्तर्गत लम्बित वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का उद्घाटन दिनांक-12.08.2023 को समय 10ः00 बजे प्रातः मीटिंग हाल में किया गया।

इसी क्रम में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक-10720 / एडमिन. जी. द्वितीय दिनांकित - 11.08.2023 के सन्दर्भ में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय फतेहपुर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान दिनांक - 13.08.2023 से 15.08.2023 के तहत समस्त न्यायिक अधिकारियो को अपने हाथो से तिरंगा देकर सभी को अपने-अपने घरो में फहराने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त विशेष लोक अदालत के उद्घाटन में अखिलेश कुमार पाण्डेय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट न0-01 फतेहपुर, प्रमोद कुमार गंगवार विशेष न्यायाधीश एस0सी0एस0टी0, फतेहपुर, विनोद कुमार चौरसिया, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फतेहपुर, अनिल कुमार ड्ढद्ध विशेष न्यायाधीश, ई. सी. एक्ट फतेहपुर, विनय तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / एफ0टी0सी0, प्रथम फतेहपुर, नित्या पाण्डेय अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहपुर, अविजीत भूषण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / एफ0टी0सी0, द्वितीय फतेहपुर, राजबाबू मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, फतेहपुर, रोमा गुप्ता, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, फतेहपुर, महेन्द्र सिंह पासवान, सिविल जज सीनियर डिवीजन / एफ0टी0सी0 अनुपम कुशवाहा, अपर सिविल जज जू0 डिश, कोर्ट न0-01 फतेहपुर, प्रकाश गुप्ता न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय बिन्दकी फतेहपुर, अंकिता सिंह तृतीय, अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट न0 -02 फतेहपुर भावना साहू सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ0टी0सी0/ सी0ए0डब्लू0 फतेहपुर, अरुण कुमार, सिविल जज जू0डि0 जे0एम0 खागा - फतेहपुर, कु0 श्वेता सिविल जज जू0डि0 / एफ0टी0सी0 फतेहपुर आदि उपस्थित रहे। उक्त विशेष लोक अदालत में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय ने अवगत कराया कि विशेष लोक अदालत में पक्षकारो को बुलाकर उनके मध्य सुलह समझौता के माध्यम से वार्ता कर छूट का लाभ दे कर सफल वादो का अधिक से अधिक निस्तारण किया गया एवं पक्षकारो को विशेष लोक अदालत का लाभ बताया गया कि सुलह समझौता के माध्यम से कम समय में अपने मुकदमों का निस्तारण कराये एवं लोक अदालत का लाभ उठाये। इससे दोनो पक्षो की न तो हार होती है न जीत होती है बल्कि दोनो का समय एवं पैसा दोनो बचता है। उक्त विशेष लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से कुल 55 वादों का निस्तारण किया गया।

## बाइक सवार तीन हमलावरों ने कुठौंद प्रधान को मारी गोली

**उरई (जालौन)।** शहर के मोहल्ला तुलसी नगर में बाइक सवार तीन बदमाशों ने निवर्तमान प्रधान को तमंचे से गोली मार दी। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा निवासी संजय राजपूत 47 वर्ष निवर्तमान प्रधान है। जो शहर के मोहल्ला तुलसी नगर में बाबूराम भट्टा वालों के समीप परिषदीय स्कूल वाली गली में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। बताया गया कि शनिवार की सुबह करीब 5 बजे वह रोज की तरह अपने कुत्ते को टहलाने के लिए घर से बाहर निकले थे। तभी घर से चंद कदमों की दूरी पर बाइक सवार तीन युवक आए और उन्होंने घेरकर उन पर तमंचे से दो फायर झोंक दिए। जिसमें एक गोली पीठ पर लगने पर वह घायल होकर मौके पर ही गिर गए।

# डीएम और एसपी ने थाना इन्दरगढ़ में सुनी फरियादियों की शिकायतें

- थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के मौके पर निस्तारण हेतु डीएम ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त 37 टीमों का कराया गठन
- जिले भर के थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्राप्त 55 शिकायतों का गठित की गई टीमों ने मौके पर जाकर कराया निस्तारण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



थाना इन्दरगढ़ में फरियादियों की शिकायतों को सुनते डीएम व एसपी समृद्धि न्यूज



मौके पर पहुंची राजस्व व पुलिस टीम शिकायत का निस्तारण कराती समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद ने सयुक्त रूप से थाना इन्दरगढ में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी। इस दौरान कुल 10 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें में मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। उन्होने कहा कि निस्तारण की गुणवत्ता शासन स्तर से भी सीधे शिकायतकर्ताओं को फोन करके परखा जा रहा है। यदि गुणवत्ता खराब पायी जाती है अथवा शिकायतकर्ता संतुष्ट नही होता है तो सम्बन्धित को जिम्मेदार मानते हुये उसके विरूद्ध कार्यवाही जायेगी। कहा कि चकरोड, जमीन विवाद, तालाब कब्जा, अवैध भूमि अतिक्रमण आदि मामलो मे पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होनें जनपद के समस्त कोतवाली व थानों में आयोजित समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की गठित की गई 37 संयुक्त टीमों को शिकायतों को मौके पर जाकर निस्तारण हेतु रवाना करवाया। तहसील छिबरामऊ क्षेत्रान्तर्गत 16 टीमों द्वारा मौके पर जाकर 16 प्रकरणों का निस्तारण करवाया गया। इसी प्रकार सदर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत 11 टीमों द्वारा मौके पर जाकर 11 प्रकरणों तथा तहसील तिर्वा क्षेत्र के अन्तर्गत 10 टीमों द्वारा मौके पर जाकर प्राप्त 15 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्टेट/उप जिलाधिकारी तिर्वा श्री पवन कुमार मीना, प्रभारी निरीक्षक थाना सहित संबधित लेखपाल तथा कानूनगो उपस्थित रहे।

# विशेष लोक अदालत में एनआई एक्ट के सम्बन्धित मामलों का हुआ निस्तारण

- 391 संदर्भित वादो में सुलह समझौते के आधार पर 102 वाद हुए निस्तारित
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित हुई विशेष लोक अदालत

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**




विशेष लोक अदालत में मौजूद जनपद न्यायाधीश व अन्य न्यायायिक अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**जनपद** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर जिला जज प्रथम एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विश्वंभर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को जनपद न्यायालय में एनआई एक्ट के सम्बन्धित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 391 वाद निस्तारित हेतु संदर्भित किये, जिसमें सुलह समझौते के आधार पर 102 वाद निस्तारित कर 1,50,000 शमवन शुल्क वसूला गया।

अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव लवली जायसवाल की देखरेख मेंएनआई एक्ट के सम्बन्धित मामलों के निस्तारण हेतु आयोजित हुई विशेष लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर वादो का निस्तारण कराने हेतु अधिवक्ता अपने अपने वादकारियों के साथ उपस्थित हुए। एन0आई0एक्ट मामलों से सम्बन्धित विशेष लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल 391 वाद संदर्भित किये गए, जिसमें सुलह समझौते के आधार पर 102 वाद निस्तारित कर 1,50,000 रुपये वसूले गए। प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि आगामी 09 सितंबर को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नवीन न्यायालय परिसर कन्नौज, वाहय न्यायालय छिबरामऊ में किया जायेगा। लोक अदालत में अपर जिला जज एफ्टीसी द्वितीय इंद्रजीत सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धर्मवीर सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योत्सना यादव, फौजदार सिविल जज सीनियर डिविजन एफ्टीसी डा. देवेंद्र सिंह, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ्टीसी द्वितीय श्रद्धा लाल, सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय रंजना एवं ब्राह् न्यायालय छिबरामऊ में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सलोनी रस्तोगी, सिविल जज जूनियर डिवीजन जेएम, अजय कुमार प्रताप, अपर सिविल जज जूनियर डिविजन अनूप कुमार प्रतिभाग किया। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक बसंतराम, पराविधिक स्वयं सेवक नितिन समेत अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में आई कुल 19 शिकायतें

- 14 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**शासन** के निर्देश पर कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार एवं निरीक्षक की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें रखी। जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा एवं निरीक्षक संजय शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 18 राजस्व संबंधित एवं पुलिस संबंधित शिकायत आई जिनमें से पुलिस संबंधित शिकायत सहित 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देशित करने के उपरांत नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा ने कहा कि पीड़ितों को समय रहते निष्पक्ष रूप से कार्रवाई कर न्याय दिलाया जाए। निरीक्षक संजय शुक्ला ने कहा कि जिम्मेदार पुलिसकर्मी समस्याओं के निस्तारण में राजस्व कर्मियों का सहयोग करें। इस दौरान कस्बा प्रभारी अजब सिंह, सराय प्रयाग चौकी प्रभारी हाकिम चौधरी, उप निरीक्षक कमलेश यादव, चंद्रभान सिंह, राम गिरीश यादव, मोहम्मद तौकीर सहित लेखपाल कौशल पांडे सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।



समस्या सुनते नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा समृद्धि न्यूज

# वक्फ सम्पत्ति को बचाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**वक्फ** सम्पत्ति बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले मुस्लिम समाज के लोगों ने शहर में वक्फ माफिया के विरुद्ध कार्यवाही कर वक्फ सम्पत्तियों को बचाने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि वक्फ माफिया वक्फ सम्पत्तियों को फर्जी मुक़दमे करके कागजातों में हेराफेरी कराकर फर्जी जमींदारों के बैनामा कराकर हड़पने के बाद भू माफियाओं से सांठगांठ कर बेंच देता है। वक्फ नम्बर 119 कब्रिस्तान जो शहर में स्टेशन रोड पर स्थित है, जब उक्त माफिया इस कब्रिस्तान का अध्यक्ष था तब उसने भू माफियाओं से मिलकर कब्रिस्तान के आगे वाली भूमि को बेच कर कब्रिस्तान की कीमती भूमि को खुर्दबुर्द कर दिया। उक्त वक्फ माफिया की नजर अब वक्फ नम्बर 111 कब्रिस्तान मोहल्ला उर्दू अड़ार स्टेशन रोड की भूमि पर है, कभी भी इस भूमि का भी सौदा कर सकता है। मोहल्ले वासियों ने मांग की है कि सदर तहसील के रजिस्ट्रार को निर्देशित किया जाए कि उक्त वक्फ नम्बर 119, 111 व 12-ए का कोई भी फर्जी बैनामा न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में जैनुल आबेदीन, मो. सलीम, रहीस उद्दीन, मोहम्मद उस्मान, शफी अहमद बालक, शफीक मस्त खां, खुवाजुद्दीन आदि प्रमुख हैं।

# दरोगा को निलंबित करने की उठाई मांग

- भकियू (स्वराज) ने कोतवाल को सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**




कोतवाल को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

**जिलाध्यक्ष** (युवा मोर्चा) पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने दर्जनों युवाओं के साथ कोतवाल को दो सूत्रीय ज्ञापन सौपा और मांगे पूरी न होने पर दी धरना की चेतावनी दी।

शनिवार को नगर गुरसहायगंज स्थित कोतवाली में थाना दिवस के दौरान भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) जिलाध्यक्ष संदीप पाठक के निर्देशन पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नीरज दुबे व जिलाध्यक्ष (सैनिक मोर्चा) साबिर हुसैन के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं व पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष (युवा मोर्चा) पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को संबोधित दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कोतवाली निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा को सौंपा एवं समय रहते मांगो का निस्तारण ना होने पर धरने की चेतावनी दी। ज्ञापन में कोतवाली में तैनात दरोगा राम गिरीश यादव की अवैधानिक व पक्षपात पूर्ण कार्यशैली के विरोध में उनके निलंबन व पूर्व में महिलाओं पर हुए अत्याचारों पर दिए गए शिकायती पत्रों पर पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई न करने के विरोध में तत्काल कार्रवाई करने की मांग रखी। इसी के साथ समय रहते उक्त मांगों का निस्तारण एवं उचित कानूनी कार्यवाही न होने पर धरने की चेतावनी भी दी। इस मौके पर तहसील सचिव योगेश सक्सैना,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष राहुल कुमार उर्फ आलोक, ब्लॉक उपाध्यक्ष (युवा मोर्चा) सोनू प्रजापति, नगर अध्यक्ष (युवा मोर्चा) संदीप सिंह, ब्लॉक सचिव (युवा मोर्चा) अमन कुमार, नीलू गुप्ता, मनु दिवाकर, पवन दिवाकर, पंकज, पिंटू, गुड्डू ऋषि आदि मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### पुलिस ने कच्ची शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अवैध रूप से कच्ची शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी कर एक युवक के पास से कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली के उपनिरीक्षक मोहम्मद तौकीर द्वारा शांति व्यवस्था में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम खाड़ेदेवर के निकट ओवरब्रिज के नीचे छापेमारी कर एक युवक के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम गुड्डू पुत्र स्वर्गीय समीम निवासी मोहल्ला काजी महल समधन बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई मृतक की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम टिकुनियनपुरवा हाल निवासी काशीराम कॉलोनी कोतवाली कन्नौज निवासी रीना देवी पत्नी सतपाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार की देर रात उसके पति सत्यपाल पुत्र मुंशी लाल बाइक पर सवार होकर घर की ओर आ रहे थे। जैसे ही मिरगांवा हाईवे के निकट पहुंचे तभी अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके पति की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसके पति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### किशोरी की तलाश में जुटी एनडीआरएफ टीम, दूसरे दिन भी नहीं लगा पता

**कन्नौज/जलालाबाद।** कुल्हापुर काली नदी केपुल से छलांग लगाकर डूबी किशोरी का 24 घंटे बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। एनडीआरएफटीम ने काली नदी में सर्च अभियान चलाया। गौरतलब है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैदापुर निवासी 16 वर्षीय किशोरी गोल्डी पुत्री रामशरण ने संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार की दोपहर कुल्हापुर पुल से नदी में छलांग लगा दी थी। जिसके बाद किशोरी की तलाश में गोताखोर नदी को खंगालने में जुटे रहे, लेकिन उसका पता नही चला। शनिवार को एनडीआरएफटीम के हरिश्चंद्र, कमलेश कुमार, रंजीत सिंह, जितेंद्र कुमार, रामबरन तथा कुसुमखोर चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह पुलिस कर्मियों के साथ स्टीमर से तहसीपुर पुल तक घंटो सर्च अभियान चलाया, लेकिन किशोरी का पता नही चल सका।

### महिलाओं को विधिक अधिकारों के संबंध में किया जागरूक

**इटावा।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष चवन प्रकाश के आदेशानुसार ग्राम संतोषपुरघाट में महिलाओं एवं विधवाओं के विधिक अधिकारों के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। उक्त शिविर में अपर जिला जज श्वेता श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित महिलाओं को विधवा महिलाओं के सम्पत्ति में अधिकार, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध, कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन, पोक्सो एक्ट इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### सम्मान समारोह का आयोजन आज

**इटावा।** 13 अगस्त दिन रविवार को माया मैरिज होम रामलीला रोड पर सुबह 11 बजे से राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जयंती एवं मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। सभी राठौर बंधुओं से ज्यादा से ज्यादा समारोह में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जयंती समारोह समिति इटावा ने अपील की है।

### सीएनजी फ्यूल पम्प का हुआ शुभारंभ

**इटावा।** बढपुरा विकास खंड पारपट्टी क्षेत्र के ग्राम जैतपुरा के समीप उदी - वाह मार्ग पर सीएनजी फ्यूल पम्प का शुभारंभ हुआ। रनसिंह - जोरसिंह के नाम से स्थापित हुए उक्त सीएनजी फ्यूल पम्प का उद्घाटन कम्पनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर यूपी हैड नरेंद्र कुमार द्वारा हवन -पूजन के बाद फीता काटकर किया गया। पारपट्टी क्षेत्र में पहले सीएनजी पम्प के खुलने से क्षेत्रीय जनता के साथ बाह -आगरा की ओर आने -जाने बाले वाहनों को लाभ मिलेगा।

# नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने निकाली तिरंगा शोभा यात्रा




तिरंगा शोभा यात्रा निकालते राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

- युवा स्वयंसेवकों ने लोगों में भरा देशभक्ति का जज्बा

**शनिवार** को नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा अपने अपने ब्लॉक में मेरी माटी मेरा देश, माटी को नमन वीरों का वंदन के अंतर्गत तिरंगा शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में युवा मंडल सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

जनपद के विभिन्न ब्लाकों में तैनात नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा अपने-अपने ब्लॉक में मेरी माटी मेरा देश के तहत अनेकों गतिविधियां कराई जा रही है। इसी क्रम में ब्लॉक तालग्राम के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक गौतम सिंह द्वारा युवाओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। वहीं खंड विकास अधिकारी का सहयोग करते हुए तिरंगा शोभा यात्रा में प्रतिभाग कराया गया। तिरंगा शोभा यात्रा का उद्देश्य लोगों में पंच प्रण के प्रति जागरूकता और आजादी के गुमनाम नायकों को सम्मान देना था, जिसके लिए युवाओं ने नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और उनमे देशभक्ति की जज्बा भरा। इस अवसर पर तमाम युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

# देश भक्ति के गीतों पर जमकर थिरके छात्र-छात्राएं

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**के.के.** कालेज, इटावा में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत÷ मेरी माटी मेरा देश÷ एवम ÷हर घर तिरंगा अभियान÷ के तहत काकोरी जनपद लखनऊ से प्रारंभ होकर एलईडी से सुसज्जित बसों द्वारा म्यूजिकल बैंड, लेसर शो,फ्लैग,सेल्फी प्वाइंट आदि कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु उत्तर प्रदेश संस्कृति एव पर्यटन विभाग की टीम ने परिसर में पहुंच कर देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य के.के. कालेज प्रो. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हमको यह याद रखने की आवश्यकता है कि हमको कितने कठिन परिश्रम ,त्याग,बलिदान से देश की आजादी प्राप्त हुई। हम उन अमर शहीदों व वीर सेनानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने देश को स्वाधीन कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हमको अपनी आने वाली पीढ़ी, देश के कर्णधारों विशेष रूप से छात्र, छात्राओं ,नौनिहालों के मन मस्तिस्क में देश प्रेम की अलख जगाए रखना है। इससे पूर्व कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में आए प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह , सूरज सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, डा. मुकेश यादव एडीआईओएस, उदय सिंह बीईओ, अखिलेश सिंह प्रदेश कार्यक्रम संयोजक, पूजा विमल एंकर एव प्रस्तोता लखनऊ दूरदर्शन, शीलू श्रीवास्तव, लोक गायिका एवं संयोजक धनक स्वदेशी बैंड का तिरंगा पट्टिका पहनाकर एव बुके भेंट कर शिक्षक, कर्मचारियों एवं एनसीसी के कैडेट्स ने अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरंगे रंग के गुब्बारे उड़ाकर एव राष्ट्रगान गाकर किया गया। कार्यक्रम में गायक शकील रियान एव लोक गायिका शीलू श्रीवास्तव ने आजादी एव देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत करने वाले गीत प्रस्तुत कर एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स के छात्र छात्राओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। गीत संगीत कार्यक्रम में टीम में साथ चल रहे गिटार वादक साहिल सक्सेना, कीबोर्ड प्लेयर पंकज सिंह, ढोलक वादक ऋषि कुमार, ड्रमप्लेयर दिलीप साहू का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल का जिला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न



कार्यक्रम में सम्मानित होते वोटर्स पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन नवभारत सभा भवन ठंडी सड़क पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वात्मा के भविष्योन्मुखी कार्यक्रम में आकाश कटियार युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष को 20 किलो की गदा एवं संगठन का सम्मान पत्र के साथ रामकुमार आर्य पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उन्नाव, आरएन मानव राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव क्रांति पार्टी, संचालक नरेश गांधी मण्डल अध्यक्ष कानपुर, सादेश अली मशीह प्रदेश अध्यक्ष, मदन यादव एटा प्रदेश प्रवक्ता, डॉ0 रामकिशन राजपूत, भानप्रताप सिंह क्रांतिकारी, अखिलेश यादव मण्डल अध्यक्ष आगरा, देवराज राजपूत, अनिल राजपूत, श्याम सिंह कुशवाहा, संजूपाल, रिंकी, मालती, दिव्या आर्या आदि 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य ने आठ दिन से अथक परिश्रम कर सम्मेलन को सफल बनाने एवं संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा अब तक किये गये मेहनत का मूल्यांकन कर आरडीआर देने एवं सदस्यता अभियान को बढ़ाने पर जोर दिया।

# विशेष लोक अदालत में एनआई एक्ट के 22 मामले हुए निस्तारित




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एन.आई.एक्ट की धारा 138 से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणण तृतीय विनय कुमार की अध्यक्षता में दाण्डिक न्यायालय में सम्पन्न हुई। लोक अदालत के माध्यम से एन.आई.एक्ट की धारा 138 से संबंधित मामलों को जनपद के न्यायालयों में कुल 143 मामले चिंहित कर कुल 42 मामलों का निस्तारण किया गया। निस्तारित मामलों में समझौता धनराशि 49,21,208/- दिलाने के आदेश दिये गये। विशेष लोक अदालत में महेंद्र सिंह चतुर्थ न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट नोडल अधिकारी व सी0जे0एम0 प्रवीन कुमार त्यागी अपर सी0जे0एम0 ज्ञानेंद्र कुमार, जे0एम0 सिटी शाम्भावी , जे0एम0 अभिषेक चौहान, जे0एम0 हवाली यथार्थ विक्रम, जे0एम0 एफटीसी माला कुमारी आदि लोग मौजूद रहे। न्यायालय सी0जे0एम0 के मामले 21 में से 6 निस्तारित, अपर सी0जे0एम0 78 में से 03, जे0एम0 हवाली के 07 में 07, जे0एम0 सदर 06 में से कोई निस्तरित नहीं। सिविल जज सीनियर डिवीजन 10 में से 03, जे0एम0 कायमगंज में 21 में से 01 मामला निस्तारित हुआ। कुल 143 में से 22 का निस्तारण हुआ।

# काशीराम राजकीय महाविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश के तहत पंच प्रण की दिलायी गयी शपथ


माटी के साथ पंच प्रण लेते छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश विषय वस्तु के अनुसार पंच प्रण अथवा शपथ समारोह का अयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 शालिनी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने देश और उसकी माटी के प्रति प्रेम प्रदर्शित करने के लिए गीत सुनाये। प्राचार्या ने माटी प्रेम पर विचार व्यक्त किए। साथ ही प्राचार्या ने छात्र-छात्राओं पंच प्रण की शपथ दिलायी और वीर शहीदों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में सूर्यकांत, सुमित, कौस्तुभ, लालजीत, हुमैद, गौरव, विनय, छात्रा अंशी, पूजा, अनुष्का, अंजली, अर्चना, आकांक्षा, शिखा, निधि, ज्योति, गौरीए, बुशरा आदि पूर्ण निष्ठा के साथ उपस्थित रहे और शपथ समारोह में विशेष योगदान दिया। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ0 सुन्दर लाल एवं अनामिका सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन और समापन कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक महेश कुमार, डॉ0 सतेन्द्र कुमार, डॉ0 अनामिका सक्सेना, डॉ0 अमित कुमार, डॉ0 अनुपम अवस्थी, किशनपाल, सुरेश, राजेश आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# रामजन्म की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर


रामकथा में नृत्य करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राचीन महाभारत कालीन पांडेश्वर नाथ मंदिर में भगवान भोले शंकर को समर्पित कथा के तृतीय दिवस की कथा में वृंदावन से पधारे ज्ञानेश गौड़ मानस मर्मज्ञ ने कहा कि माता पार्वती जी के पूछे जाने पर भगवान शंकर जी ने मां पार्वती जी को राम कथा सुनाते हुए भगवान श्रीराम जी के अवतार लेने के कारण बताते हुए भगवान विष्णु जी के निजी पार्षद जय, विजय को ऋषि कुमारों द्वारा श्राप दिए जाने की कथा का मनोहारी वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये। इसके बाद श्रीराम जन्म की सुंदर व मार्मिक विषयों पर कथा कही। रावण के जन्म व अत्याचार की कथा सुनाते हुए राम जन्म की सुंदर कथा सुनाई जिसे सुन कर श्रोता आनंद में भर गए जन्मोंत्सव में यजमान परिवार ने मिठाईयां टॉफी बिस्किट खिलौने आदि लुटाए। महाराज ज्ञानेश गौड़ ने कहा कि अगर हमें किसी महापुरुष दिव्य आत्मा अथवा ईश्वर की अनुभूति नहीं होती है तो मान लीजिए कि हमारे हृदय हमारे मन पर माया व विकार की परत चढ़ी है और जब तक हमारा मन निर्मल नहीं होगा। पवित्र नहीं बनेगा, तब तक ईश्वर मिलने वाले नहीं हैं। मन निर्मल कब होगा, जब हम नित्य प्रति भजन की व जप की आदत बना लेंगे जिस पर हमारे रघुनाथ की कृपा हो जाएगी वही मनुष्य उनका अनुभव कर सकता है।

**यह शुभ चरित्र जनि पै सोई।।**
**कृपा राम के जापर होंई।**

भगवान शंकर जब राम जी के बालरूप के दर्शन के लिए अयोध्या पधारते हैं और ज्योतिषी बनकर राम का दर्शन करने दशरथ के महल में आते है तो इस प्रसंग पर श्रोताओं ने खूब आनंद लिया भजनों पर नृत्य किया। कथा प्रसंग में भगवान का नामकरण व यज्ञोपवीत संस्कार व गुरुकुल में शिक्षा अध्ययन का प्रभाव बताते हुए कहा- .

**प्रातः काल उठकर रघुनाथा**
**मात-पिता गुरु नावही माथा।**

आज की शिक्षा पद्धति हमारे बच्चों को संस्कार विहीन बना रही है गुरुकुल की पद्धति ही सर्वश्रेष्ठ थी आगे विश्वामित्र द्वारा भगवान को यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से मांग कर ले जाते समय श्री रघुनाथ द्वारा वन में ताड़का वध स्वभाव पद व मरीज की उधर की कथा सुनाई वह अहिल्या उद्धार का प्रसंग सुनाया। अह्लाह उद्धार के प्रसंग को सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। आज के यजमान वीरेंद्र मिश्र व अजीत पांडे सपत्नीक उपस्थित रहे। मुख्य कार्यकर्ताओं में रमेश चंद्र त्रिपाठी, लालाराम दुबे, पप्पू सोनी, सुमिति तिवारी, रंजना झा, भईयन मिश्रा, आशुतोष अवस्थी, धीरेंद्र वर्मा, कौस्तुभ गौड़ और प्रभात मिश्रा आदि उपस्थित रहे

## आबकारी टीम ने बड़ी मात्रा में लहन व अवैध शराब की बरामद, एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला आबकारी अधिकारी सुधीर कुमार ने आबकारी निरीक्षक आनन्द कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार चौबे, आबकारी निरीक्षक सचिन त्रिपाठी व कादरीगेट थाना के एसएसआई जगदीश शर्मा आदि पुलिस टीम के साथ लकूला गिहार बस्ती, कादरीगेट स्थित रामलीला गड्ढा में छापामारी कर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब व लगभग 300 किलोग्राम तैयार लहन बरामद किया।

## एनसीसी कैडेटों ने रैली निकाल दिया मेरी माटी मेरा देश का संदेश



रैली निकालते एनसीसी कैडेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत 12 यू.पी. बटालियन के कमांडिंग आफीसर कर्नल रोमिल शर्मा के दिशा निर्देश में फतेहगढ़ चौराहे से डीएन कालेज तक रैली निकाली गयी। एनसीसी कैडेटों ने हाथ में तिरंगा लेकर फतेहगढ़ चौराहे से कोतवाली, कचहरी रोड होते हुए डीएन कालेज पहुंचे और देश भक्ति के तहत भारत माता व वंदे मतरम के जयकारे लगाये। सभी एनसीसी कैडेट अनुशासन में रहकर रैली में भाग लिया। ले0 अवधेश खोजी, सूबेदार सुरेश, हवलदार दिनेश आदि लोग रैली में मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत निकाली तिरंगा रैली


तिरंगा रैली में भाग लेते छात्र व मौजूद शिक्षक गजेंद्र सिंह व ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत कन्हैया लाल राम शरण रस्तोगी इंटर कालेज में छात्रों ने तिरंगा रैली निकाली और आम जन मानस को संदेश दिया गया। छात्रों ने मुख्य मार्ग पर देश भक्तिके नारे लगाते हुए रैली निकाली। वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे लगाये। अमृतपुर महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के पंच प्रण की शपथ दिलायी गयी। महोत्सव के समापन समारोह में प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने वीर अमर शहीदों के बारे में जानकारी दी और नारे लगवाये।

छात्रों ने अपने गांव से मिट्टी लाकर कलश में रखी। मां भारती की स्वर्णिम माटी हमारा चंदन गीत पर समूह गान प्रस्तुत किया गया। अमृतकाल के पंच प्रण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अरसे से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना आदि की शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, गजेंद्र सिंह, संजीव चौहान, शैलेश दीक्षित के अलावा विद्यालय के अन्य अध्यापक एवं छात्र मौजूद रहे।

# सपा कार्यकर्ता मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में लगें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा जारी पत्र के अनुसार कार्यकर्ताओं के बूथ पर 6 जनवरी से 1 जुलाई 2023 तक जो भी नाम काटे अथवा जोड़े गए हैं उसकी जानकारी भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वेबसाइट www.ceouttarpradesh.co.in पर दर्ज की गई है। जो भी लोग उनके बूथ पर मौजूद है और अगर ऐसे किसी भी वोटर का नाम वेबसाइट में दर्ज सूची से गायब है तो उसे पुनः जोड़ने के लिए वोटर से फॉर्म 6 भरवाएं और अगर किसी का नाम जबरदस्ती जोड़ा गया है ऐसा व्यक्ति जो आपके बूथ पर मौजूद ही नहीं है और उसका नाम सूची में उपस्थित है। ऐसे वोटर का घर-घर जाकर सत्यापन करने के बाद फॉर्म 7 भरवाकर उसे कटवाने का कार्य करें। साथ ही जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जो भी पोलिंग स्टेशन नए बनाए गए हैं अथवा जिनका पोलिंग स्टेशन चेंज किया गया है अगर ऐसे पोलिंग स्टेशनों पर लोगों को जाने में असुविधा है या किसी प्रकार की आपत्ति या सुझाव है तो वह 14 अगस्त तक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को लिखित सूचना के माध्यम से देने का कष्ट करे। इसकी एक प्रति जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय को भी देना होगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर के कार्य करने से हमें वास्तविकता की भी जानकारी होगी। साथ ही अपने वोट बढ़ाने में भी मदद मिलेगी, तभी हम लोकसभा चुनाव 2024 में फर्रुखाबाद सीट से जीत सुनिश्चित कर पाएंगे। यह जानकारी जिला मीडिया सेल प्रभारी विवेक यादव ने देते हुए बताया कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस कार्य में जुट जायें।

# भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में शिक्षक अभिभावक संघ का हुआ गठन


शिक्षक-अभिभावक संघ की गठित नवीन कार्यकारिणी के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के सभागार में शिक्षक-अभिभावक संघ की नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु बैठक सम्पन्न हुई। संस्था के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने पीटीए के उद्देश्य, कार्य एवं दायित्व पर प्रकाश डाला। वर्ष 2022-23 की आय व्यय का ब्यौरा प्रधानाचार्य ने प्रस्तुत किया। साथ ही 2022-23 में विद्यालय में हुए विकास कार्य की जानकारी दी। अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षिक माहौल, अनुशासन, स्वच्छता आदि की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अखिलेश कुमार पाण्डेय ने नवीन कार्यकारिणी के प्रस्ताव पर कक्षा 6 से कक्षा 12 के छात्रों के अधिकतम से न्यूनतम अंकों के क्रमानुसार उपस्थित अभिभावकों के नाम देवनगरी लिपि के आधार पर अध्यक्ष पद पर दिलीप कुशवाहा, उपाध्यक्ष पद पर प्रधाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, मंत्री निशांत कुमार यादव, उप मंत्री विनय कुमार, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार बाथम चुने गये। अभिभावक सदस्य के रुप में राधा गुप्ता, अखिलेश कुलश्रेष्ठ चुने गये।

कार्यकारिणी गठन के समय पूर्व अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, प्रवक्ता अशोक कुमार गुप्ता, स्वदेश कुमार यादव, रामचंद्र कुरील, गुलशन कुमार धीर, डॉ0 संजीव त्रिवेदी, पुष्पेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, बृजमोहन, करन पाल सिंह, बच्चू लाल, नितिन यादव, जयवीर, राजवीर राठौर, सरिता वर्मा, नेमा देवी, अंकुर त्रिपाठी, अभिलाष शंखवार, संजीव कुमार, अनिल कुमार, ज्ञान देवी, प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे। धन्यवाद प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने ज्ञापित किया।

# थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं शिकायतें


समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम व एसपी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना प्रांगण पर आज थाना समाधान दिवस में पहुंचे जिले के डीएम संजय कुमार तथा कप्तान विकास कुमार ने थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें अधिकतर समस्याएं जमीन विवाद से संबंधित पाई गईं। जिस पर कई समस्याओं का थाना पुलिस व राजस्व कर्मियों को बुलाकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा कई समस्याओं को मौके पर जाकर राजस्व कर्मियों को तथा पुलिसकर्मियों को निस्तारण करने की बात कही। जिसमें थाने के सामने पड़ी विवादित जमीन में सत्यपाल तथा सुशील कौशल के बीच चला आ रहा विवाद काफी दिनों से नहीं सुलट पा रहा है। जिसकी शिकायत सुशील कौशल ने थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी से की। जिसमें उच्चाधिकारियों ने मामला न्यायालय में होने के कारण कोई स्थाई हल नहीं निकाल पाया। वहीं थानाध्यक्ष को तथा राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि वह स्थिति बनाए रखें और जैसे भी हो सके वैसे मामले को निपटा कर अवगत कराने की बात कही। ऐसे कई मामले उच्चाधिकारियों ने निपटाए। इस मौके पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस कप्तान विकास कुमार, थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, लेखपाल सचिन मिश्रा, लालू यादव, कानून गो सोवरन सिंह सहित सभी राजस्व कर्मी तथा पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे। वहीं डीएम ने मातहतों को निर्देश दिये कि शिकायतों का ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# कानोडिया बालिका इंटर कालेज में अंबालाल साराभाई की धूमधाम से मनायी गयी जयंती

- पूनम शुक्ला ने डॉ0 विक्रम भाई साराभाई के जीवन पर आधारित क्वीज का किया आयोजन



विक्रम साराभाई की जयंती मनातीं शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आज मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में भारत के महान वैज्ञानिक, प्रवर्तक, उद्योगपति तथा दिव्य दर्शन दृष्टा डॉ0 विक्रम अंबालाल साराभाई की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने बताया कि डॉक्टर विक्रम साराभाई भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के पितामह के रूप में जाने जाते हैं और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विज्ञान भारती के सदस्य पारुल जैन, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला, दर्शना आर्य विद्यालय की अन्य शिक्षिकाएं कुसुम लता, अर्चना कपूर, समीक्षा अग्निहोत्री तथा छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। विज्ञान भारती की सदस्य पूनम शुक्ला ने डॉक्टर विक्रम साराभाई के जीवन पर आधारित क्विज का आयोजन किया।

जिसमें पारुल जैन और दर्शन शुक्ला ने पूर्ण सहयोग किया। छात्रा सबीहा खातून ने इसरो के संस्थापक डॉ0 विक्रम साराभाई का चित्र बनाया। छात्राओं को डॉक्टर विक्रम साराभाई के जीवन से जुड़े प्रयोग तथा उन्हें प्राप्त पुरस्कारों के बारे में बताया गया। वैज्ञानिक विक्रम साराभाई को 1962 में शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार, 1966 में पद्म भूषण पुरस्कार तथा मरणोपरांत 1972 में पद्म विभूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया।

# चले कांवड़िया गोला गोकर्णनाथ, शिवमय हुआ नगर


गोला गोकर्णनाथ रवाना होते कांवरिए

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** वैसे तो भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना पूरे वर्ष करते है, लेकिन सावन मास में भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से विशेष फल व सभी मनोकानायें पूर्ण होती है। इसलिए बड़ी संख्या में भक्त कांवड चढ़ाने जाते है। सावन मास के छठे सोमवार भगवान शिव को कांवड़ चढ़ाने के लिए नवाबगंज से भी कस्बा व्यापारी अपने एक सैकड़ा से अधिक शिव भक्तों के साथ शनिवार को कांवड़ लेकर चल दिये। कांवड़ यात्रा को भक्तिमय बनाने के लिए ट्रैक्टर व अन्य वाहनों पर डीजे लगाकर भगवान शिव के भजनों पर भक्त झूमते व हर-हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे थे। कस्बा नवाबगंज निवासी व्यापारी अरविंद प्रताप राठौर तथा समाजसेवी प्रशांत कश्यप ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शनिवार को धूमधाम से कांवड़ लेकर गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हो गये। कावड़ यात्रा मांजना रोड से बाईपास होते हुए कस्बे से निकली। सभी भक्त बम-बम भोले, हर-हर शम्भू के उद्घोष के साथ अपनी-अपनी कावड़ लेकर चल रहे थे। इस मौके पर अनुज कश्यप, संजीव कश्यप, डॉ0 पवन कश्यप, दुष्यंत कुमार कश्यप, गिरीश चंद्र शर्मा, भोले शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, गुड्डू सक्सेना आदि सैकड़ों शिव भक्त कॉवड यात्रा में शामिल हुए।

# सामुदायिक शौचालय के नहीं खुल रहे ताले



सामुदायिक शौचालय में पड़ा ताला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** केयरटेकर सरकार के स्वच्छता मिशन अभियान को दरकिनार कर शौचालय का ताला नहीं खोल रहा है। जिससे लोगों में रोष है। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलीपुर सामुदायिक शौचालय में ताला पड़ा हुआ है, जबकि सामुदायिक शौचालय में सरकार ने वरीयता के हिसाब से केयरटेकर नियुक्त करवाकर उनको हर माह करीब दस हजार मानदेय देने की व्यवस्था ग्राम पंचायत से की थी। किसी भी मद से ग्राम सचिव उनको उनका मानदेय दें, लेकिन सारे काम रोक करके केयरटेकर को मानदेय दिया जाता है। वहीं मानदेय लेने के बाद केयरटेकर मौज मस्ती में लग जाते हैं, लेकिन जो उनका काम सामुदायिक शौचालय खोलना उनको नहीं खोलते हैं। ऐसे में या तो उनकी लापरवाही कहीं जाए, या फिर उन पर अधिकारियों का आशीर्वाद समझा जाए। जिससे वह ताले खोलने को उनके पास समय नहीं है, जबकि शासनादेश के अनुसार सुबह 4.00 बजे से 10.00 बजे तक तथा शाम 4.00 बजे से रात 8.00 बजे तक सामुदायिक शौचालय खोलने का निर्देश दिया जाता है, लेकिन विकास खंड क्षेत्र नवाबगंज की ग्राम पंचायत बालीपुर है जहां सुबह 9.00 बजे ही पंचायत भवन में ताले पड़े देखे गए जब इसकी जानकारी संबंधित एडीओ पंचायत से करना चाहिए तो उनका फोन नहीं लगा।

# खननः विधायक के करीबी की जेसीबी एसडीएम ने पकड़ी

- लम्बे समय से चल रहा है अवैध कारोबार, कई लोग शामिल
- पट्टाधारक ने एसडीएम के चालक व पुलिस को सुविधा शुल्क देने का लगाया आरोप


जेसीबी की निगरानी करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद से सटे ग्राम इमादपुर थमरई के पास खनन कर रही जेसीबी व दो ट्रैक्टरों को एसडीएम ने पड़कर पुलिस की हिरासत में दे दिए। वहीं कन्हैया लाल निवासी सुल्तानगंज खरेटा को 3 महीने के लिए खनन का पट्टा दिया गया था। जिसकी अवधि 28 मई से 25 अगस्त को खत्म हो रही है। वहीं पता चला है कि कन्हैया लाल सहित कई अन्य लोग विधायक के करीबी है और खनन का कार्य करवाने में शामिल है। जिसमें बरझाला और शमशाबाद के दो दबंग नेता भी शामिल है। एसडीएम देर शाम 7 बजे के करीब शमशाबाद से कायमगंज की तरफ जा रहे थे, तभी इमादपुर से 500 मीटर आगे जेसीबी और दो ट्रैक्टरों को सड़क किनारे खड़े हुए देखा। जिस पर एसडीएम ने वहां मौजूद लोगों से प्रपत्र दिखाने को कहा, जिस पर किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी व दो ट्रैक्टरों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान जेसीबी का चालक पहिया पंचर कर फरार हो गया। जिस कारण जेसीबी को मौके पर ही पुलिस की निगरानी में खड़ा करा दिया। दोनों ट्रैक्टरों को थाने पहुंचाया गया। लेखपालों की एक टीम ने खनन की जगह का निरीक्षण कर एसडीएम को रिपोर्ट सौंपी। वहीं खनन पट्टा धारक कन्हैया लाल का कहना है कि उसके द्वारा मोटी रकम चढ़ाने के बावजूद भी अधिकारी और पुलिस उसका शोषण कर रही है। जेसीबी व दोनों ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़े थे, खनन में शामिल नहीं थे। वहीं खनन पट्टा धारक का यह भी आरोप है कि एसडीएम के चालक को गूगल-पे के द्वारा एक हजार रुपये सुविधा शुल्क दे चुका है और मेरी जेसीबी के सभी टायर प्रशास के इशारे पर फाड़ दिये गये। अगर इस तरीके से हमारा उत्पीड़न होता रहेगा तो मैं अपना पट्टा डीएम के सामने सरेंडर कर दूंगा। वहीं दबी जुबान से कई लोगों ने बताया कि खनन करने वाले लोग अपने आपको को विधायक का दायिना हाथ बताते है। जिससे क्षेत्रीय लोग व थाने की पुलिस विरोध नहीं करती।

## पीड़ित ने दरोगा पर लगाया विपक्षियों की मदद करने का आरोप

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी विमल कुमार पुत्र स्व0 रमेश चंद्र दुबे ने थाना दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 9 अगस्त को रामसेवक यादव व पुत्र प्रदीप यादव व उसके साथी अंश से अधिक भूमि बिना किसी बंटवारे के खाई डाल रहे है। जब जानकारी हुई तो मैंने इसकी सूचना 112 डायल पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। आरोपी प्रदीप यादव व उसके सहयोगी ने कुछ घंटे बाद फिर काम शुरु कर दिया। पुत्र मधुर दुबे ने इसकी जानकारी क्षेत्रीय दरोगा विमल यादव को दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं आयी और कब्जा करने का काम जारी रहा। जिसका मुख्य कारण है कब्जेदार व दरोगा एक ही सजातीय है, इसलिए मुझे न्याय नहीं मिल रहा है।

# चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखों का सामान किया पार

- पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई पंचायत सहायक सुबह ताला खोलने आयी तो ताला टूटा पड़ा था। सूचना ग्राम प्रधान ने पहुंचकर सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घटना के संबंध में ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर दी है।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगौरा के पंचायत भवन का बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ दिया और लाखों कीमत का सरकारी सामान चोरी कर ले गये। पंचायत सहायक आकांक्षा के मुताबिक शुक्रवार 4 बजे ड्यूटी करके चली गई। रात में किसी समय अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए की


जांच पड़ताल करती पुलिस

कीमत का सरकारी सामान चोरी कर लिया। शनिवार सुबह मैं जब पंचायत भवन पहुंची तो ताला टूटा पड़ा था। इसकी सूचना प्रधान संजीव कुमार को दी। मौके पर पहुंचे प्रधान संजीव कुमार ने पंचायत भवन के अंदर जाकर देखा तो उसमें रखा एक इन्वर्टर, दो बैटरी, प्रिंटर सहित उपकरण गायब था। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे हलका इंचार्ज राहुल कुमार ने जांच की। वहीं सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। पंचायत सहायक ने बताया कि वह कैमरे तो बंद करके चली गई थी। दरोगा राहुल कुमार ने बताया कि प्रधान ने घटना के संबंध में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भोजन विज्ञान पर आधारित बजरंगी जिम का दद्दू ने किया उद्घाटन

- प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं की चिकित्सीय टीम करेगी निगरानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर बजरंगी जिम का शिक्षाविद्/समाजसेवी बाबू सिंह यादव दद्दू जी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

जानकारी के अनुसार नेकपुर कलां एक कार शोरुम के निकट नवीन कृष्णवंशी द्वारा स्थापित की गई बजरंगी जिम का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद्/समाजसेवी बाबू सिंह यादव दद्दू जी ने पहुंचकर फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिम के संचालक नवीन कृष्णवंशी ने उनका स्वागत किया और मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दद्दी जी ने कहा कि आज के समय में शरीर को फिट एवं स्वस्थ्य रखने


जिम का उद्घाटन करते दद्दू जी

के लिए जिम एक अच्छा माध्यम है। अपने समय के अनुसार लोग इसमें व्यायाम करके अपने शरीर को हिट फिट रख सकेंगे। जिम के संचालक नवीन कृष्णवंशी ने बताया कि जिले में पहली जिम है जिसमें भोजन विज्ञान के माध्यम से इसमें आने वाले लोगों को स्वस्थ्य रखा जायेगा। जिम में सभी व्यायाम भोजन विज्ञान के माध्यम से कराये जायेंगे और इसके लिए चिकित्सकों की टीम रखी गई है। जिसमें आयुर्वेद, दंत, सर्जन, फिजीशियन की टीम रखी गई है जो बिना दवा के लोगों को कैसे स्वस्थ्य कराया जाये इसका प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों के पास समय नहीं है। इसलिए वह सुबह या शाम को एक घंटा निकालकर जिम में आकर अपने शरीर को स्वस्थ्य बना सकते हैं और ऊर्जावान रह सकते हैं।

इस अवसर पर टेनिस स्पोर्ट एकेडमी के चेयरमैन वीरेंद्र सिंह चौहान, राष्ट्रीय खिलाड़ी अंकित सिंह चौहान, मोनू यादव, आशीष कुमार, रयान दीक्षित, पलक दुबे, अभिनय दीक्षित, संकल्प अकादमी के संस्थापक आलोक, तत्कालीन जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी अनुराग यादव आदि मौजूद रहे। जिम के संचालक ने बताया कि चिकित्सीय टीम में डा0 राहुल, डा0 अरविन्द गुप्ता, डा0 शुभम यादव आदि चिकित्सकों के नाम शामिल है।

# कांवड़ियों से भरी कार पानी से भरे खड्ड में गिरी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** शाहजहांपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर वापस लौट रहे कावड़ियों से भरी बुलेरो अचानक रास्ते में अनियंत्रित होकर पानी भरे खड्ड में पलट गयी। जिससे कार में चीखपुकार मच गयी। मौके पर स्थानीय लोग पहुंच गये और कार में दबे लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के कुंआखेड़ा मदनपुर निवासी 28 वर्षीय वीर बहादुर, 30 वर्षीय आदीराम, 28 वर्षीय रिंकू, 15 वर्षीय अनुज, 24 वर्षीय शेखर, 30 वर्षीय मुकेश व सूरज चन्द्रा 29 वर्ष कार में सवार होकर जनपद शाहजहांपुर के पटना कलान स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक कर करने गये थे। वापस लौटते समय थाना राजेपुर के ग्राम मोहद्दीपुर के निकट कार अचानक अनियंत्रित होकर सकड़ किनारे पानी भरे गड्ढे में पलट गयी।

कार पलटने से लोगों में चीखपुकार मच गयी। शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गये और कार में दबे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। सूचना पर थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सरोज पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि कार पानी भरे गड्ढे में गिर गयी थी, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस कप्तान के आदेश पर जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों द्वारा जानमाल की धमकी देने के मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के गांव ईसापुर निवानी मुनीसा पत्नी स्वर्गीय करीमुद्दीन उर्फ बबलू ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि 21 वर्ष पूर्व गोली मारकर पति की हत्या कर दी गई थी। इस दौरान गोली काण्ड से गांव के ही कमरुद्दीन पुत्र नासिर हुसैन की भी मृत्यु हो गई थी। मैंने अपनी पुत्री पूनम को हत्या की जानकारी नहीं दी। पीड़िता ने बताया कि अलाउद्दीन पुत्र अशफाक निवासी खालसापुर, बलवीर सिंह यादव पुत्र नवाब सिंह निवासी पेरी के भी गोली लग थी वह अभी जिंदा है। जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। वहीं आरोपी कश्मीर सिंह यादव पुत्र सूबेदार, रोहित यादव पुत्र कश्मीर सिंह यादव निवासी पेरी तथा एक अज्ञात मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। जब मैं न्यायालय में तारीख को जाती हूं तो कश्मीर सिंह यादव, रोहित यादव तथा अन्य मेरा रास्ते में पीछा करते है और जान से मारने की धमकी देते है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपीगण धमकी देते है कि हम लोगों को मुकदमे में सजा हुई तो तूझे व तेरे पुत्र को जान से मार दूंगा। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## सट्टे की खाईवाड़ी करता युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाईवाड़ी करतेएक युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 550 रुपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। कोतवाली फतेहगढ़ के उपनिरीक्षक उदय सिंह ने अपने हमराहों के साथ मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला जाफरी जाने वाले मोड़ से एक युवक को सट्टे की खाईवाड़ी करते गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से सट्टा डायरी, एक पेन व 550 रुपये की नगदी बरामद हुई। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मुसम्मी उर्फ बबलू पुत्र मो0 शमी निवासी भूसामण्डी कोतवाली फतेहगढ़ बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक का चालान कर दिया।

## पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो वांछितों को दबोचा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान वांछित तालिब पुत्र प्यारे उर्फलल्ला निवासी नखास कोतवाली फर्रुखाबाद को गिरफ्तार जेल भेज दिया। वहीं थाना कम्पिल पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दलवीर पुत्र धारा सिंह जाटव निवासी ग्राम रौकरी थाना कम्पिल को गिरफ्तार जेल भेज दिया।

## मारपीट के मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं.)।** मारपीट के मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। गांव गुठिना निवासी सीमा देवी ने अपने गांव के ही कौशल पुत्र डोरीलाल के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज व जान से मार देने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराए गए मुकदमे में पीड़िता ने दर्शाया कि 18 जुलाई को मेरे साथ आरोपित कौशल ने मारपीट की थी। जिसका समझौता गांव के कुछ लोंगो ने करा दिया था। 10 अगस्त को उपरोक्त आरोपित कौशल ने मुझे गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दी। विरोध करने पर मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच दरोगा अच्छेलाल पाल को सौंपी है।

# लायंस क्लब ने हाजी अख्तर हुसैन गर्ल्स कालेज में किया वृक्षारोपण



वृक्षारोपण करते लायनंस क्लब के सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी द्वारा'वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुआ। विभिन्न लायन साथियों ने समय पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम संयोजक लायन मुजफ्फर हुसैन रहमानी रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन पंकज अग्रवाल, सचिव रचित टंडन, कोषाध्यक्ष नीरज रस्तोगी, चार्टर अध्यक्ष राजन माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, गुरविंदर सिंह, कृष्ण मोहन रस्तोगी, संजय गर्ग, उपाध्यक्ष मुदित टंडन के अतिरिक्त पूर्व अध्यक्ष लतिका माहेश्वरी तथा कहकशा बेगम उपस्थित रहे। विभिन्न प्रकार के पौधे फल, छायादार तथा आकर्षक पेड़ लगाये गयेण्ष सभी लगाये गये वृक्षों की समुचित देखभाल के लिए स्कूल प्रबंधन ने पूर्ण आश्वस्त किया।

# थाने में शिकायत लेकर गयी पीड़िता हुई अचेत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना दिवस में शिकायत करने गयी पीड़िता गश खाकर अचेत हो गई। कुछ देर बाद होश आने पर उसने बताया कि टंट-घंट करवाने के शक में विवाद होने पर दबंगों ने उसे को मारपीट कर रंगदारी न देने पर भूत प्रेत करवा देने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। थाना क्षेत्र के गांव गगनी निवानी मुस्कान पुत्री आदेश कठेरिया ने थाना दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया एक माह पूर्व गांव के ही पड़ोसी रामकुमार ने अपने ससुर नेकराम से मेरे ऊपर भगतई करायी। जिससे मेरी तबियत खराब हो गई। बहन उपासना के साथ मैं कूड़ा डालने जा रही थी, तभी गांव का रामकुमार, उसका भाई अभिषेक, शिवम व राजेन्द्र, धर्मेन्द्र ने मुझे देखते ही गाली देना शुरु कर दिया। मना करने पर मेरे साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान रामकुमार ने कहा कि मैं अपने ससुर से तुम्हारे ऊपर भगतई नहीं करुंआगा और मुझे पैसा दे दो। तब से मुझे बरामद गालियां देता है।

# चोरों ने दीवार में नकब लगाकर लाखों का माल किया पार


चोरी की जानकारी देती पीड़ित महिला

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दीवार में नकब लगाकर चोरों ने नगदी, जेवर समेत दो लाख का माल चोरी कर लिया। सुबह जागने पर दंपति को घटना की जानकारी हुयी। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की।

क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरिया निवासी बृद्ध राजपाल चौहान प्रतिदन की भांति घर के आगे पड़े छप्पर में पत्नी जनक दुलारी के साथ सो रहे थे। दंपति के घर के पीछे खाली खेत पड़े हैं। बीती रात चोरों ने घर के पीछे दीवार में नकब लगाकर कमरे में प्रवेश कर गए। चोरों ने कमरे में रखे बक्शे का ताला खोलकर बीस हजार की नगदी, सोने के कुंडल, दो अंगूठी, बेसर, हार, पायलें व सोने की जंजीर चुरा ले गए। खटपट की आवाज सुनकर चोर मौके से फरार हो गए। शनिवार की अल सुबह भैंस को चारा डालने गयी जनक दुलारी ने घर के नकब लगा देख मामले की जानकारी हुयी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। थाना पुलिस ने घटना की जांच कर पीड़ित से जानकारी की। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी।

## 400 घर अंधेरे में डूबे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ॅनवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर में रोड किनारे लगे 25 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के मुताबिक लगभग एक माह से फुका पड़ा है। जिसकी कई बार शिकायत संबंधित एसडीओ तथा जेई को दी गई, लेकिन किसी ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। जिससे गांव में तथा सरकारी कार्यालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, विद्यालय तथा ग्रामीणों को पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है।

# मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत हुई मैराथन दौड़

- हमारे अंदर देश भावना को जागृत करते हैं ऐसे कार्यक्रम-थानाध्यक्ष

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को पंच प्रण की शपथ लेने के बाद देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी रविंद्र नाथ राय, थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सरोज, प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह, शिक्षक दिनेश चंद्र शुक्ला, विरेंद्र कुमार, वीरपाल, प्रदीप सिंह, रामानंद, देवेंद्र, कमल किशोर, ग्राम प्रधान प्रदीप गुप्ता सहित पुलिसकर्मियों ने मैराथन में प्रतिभाग किया। हाथों में तिरंगा लिए दौड़ते हुए मेरी माटी मेरा देश नमन करेंगे, नमन करेंगे के नारे लगाते रहे। मैराथन दौड़ राजेपुर बाजार से थाना होते हुए विद्यालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद ने कहा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आरंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से हमारे अंदर देश प्रेम को जागृत


मैराथन दौड़ में भाग लेते थानाध्यक्ष व प्रधानाचार्य अनिल सिंह

करते हैं और इस देश के लिए शहादत देने वाले वीरों के प्रति सम्मान पैदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने देश के सम्मान के लिए अपने दायित्व कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि राष्ट्रध्वज हमारे सम्मान का प्रतीक है। इससे हम लोगों की संवेदना जुड़ी है। हम सबको देश में एकता अखंडता और आपसी भाईचारे की भावना को बलवती बनाने में राष्ट्रीय ध्वज के महत्व बच्चों एवं युवाओं को प्रेरित करना है, ताकि बच्चों एवं युवाओं में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति आदर सम्मान एवं देश प्रेम की भावना का विकास हो। इसके साथ ही प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने को प्रेरित करने के साथ छात्राओं को अपने पड़ोसियों को भी झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

# भाजपा तीन दिवसीय चलायेगी प्रतिमा स्वच्छता कार्यक्रम


पटेल प्रतिमा की सफाई करते भाजपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में नगर पश्चिम मंडल के कार्यकर्ताओं ने पल्ला गल्ला मंडी स्थित पटेल पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया एवं सरदार जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से पूर्व पूरे जनपद में तीन दिवसीय 12, 13 और 14 अगस्त को महापुरुषों एवं शहीदों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया देश को स्वतंत्रता दिलाने में महापुरुषों एवं शहीदों का बहुत बड़ा योगदान है। महापुरुषों और शहीदों से प्रेरणा लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है।

मंडल अध्यक्ष विकास पांडे ने कहा आजादी के बाद मोदी सरकार ने महापुरुषों की स्मरण करने का कार्य किया है। केंद्र की सरकार महापुरुषों और शहीदों से प्रेरणा लेकर भारत को विश्व गुरु बनाने की ओर बढ़ रही है। इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, अभिषेक बाथम, शिवांग रस्तोगी, संजीव गुप्ता, वीर बहादुर पाल, जावेद राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम की निगरानी में खान कालोनी की करायी गई पैमाइश

- जिलाधिकारी के आदेश पर की गयी कार्यवाही, लोगों ने जताया विरोध


पैमाइश करते राजस्व कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरकारी भूमि पर अवैध रुप से कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत के मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम सदर की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश करायी गई।

इस दौरान सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से जिन्होंने कब्जा कर रखा है वह अपने स्तर से हटा लें, नहीं तो प्रशासन अपने स्तर से हटवायेगा तो हर्जा-खर्चा भी देना पड़ेगा। फतेहगढ़ के सिविल लाइन मड़ैया निवासी सुधीर दिवाकर ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कुछ माह पूर्व की थी। जिसमें दर्शाया था कि सिविल लाइन मड़ैया स्थित खालिद उर्फ रज्जू ने जालसाजी कर सरकारी भूमि की बिक्री कर खान कालोनी के नाम से विकसित कर दी। जिस भूमि पर लोगों ने मकान बनाये है वह नगर पालिका की भूमि है। डीएम के आदेश पर इससे पूर्व दो बार पैमाइश हुई, लेकिन नगर पालिका कर्मी खानापूर्ति करके चले आये। शिकायतकर्ता ने फिर निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर शनिवार को एसडीएम सदर संजय कुमार की अगुवाई में सदर तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, नायब तहसीलदार हर्षित सिंह, सीओ सिटी प्रदीप कुमार फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी सचिन सिंह, हल्का इंचार्ज उदय सिंह मौजूद रहे। राजस्व कर्मी व नगर पालिका कर्मचारियों ने चिन्हांकन भूमि की पैमाइश की। कई घंटे चली पैमाइश के बाद अवैध रुप से भूमि पर काबिज लोगों को चेतावनी दी कि समय रहते वह स्वयं हटा लें। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। नगर पालिका से हटवाने पर उसका हर्जा-खर्चा कब्जेदार से वसूला जायेगा।